रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 21 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-268 मूल्य 3.00 ₹


# मजदूरों से भरी पिकअप खाई में गिरी, 19 की मौत

## ब्रेक फैल, बंजारी घाट बाहपानी के मोड़ के पास 30 फीट गहरी खाई में गिरी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





कबीरधाम जिले में मजदूरों से भरी पिकअप खाई में गिरने से 19 लोगों की मौत हो गई है। घटना में 18 महिला और 1 पुरुष शामिल है। मिली जानकारी अनुसार तीन गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे है। हादसा कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी के पास हुआ है। सभी ग्राम सेमहारा के रहने वाले थे, जो तेंदूपत्ता तोड़कर पिकअप वाहन से वापस आ रहे थे। कहा जा रहा है ब्रेक फैल होने से पिकअप वाहन बंजारी घाट बाहपानी के मोड़ के पास 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। हालाकि वाहन चालक सकुशल बताया जा रहा है। वही पुलिस द्वारा ड्राइवर से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार मौके पर ही 15 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोगों ने कुकदूर के सरकारी अस्पताल में उपचार दौरान दम तोड़ दिया। पिकअप में 36 लोग सवार थे। ये सभी लोग जंगल गए थे और तेंदूपत्ता तोड़कर वापस आ रहे थे। तभी मोड़ के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नीचे खाई में जा गिरा। घटना तकरीबन दो बजे दोपहर की बताई जा रही। हालाकि इसके पहले भी इस तहर की घटनाएं राज्य में होती रही है, लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा कड़ एक्शन न लेने के कारण घटनाओं में अंकुश नहीं लग पा रहा है। वही मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए 5 लाख रूपए तथा घायलों के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

### हादसे पर सीएम-डिप्टी सीएम ने जताया शोक



**रायपुर।** पिकअप पलटने से हुई दुर्घटना में कई ग्रामीणों की मृत्यु पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव ने शोक व्यक्त किया है। साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट करते हुए कहा, कबीरधाम जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास पिकअप पलटने से ग्रामीणों के निधन एवं घायल होने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। डिप्टी मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कवर्धा में मजदूरों से भरी पिकअप वाहन पलटने से 17 लोगों की मौत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस दुर्घटना में अपनों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, कवर्धा जिले से अत्यंत पीड़ादायक दुर्घटना की जानकारी मिली है।

### सड़क दुर्घटना पर शोक जताया मोदी ने

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क दुर्घटना में हताहत लोगों और उनके परिजनों के प्रति दुख और संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की कामना की है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस हादसे पर शोक प्रकट करते हुये हुआ कहा, छत्तीसगढ़ के कवर्धा में सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनायें। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटे हैं। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले कुकदूर थाना क्षेत्र के सोमवार को पिकअप वाहन पलटने से 18 आदिवासी श्रमिकों की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये। दुर्घटना में हताहत लोग आदिवासी समुदाय के श्रमिक बताये गये हैं, जो तेंदूपत्ता तोड़ कर जंगल से उसी वाहन से लौट रहे थे। पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया।

## क्विक न्यूज

### अनिल टुटेजा 3 जून तक जेल में रहेंगे, त्रिपाठी की जमानत याचिका ख़ारिज

**रायपुर।** शराब घोटाला केस में सोमवार को जेल में बंद पूर्व रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा को रायपुर के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां 14 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद कोर्ट ने एक बार फिर टुटेजा की न्यायिक रिमांड 14 दिन बढ़ा दी है। अब वे 3 जून तक जेल में रहेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ उत्पाद विभाग के पूर्व विशेष सचिव अरुण पति त्रिपाठी की जमानत याचिका भी कोर्ट ने ख़ारिज कर दी है। ईडी ने शराब घोटाले मामले को लेकर पूछताछ की थी और एजेंसी का कहना है कि, हमें बहुत सारे सबूत मिले है। इसके साथ ही टुटेजा से पूछताछ के दौरान बहुत सारे लोगों के नाम सामने भी आए हैं।

### भारत में आज राजकीय शोक की घोषणा

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैय्यद इब्राहिम रईसी और देश के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का कल रात एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन होने पर मंगलवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विज्ञप्ति में कहा गया, इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैय्यद इब्राहिम रईसी और ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया है।

### केजरीवाल की जान को खतरा : संजय सिंह



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर खुलेआम धमकी दी जा रही है। 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि जब से केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, तब से लगातार उन पर हमले का प्रयास हो रहा है। यहां तक की केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चतम न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठा दिया। ये इतने बौखलाए हुए हैं कि अब केजरीवाल को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने के लिए तैयार हैं। ये ऐसे हमला करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें उनकी जान भी जा सकती है।

## ऋचा शर्मा को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस छत्तीसगढ़ लौटीं आईएएस ऋचा शर्मा को अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। ऋचा शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में कार्य कर चुकी हैं। ऋचा शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से मनोज कुमार पिंगुआ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

## ईपीएफओ ने मार्च में 14.41 लाख अंशधारक जोड़े

**नयी दिल्ली।** ईपीएफओ ने मार्च 2024 में कुल 14.41 लाख अंशधारक जोड़े हैं, जिनमें से 7.47 लाख नये सदस्य हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि मार्च, 2024 के दौरान लगभग 7.47 लाख नए सदस्यों को नामांकित किया गया है। संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं और मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। लिंगवार विश्लेषण से पता चलता है कि 7.47 लाख नए सदस्यों में से लगभग दो लाख नई महिला सदस्य हैं। इसके अलावा, महीने के दौरान महिला सदस्यों की संख्या लगभग 2.90 लाख रही। आलोच्य अवधि में निर्माण, विपणन सेवा, कंप्यूटर के उपयोग, रेस्तरां, चार्टर्ड या पंजीकृत प्रतिष्ठान, लेखाकार, मछली प्रसंस्करण और गैर-शाकाहारी खाद्य संरक्षण, बीड़ी बनाना आदि में वृद्धि हुई।

## संविधान बचाने की मुहिम में सभी को आहुति देनी होगीः योगेन्द्र

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



समाजशास्त्री योगेन्द्र यादव ने कहा है कि संविधान बचाने की मुहिम में सभी देशवासियों को आहुति देनी होगी, तभी देश बचेगा। यादव ने सोमवार को यहां सामाजिक संगठनों के संयुक्त मोर्चा के संविधान की रक्षा के लिये आयोजित प्रबुद्ध समाज की बैठक में यह बात कही। इस बैठक में संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाते हुये सभी को भारत के संविधान की प्रति भेंट की गयी। संयुक्त मोर्चा के मुख्य संयोजक हरनाम सिंह ने कहा कि दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सैकड़ों बैठक कर संविधान और लोकतंत्र विरोधी सरकार को बदलने की मुहिम चलायी गयी है, जिसका परिणाम है कि आज हजारों की संख्या में लोगों ने इस महासम्मेलन को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि संविधान में भारत की आत्मा बसती है और देश के उपेक्षित वर्ग को मिले संवैधानिक अधिकारों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जायेगा। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे।

## लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में 56.68 प्रतिशत मतदान

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों पर शाम पांच बजे तक मतदान औसतन 56.68 प्रतिशत रहा। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। चुनाव आयोग ने बताया कि ओडिशा विधान सभा के दूसरे चरण के मतदान में बाकी 35 सीटों पर शाम पांच बजे तक 60.54 प्रतिशत वोट डाले गये थे।

इस चरण में सबसे अधिक मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ है, जहां शाम पांच बजे तक सर्वाधिक 73.00 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले थे। महाराष्ट्र में सबसे कम 48.66 प्रतिशत मत पड़े थे। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मतदान कुल मिलाकर शांति पूर्ण चल रहा है। पांचवें चरण में विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदान प्रतिशत अपराह्न तीन बजे तक इस प्रकार रहा।

| राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| बिहार | 52.35 |
| जम्मू-कश्मीर | 54.21 |
| झारखंड | 61.90 |
| लद्दाख | 67.15 |
| महाराष्ट्र | 48.66 |
| ओडिशा | 60.55 |
| उत्तर प्रदेश | 55.80 |
| पश्चिम बंगाल | 73.00 |

## नेपाली प्रधानमंत्री ने चौथी बार विश्वास मत जीता

एजेंसी < काठमांडू
www.dailypioneer.com



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने दिसंबर 2022 में दोबारा प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद सोमवार को चौथी बार प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत लिया। दहल ने विपक्षी नेपाली कांग्रेस के विरोध के बीच विश्वास मत हासिल किया। नेपाली कांग्रेस सहकारी समितियों में जमा राशि के गबन में कथित संलिप्तता के लिए उप प्रधान मंत्री और गृह मामलों के मंत्री रबी लामिछाने के खिलाफ जांच समिति की मांग कर रही है। निचले सदन के स्पीकर देव राज घिमिरे ने कहा कि विश्वास मत में 158 सांसदों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 157 ने विश्वास मत के लिए मतदान किया, जो सदन में कुल मौजूदा विधायकों का बहुमत है। नेपाल के 275 सदस्यीय सदन में विश्वास मत जीतने के लिए 138 सांसदों का समर्थन पर्याप्त है।

### 'कोवैक्सिन' पर अध्ययन का आईसीएमआर ने किया खंडन

**नयी दिल्ली।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने भारतीय कोविड वैक्सीन 'कोवैक्सिन' पर बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के एक अध्ययन का खंडन करते हुए इस पर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कोवैक्सिन वैक्सीन पर अध्ययन करने वाले विश्वविद्यालय के संस्थानों और प्रकाशित करने वाली न्यूजीलैंड की पत्रिका को अलग-अलग पत्र भेजा है और इस अध्ययन से आईसीएमआर का नाम हटाने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि इस अध्ययन की प्रक्रिया अवैज्ञानिक है और यह पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

## हमारे घोषणा पत्र को लेकर झूठ फैला रहे हैं मोदी : कांग्रेस

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार चरणों के चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखला गए हैं और पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर लगातार झूठ बोल रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी को दिल्ली की जनता से कोई लेना देना नहीं है। दिल्ली के आम लोगों के साथ 10 साल से अन्याय हो रहा है और कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने के बाद यहां के लोगों के साथ हो रहे अन्याय को खत्म करेगी। मोदी पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, ÷देश का राजा अगर झूठ बोल रहा है, तो वह वर्तमान के साथ आने वाले पीढ़ियों का भी नुकसान कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार हमारे मेनिफेस्टो के बारे में झूठ फैला रहे हैं। आपको विपक्ष की निंदा करनी है तो कीजिए लेकिन अपना लेखा-जोखा भी दीजिए। मोदी को अपना रिपोर्ट कार्ड देश के सामने रखना ही चाहिए, लेकिन आपके पास जवाब नहीं है और आपने देश के 10 साल व्यर्थ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी होने के कारण दिल्ली के मुद्दे राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। अगर दिल्ली में श्रमिकों की स्थिति दयनीय है, तो ये पूरे देश का प्रतिबिंब है। हमारे नेता राहुल गांधी 'न्याय' शब्द का उपयोग करते हैं। यह मात्र एक शब्द नहीं बल्कि हमारे संविधान और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने कहा, राहुल 'भारत जोड़ो यात्रा' कर दिल्ली पहुंचे और यहां के लोगों से बातचीत की तथा हमारा घोषणा पत्र उसी का परिणाम है। मोदी सरकार ने बदले की भावना के कारण दिल्ली की बनी-बनाई व्यवस्था को बर्बाद करने की कोशिश की। है।

### बीजद ने केवल कोयला माफिया, रेत माफिया और खनन माफिया को बढ़ावा दिया

## बीजद सरकार ने ओडिशा को बर्बाद किया : मोदी

वार्ता < कटक
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजू जनता दल सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि माफिया राज और भ्रष्टाचार ने प्रदेश को बर्बाद कर दिया। मोदी ने ओडिशा में अपने तीसरे दौर के चुनाव प्रचार के दौरान कटक के प्रसिद्ध बाली यात्रा मैदान में विजय संकल्प समावेश को संबोधित करते हुए कहा कि अपने 25 साल के शासन के दौरान बीजद ने केवल कोयला माफिया, रेत माफिया और खनन माफिया को बढ़ावा दिया है, जिससे राज्य की बर्बादी हुई है। उन्होंने लोगों से राज्य के विकास के लिए धीमी गति से चलने वाली बीजद सरकार को त्यागने और भारतीय जनता पार्टी की तेज गति वाली डबल इंजन सरकार को चुनने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बीजद सरकार पर चिटफंड घोटाले के जरिए प्रदेश के गरीब लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया, जहां चिटफंड कंपनियों ने निवेशकों से करोड़ों रुपये लूटे। उन्होंने कहा कि बीजद के मंत्रियों और विधायकों के लगातार भ्रष्टाचार में लगे रहने के कारण लोगों में आक्रोश है। मोदी ने दावा किया कि जब से भाजपा सरकार केंद्र में सत्ता में आई है, उसने ओडिशा को कांग्रेस शासन के दौरान मिलने वाली धनराशि से तीन गुना अधिक धनराशि प्रदान की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने खनन कर के अपने हिस्से के रूप में 50,000 करोड़ रुपये दिये हैं, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान यह 5,000 करोड़ रुपये था। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने खनन क्षेत्रों में गरीबों के लिए विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए जिला खनिज निधि से 26,000 करोड़ रुपये प्रदान किए। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भ्रष्ट बीजद सरकार ने इन फंडों को लूट लिया और परियोजनाओं को आगे बढ़ने से रोका। मोदी ने जोर दिया केंद्र सरकार ने विभिन्न सड़क और रेलवे परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण धन मुहैया कराया, लेकिन बीजद सरकार ने इन परियोजनाओं में तब तक देरी की जब तक उन्हें 'कट' या कमीशन नहीं मिल गया। उन्होंने बीजद सरकार पर करीबी सहयोगियों को नौकरी के ठेके देने और पैसे का गबन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य सेवा और सड़क समेत हर क्षेत्र में विकास की कमी है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि एक माफिया ने प्रतिस्पर्धा को दबाते हुए ओडिशा के लगभग सभी क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो वह माफिया को खत्म कर देगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कटक के नदियों से घिरा होने के बावजूद यहां पीने के पानी की कमी है और लोग जलभराव से पीड़ित है। मोदी ने दोहराया कि 10 जून को भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ लेने और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के गठन के साथ ओडिशा एक नया इतिहास लिखेगा। उन्होंने लोगों से लूटपाट रोकने के लिए ओडिशा और केंद्र में मजबूत सरकार स्थापित करने के लिए राज्य विधानसभा और लोकसभा दोनों के लिए भाजपा उम्मीदवारों को वोट देने का आग्रह किया।

## खडगे पर अशोभनीय टिप्पणी के आरोपी पर होगी कार्रवाई : वेणुगोपाल

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए पार्टी ने प्रदेश प्रभारी से रिपोर्ट मांगी है ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। पार्टी ने इन घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से लिया है और पश्चिम बंगाल के प्रभारी महासचिव को अनुशासनहीनता के इन कृत्यों को लेकर तुरंत रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। कांग्रेस महासचिव-संगठन केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा, ÷हमारे संज्ञान में आया है कि पश्चिम बंगाल में पार्टी के कुछ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर माननीय कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफकुछ अशोभनीय टिप्पणियाँ की हैं। कुछ उपद्रवियों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे होर्डिंग को भी तोड़ने की घटना को अंजाम दिया है। इससे पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसी गंभीर पार्टी विरोधी गतिविधियों को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं और सार्वजनिक तौर पर अवज्ञा तथा अनुशासनहीनता के इस तरह के विरोध प्रदर्शनों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अग्निवीर केवल सैनिक हीं नहीं, देश की संप्रभुता के रक्षक भी हैं : जनरल चौहान

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना को निरस्त करने की घोषणा के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि अग्निवीर सिर्फसैनिक नहीं हैं, बल्कि नेतृत्व करने वाले, नवप्रवर्तक और देश की संप्रभुता के रक्षक भी हैं। जनरल चौहान ने कर्नाटक के बेलगावी में मराठा रेजिमेंटल सेंटर और एयरमैन ट्रेनिंग स्कूल, बेलगावी में प्रशिक्षण ले रहे अग्निवीरों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सैन्य सेवा के उद्देश्य और सैन्य ढांचे में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अग्निवीरों का राष्ट्र के प्रति उनके असाधारण कर्तव्य का प्रमाण है। जनरल चौहान ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों की चुनौतियां तथा कठिनाईयां बडी हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनौतियों के बावजूद, अग्निवीरों को उनकी यात्रा बेहद फायदेमंद लगेगी तथा उनका हर कदम, उनके जीवन को आगे बढायेगा। इससे उनमें राष्ट्र की सेवा की गौरवशाली भावना गहरी होगी। लड़ाईयों के बदलते परिदृश्य का उल्लेख करते हुए उन्होंने साइबर युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और असममित खतरों को शामिल करने के लिए भविष्य के संघर्षों की जटिलता और अप्रत्याशितता पर प्रकाश डाला और कहा कि ये अब युद्ध के मैदान का एक अभिन्न अंग हैं। सीडीएस ने वायुसेना के अग्निवीरवायु प्रशिक्षण के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए प्रशिक्षण संस्थान का दौरा किया। उन्होंने 2022 में रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए संशोधित प्रेरण पैटर्न के अनुसार प्रशिक्षण ले रहे अग्निवीरवायु प्रशिक्षुओं के तीसरे बैच के साथ बातचीत की।

# किर्गिस्तान में फंसे राजस्थानी छात्रों की सकुशल वापसी के लिए सरकार प्रयासरत: भजनलाल

वार्ता ✓ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि किर्गिस्तान में फंसे राजस्थानी छात्रों की सुरक्षा एवं सकुशल वापसी के लिए हमारी सरकार हर स्तर पर निरंतर प्रयासरत हैं। शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि किर्गिस्तान में फंसे राजस्थानी छात्रों की सकुशल स्वदेश वापसी की दिशा में उच्चायोग के अधिकारियों के साथ सभी छात्रों की सुरक्षा के विषय में मुख्यमंत्री कार्यालय के उच्च अधिकारी निरंतर संपर्क में है। सभी छात्रों के सुरक्षित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र की सुरक्षा एवं सकुशल वापसी के लिए हमारी सरकार हर स्तर पर निरंतर प्रयासरत हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए किर्गिस्तान उच्चायोग द्वारा एक हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में दोषियों को फ ांसी की सजा का निर्णय स्वागतयोग्य-भजनलाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने न्यायालय द्वारा कोटड़ी में नाबालिग के साथ गैंगरेप एवं हत्या के मामले में दोषियों को मृत्युदंड की सजा का निर्णय स्वागतयोग्य बताया है। इस मामले में सोमवार को फैसला आने के बाद शर्मा ने इसे स्वागतयोग्य बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार के यशस्वी कार्यकाल में प्रदेश में बालिकाओं के साथ अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति है। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान में अपराध और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और अगर किसी ने अपराध करने का दुस्साहस भी किया तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।



# यादव ने ओम बिड़ला और अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

**नईदिल्ली।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। डॉ यादव ने बिड़ला के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इन दौरान दोनों नेताओं के बीच विविध विषयों पर चर्चा हुयी। इसी तरह मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री वैष्णव से भी सौजन्य भेंट की।

## मोदी ने विश्व में बढ़ाया भारत का मान: पाठक

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत का मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। पाठक धनघटा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरी में संतकबीरनगर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को कैबिनेट मंत्री व सुभाष प्रमुख ओमप्रकाश राजभर तथा कैबिनेट मंत्री व निषाद पार्टी के सुप्रीमो संजय निषाद ने भी संबोधित किया। उन्होने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया। सरकार की योजना प्रदेश के 75 जनपदों में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की है जिसको अमली जामा पहनाते हुए 65 जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्य या तो पूरा हो चुका है या चल रहा है। पाठक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी मौजूदा सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। आज सरकारी विद्यालयों में विगत सरकारों की अपेक्षा काफी अधिक संख्या में बच्चे उचित संसाधन के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

# संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हराना है: अखिलेश

एजेंसी ✓ बस्ती/सिद्धार्थनगर
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए सभी लोगों को मिल कर भारतीय जनता पार्टी को हराना होगा। बस्ती के राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में गठबंधन प्रत्याशी राम प्रसाद चौधरी के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन को पूरे देश में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। ये चुनाव संविधान बचाने का है। संविधान बचाने के लिए हर वर्ग के लोग इण्डिया गठबन्धन से जुड़ रहे है। भाजपा हताश और निराश हो गयी है, इसलिए विभिन्न प्रकार के जुमलेबाजी कर रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सभी सीटें हारने जा रही है। भाजपा हटेगी तभी संविधान बचेगा और देश तथा प्रदेश के लोगों को रोजगार मिल पायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जान-बूझकर पेपर को इसलिए लीक करा दिया जिससे यहां के नौजवान बेरोजगार रहे लेकिन अब यहां के नौजवान पेपर लीक कराने वाले लोगों को लीक करने जा रहे है। इण्डिया गठबन्धन ने तय किया है कि गरीब परिवार की महिलाओं को हम एक लाख रूपये प्रतिवर्ष उनके खाते में भेजेंगे जिस तरीके से भाजपा ने शिक्षामित्रों, नौजवानों, बेरोजगारों के ऊपर अन्याय किये है इनके लिए इण्डिया गठबन्धन अलग से बजट बनाकर इनके लिए बेहतर कार्य करेंगी और शिक्षामित्रों को शिक्षक भी बनायेगी। पौष्टिक आटा के साथ-साथ डाटा भी फ्री मिलेगा। यादव ने कहा पूरे प्रदेश में भाजपा चुनाव हार रही है। मैंने कई चरणों का चुनाव देखा है पहले चरण से सपा-कांग्रेस गठबन्धन लगातार चुनाव प्रचार में जुटी हुई है ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है कि जनता का गुस्सा भाजपा के खिलाफ बढ़ता जा रहा है ये लोग बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहते है लेकिन जनता ने इन्हें बदलने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारी सरकार किसानों की हितैषी है तभी ये लोग किसानों के लिए काला कानून लाने जा रहे थे।

## खनन क्षेत्र में करीब पांच लाख छायादार-फलदार पौधे लगायेंगे जायेंगे



**जयपुर।** राजस्थान में खान विभाग द्वारा इस वर्ष मानसून के दौरान खनन क्षेत्रों एवं विभागीय कार्यालयों में पांच लाख से अधिक पौधे लगाये जायेंगे। खान विभाग की सचिव आनन्दी द्वारा सोमवार को विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में इस संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में खान धारकों की भूमिका एवं सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मेजर एवं माइनर मिनरल की छोटी बड़ी 30 हजार से अधिक माइंस हैं। विभागीय अधिकारी खान धारकों से समन्वय बनाते हुये पौधारोपण करवायेंगे ताकि वृहद स्तर पर पौधारोपण हो सके। उन्होंने बताया कि खाली स्थानों को चिह्नित कर कलस्टर बनाकर भी पौधारोपण किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि पौधारोपण के साथ ही मानसून सीजन के दौरान लगाये जाने वाले पौधों एवं वृक्षों के रखरखाव और सार संभार की जिम्मेदारी भी दी जाएं ताकि माइंस विभाग का वृक्षारोपण अभियान अपने उद्देश्यों में पूरा हो सके। आनंदी ने बताया कि छायादार-फलदार वृक्षों में नीम, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन आदि वृक्षों को लगाया जायेगा।

# फर्रुखाबाद में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी पिता समेत पांच को उम्रकैद

एजेंसी ✓ फर्रुखाबाद
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले की एक अदालत ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लेखपाल पिता समेत पांच को उम्रकैद की सजा सुनायी है जबकि पीड़िता की दादी को आठ वर्ष का कारावास की सजा से दंडित किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट राकेश कुमार सिंह ने यह सजा सुनायी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के निवासिनी नाबालिग पीड़िता की मां प्रीती सिंह ने फतेहगढ़ कोतवाली में 20 जनवरी 2020 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पति प्रवेश सिंह तोमर एवं उसके दोस्तों ने नाबालिग बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 376, 313, 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया। विवेचना में नाबालिग पीड़िता के पिता लेखपाल प्रवेश सिह तोमर, मनोज शाक्य, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी, विमल कुमार, विष्णु शरण रस्तोगी सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी पाए गए और दादी राधा देवी सहयोग की आरोपी पायी गयी। अपर जिला एव सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट ने आरोप पत्र एवं साक्ष्य दाखिल होने के वाद दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रवेश सिंह तोमर, मनोज शाक्य, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी, विमल कुमार तथा विष्णु शरण रस्तोगी को, धारा 313, 323 504, 506 भादंस व लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत प्रत्येक को आजीवन एवं दादी राधा देवी को 8 वर्ष के कारावास की सजा से दंडित किया। अदालत ने प्रवेश सिह तोमर को आजीवन कारावास के साथ ही 50 हजार रुपये के जुर्माना,एवं अन्य दोष सिद्ध मनोज शाक्य, विमल कुमार, विष्णु शरण रस्तोगी, सोनू तिवारी उर्फ रत्नेश तिवारी सभी को आजीवन कारावास की सजा तथा एक - एक लाख रुपए जुर्माने से दंडितकिया गया और जुर्माना न अदा करने पर सभी को अतिरिक्त कारावास की अलग-अलग सजाये भी दी गई।

# चार आदर्श बूथों पर व्यवस्थाओं ने किया मतदाताओं को मंत्रमुग्ध

एजेंसी ✓ झांसी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में झांसी लोकसभा सीट पर झांसी महानगर में 1586 पोलिंग बूथों में बनाये गये चार आर्दश बूथों ने मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांसी महानगर में चार बूथों जीआई, हाफिज सिद्दीकी, बीकेडी कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज को आर्दश बूथ के रूप में सजाने और संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वीप अभियान की स्वीप की सदस्य डॉ नीति शास्त्री ने यूनीवार्ता के साथ खास बातचीत में बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत झांसी जिला प्रशासन द्वारा अधिकतम मतदान कराये जाने के लिए मतदान केंद्रों में से चार आर्दश बूथों का निर्माण कराया गया है। चार मॉडल बूथों को पहली बार इतने सुंदर, व्यवस्थित, विषय प्रधान सेल्फी पॉइन्ट के रूप में सजाया गया है। जीआईसी बूथ को झांसी दुर्ग के रूप में सजा धजा कर तैयार किया गया है। इस बूथ पर आने वाले मतदाताओं को ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे वह झांसी के किले में मतदान करने जा रहे हैं। हाफिज सिद्दीकी स्कूल में बनाये गये मतदाता बूथ को बुंदेली कला एवं संस्कृति के रंगों से सजाया गया है द्वार से लेकर निकासी तक। इसी प्रकार से बुंदेलखंड महाविद्यालय (बीकेडी) में बनाये गये बूथ को योग बूथ (सूर्य नमस्कार) के रूप में तैयार किया गया है। यहां आने वाले मतदाओं के स्वागत में बुंदेली स्टाइल की साज सज्जा की गयी है। चितेरी के रंग कला के माध्यम से उकेरे गये । आर्य कन्या इंटर कॉलेज में बनाये गये बूथ को वीरांगना बूथ तैयार किया गया है जहां रानी झांसी, झलकारी बाई से लेकर मेरीकॉम, शैली सिंह और ऋतु अहिरवार जैसे सशक्त महिलाओं का चित्रण कर वीरांगना बूथ की संज्ञा दी गयी है। उन्होंने बताया कि यह पहली बार है जब मतदाताओं के लिए इन सुकून देने वाले और आरामदायक मतदान केंद्रों को तैयार किया गया। इन केंद्रों में मतदाताओं के बैठने तथा जलपान की भी व्यवस्था की गयी है। यह सब मात्र इसलिए कि लोग मतदान को लेकर अपनी जिम्मेदारी को समझे और जागरूक मतदाता के रूप में हर परिस्थिति में घर से बाहर आकर लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनें।

## अमृतसर में तीन गैंगस्टर गिरफ्तार



**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने विदेश से कार्यरत गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी जट्ट गिरोह के तीन सहयोगियों को तीन पिस्तौल, चार मैगजीन और 35 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी से गैंगवार और अन्य जघन्य अपराधों की बड़ी घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी।

## युवक की हत्या के आरोप में प्रेमिका गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में पुलिस ने दो दिन पहले एक युवक की हत्या के आरोप में उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विक्की की लाश 18 मई को टिकरी गाँव में मिली थी। पुलिस ने विक्की के भाई की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान नीतू उर्फ निशा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार विक्की और निशा छह साल से रिलेशनशिप में थे। आरोप है कि विक्की नीतू की ज़िंदगी में दखलंदाज़ी करने लगा था, जिससे नीतू ने अपने भाई के साथ मिलकर विक्की की 17 मई की शाम तवे से सिर और गर्दन पर वार कर हत्या कर दी।

## प्राची के सभी विषयों में सौ प्रतिशत अंक

**अलवर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में राज्य के तिजारा जिले की प्राची सोनी ने सभी विषयों में सौ प्रतिशत अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। तिजारा जिले के खैरथल कस्बे के निकटवर्ती इकरोटिया की प्राची सोनी ने कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में सभी विषयों में 100 फ़ीसदी अंक पाये हैं। प्राची निजी विद्यालय में अध्यनरत है। प्राची ने इस सफलता के लिये स्कूल के अध्यापकों और परिजनों को श्रेय दिया है। प्राची ने बताया कि वह रोजाना करीब 10 घंटे अध्ययन करती थी, हालांकि उसने यह भी कहा कि उसे इतने अंक आने की उम्मीद नहीं थी। बोर्ड ने इस बार प्रावीण्य सूची जारी नहीं की है।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, 14 बाइक बरामद

एजेंसी ✓ रूद्रपुर/नैनीताल
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड की ऊधमसिंह नगर पुलिस ने अंतरराज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 मोटर साइकिल भी बरामद की गयी है। ऊधम सिंह नगर के पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डा. मंजूनाथ टीएस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रूद्रपुर, ट्रांजिट कैम्प, पंतनगर, किच्छा और गदरपुर से मोटर साइकिल चोरी की लगातार कई घटनायें प्रकाश में आयी थीं। चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिये रूद्रपुर कोतवाल नवीन बुधानी की अगुवाई में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और कुछ संदिग्धों के बारे में जानकारी हाथ लगी। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल तीन आरोपियों को प्रीति विहार के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से फर्जी नंबर लगी दो मोटर साइकिल भी बरामद हुई। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की गयी तो उनके कब्जे से चोरी की 12 मोटर साइकिल भी बरामद हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उप्र और उत्तराखंड के तराई को निशाना बनाते हैं। उनका जाल बरेली, रामपुर और ऊधम सिंह नगर में फैला है। उन्होंने बरामद मोटर साइकिल पर रूद्रपुर, ट्रांजिट कैम्प, पंतनगर, किच्छा, गदरपुर, बरेली और रामपुर से हाथ साफ किया है। पुलिस से बचने के लिये शातिर गिरोह तत्काल मोटर साइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगा देते थे। साथ ही औने-पौने दामों में बेच देते थे। आरोपियों ने बताया कि वह भीड़भाड़ एवं साप्ताहिक बाजारों को निशाना बनाते थे। गिरोह के सदस्य पहले रैकी करते थे और उसके बाद दोपहिया वाहन पर हाथ साफ कर लेते थे। बरामद मोटर साइकिल को उन्होंने करतारपुर रोड पर झाड़ियों में छिपा कर रखा था। वह उन्हें बेचने की योजना बना रहे थे। आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी के मामले में चार मुकदमे दर्ज हैं।

# राहुल को शहीदजादा कहते मोदी, तो ठीक होता: पांडे

एजेंसी ✓ बलिया
www.dailypioneer.com



कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को प्रधानमंत्री शहजादा की बजाय शहीदजादा कह कर संबोधित करते तो मुनासिब होता। उन्होंने दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी देश के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है और देश की जनता भारत के संविधान में बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी, हम सब आखरी दम तक संविधान की रक्षा करेंगे। बलिया लोकसभा से सपा प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी शहजादा नहीं बल्कि शहीदजादा हैं। उन्होंने कहा जिस व्यक्ति के पिता के शरीर को बम से उड़कर इस देश की एकता अखंडता के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए तथा उनकी दादी (इन्दिरा गांधी) के सीने पर 36 गोलियां मारकर उन्हें शहीद कर दिया गया। महात्मा गांधी ने अपने शरीर पर गोलियां खाई, गांधी की विचारधारा को कायम रखते हुए राहुल गांधी चल रहे हैं। वो आज भी अपने प्राणों की परवाह न करते हुए अपने पिता व दादी की शहादत देकर तथा अपनी भी शहादत अगर देश के लिए देनी पड़े तो उसकी भी तैयारियां से आज वो निकले हुये हैं। बेहतर होगा कि मोदी जी शहीदों का सम्मान करना सीखें और राहुल गांधी को सम्मान के साथ शहीदजादा कहें। उन्होंने कहा कि संविधान ने इस देश के गरीबों को, पिछड़ों को, आदिवासियों को, दलितों को, अल्पसंख्यकों को समाज के हर वर्ग को जो स्वतंत्रता दी, आजादी दी, सुरक्षा दी, उसे बदलने की इजाजत इस देश की जनता कतई नहीं देगी। यह संविधान लाखों लोगों की कुर्बानियां, शहादत के बाद डा भीम राव अंबेडकर के नेतृत्व में बनी है। उस संविधान की रक्षा आखिरी दम तक हम सब करेंगे। पांडे ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी देश में मातृ शक्ति की आवाज बुलंद कर रही हैं।

## नमूने अमानक मिलने पर 10 दवाओं की आपूर्ति पर प्रतिबंध

**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने विभिन्न 10 दवाओं के नमूने अमानक पाये जाने पर 08 कम्पनियों को इनकी आपूर्ति के लिये प्रतिबंधित किया है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि मे अग्रोन रेमेडीज को कफसिरप एवं क्लोरमफेनिकल आई ड्रॉप 0.5 प्रतिशत, मे. अलायन्स बायोटेक को हाइड्रोकोर्टीसोन सोडियम इंजेक्शन, मे. एएनजी लाइफसाइंसेज को आर्टसुनेट इंजेक्शन, मे लिनस लाइफकेयर को डोरजोलामाइड आई ड्रॉप 2 दो प्रतिशत, मे. मैक्सवेल लाइफसाइंसेज को सालब्यूटामॉल सिरप के नमूने अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिये निश्चित अवधि के लिये प्रतिबंधित किया है। गिरि ने बताया कि मे मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को डोमपेरिडोन सस्पेंशन, मे. सॅमकेम को आयरन एंड फोलिक ऐसिड सिरप एवं लिक्विड पैराफिन तथा मे. स्कॉट एडिल को इट्राकोनाजोल कैप्सूल के नमूने अमानक पाये जाने पर दवाओं की आपूर्ति के लिये प्रतिबंधित किया गया है।

## दुबई के साथ हुये समझौते तहत अटारी बार्डर के रास्ते व्यापार बढ़ेगा: संधू समुंद्री

**अमृतसर।** अमृतसर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तरनजीत सिंह संधू समुंदरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई के साथ एक व्यापारिक समझौता किया है, जिसके तहत आने वाले समय में अटारी सीमा के रास्ते दुबई को निर्यात कर सकते हैं। अटारी के गांव गुरु वाली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुये तरनजीत सिंह संधू समुंद्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई के साथ एक व्यापारिक समझौता किया है।

# दागदार नहीं देश चुनेगी दमदार सरकार: कंगना

एजेंसी ✓ शिमला
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि इस बार के चुनाव में कोई दागदार नहीं बल्कि देश चुनेगी दमदार सरकार। कंगना अपने चुनावी अभियान में लाहौल स्पीति के काजा में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमाओं पर बसे क्षेत्रों के विकास में अहम भूमिका निभाई है। पिछले दस वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों के जीवन को सरल बनाने के लिए केंद्र सरकार ने हर पहलू को छूने का प्रयास किया है। राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज की गौरव हैं । कंगना ने कहा कि यह मात्र प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ही संभव हो पाया है। जहां कांग्रेस के कुछ नेता जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के उपर भद्दी टिप्पणियां करते हैं वहीं नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने जनजातीय समाज के खोए हुए गौरव को पुनः लौटाने का काम किया है। वहीं स्वाधीनता आंदोलन में जनजातिय समाज के योगदान को भी देश के सामने लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि देश आज फिर एक बार केंद्र में मोदी के नेतृत्व में दमदार सरकार चुनने जा रहा है व साथ ही चार जून को भाजपा का 400 पार का संकल्प भी जरूर पूरा होगा। कंगना ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा, चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद छह जून को राहुल बाबा छुट्टी पर विदेश चले जाएंगे। राहुल आपको अमेठी से हराकर स्मृति इरानी को सांसद बनाने का काम देश की जनता ने किया है। राहुल गांधी के अमेठी की सीट छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ना उनके डर को जगजाहिर करता है और वह रायबरेली से भी चुनाव हारने वाले हैं। उन्होंने मंडी से कांग्रेस से प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के उपर भी तंज कसा कि उनके मूंह में तो राम राम है परन्तु बगल में छुरी है। उन्होंने विक्रमादित्य से सवाल पूछा की वह बताएं कि अगर उनकी छवि इतनी ही बेदाग है तो उनके ईडी के मामले अभी तक लंबित क्यों हैं? वह बताएं लम्बे समय तक उनके परिवार से ही मंडी के सांसद रहे तो क्यों नहीं उन्होंने मंडी का विकास किया जैसे की वो अपने भाषणों में जिक्र करते हैं।

## जहरीले पदार्थ का सेवन करने से महिला की मौत, बच्चे गंभीर

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के चिमनगंज थाना क्षेत्र में जहरीले पदार्थ का सेवन करने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों बच्चों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चिमनगंज थाना क्षेत्र के रतन एवेन्यू में रह रही सीमा त्रिवेदी ने कल रात अपने पुत्र अक्षत (14) और पुत्री माही (10) के साथ कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इस जानकारी परिजनों को मिलने पर तीनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। दोंनो बच्चों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। मृतका का पोस्टमार्टम आज किया जाएगा। महिला द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने का कारण अभी पता नहीं चला है।

# नशे की हालत में कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने के मामले में शिक्षक निलंबित

वार्ता ✓ सागर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के सागर जिले के रहली तहसील के एक शिक्षक को नशे की हालत में अन्य कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने रहली तहसील के शास. उ.मा. विद्यालय के शिक्षक राम सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। लोकसभा निर्वाचन में राम सिंह ठाकुर को विधानसभा क्षेत्र 041-सागर में मतदान दल क्रमांक 2210 में पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। छह मई को मतदान सामग्री वितरण के समय ठाकुर द्वारा नशे की हालत में अन्य कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। ठाकुर का थाना प्रभारी बहेरिया के माध्यम से चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया, जिसके अनुसार ठाकुर द्वारा मादक पदार्थ का सेवन करना प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाया गया है। उनका यह कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 23 का उल्लंघन है, जो कि अवचार है। अतः ठाकुर को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रंण एवं अपील) के नियम 1966 के नियम 9 के अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ठाकुर का मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय रहली निर्धारित किया गया है एवं नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

# 2 करोड़ 22 लाख से अधिक की सड़क निर्माण में अनियमतता

## ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से स्तरहीन सड़क निर्माण

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कोण्डागांव जिला में लोक निर्माण विभाग द्वारा आम रहवासियों के लिए यातायात सुलभ करने हेतु सड़क निर्माण किया जा रहा हैं। जिसमें ग्राम बफना से मालगुजारपारा गांव छोटे बनबंजोड़ा सड़क निर्माण के दौरान भारी अनियमितता बरतने व लापरवाही की शिकायत मिल रही हैं। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों ने अब शासकीय योजना के तहत निर्माण कार्य के ठेकेदार व उसके शिकायत पर नरमी बरतने पर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली के ऊपर सवालिया निशान उठा रहे हैं। वहीं सड़क निर्माण में ठेकेदार की पद्धति व नियम-नीति लोगों को सोचने के लिए विवष कर रहा हैं। और जब सम्बन्धित अधिकारी पूछा तो अधिकारी बोल रहे है की सड़क का जायजा किया है मिट्टी हटाकर मुरूम डालने के लिए बोल दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम बफना से मालगुजारपारा गांव छोटे बनबंजोड़ा रोड 2करोड़ 22लाख 32हजार रुपए की लागत से 2.20 किमी लंबाई सड़क निर्माण में किया जा रहा हैं। जो मेसर्स कुशवाहा कांस्ट्रेक्शंस कंपनी के द्वारा बनाया जा रहा हैं। इस सड़क निर्माण में मुरूम के स्थान पर ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे की ही मिट्टी जेसीबी मशीन से खींचकर डाली जा रही है, जिस पर स्थानीय ग्रामीण कहते है की पहली बारिश में ही सोल्डर बह जाएगा।

मालती नेताम, राजू पाण्डेय स्थानीय ग्रामीण ने कहा है ठेकेदार पर प्रशासनिक अमला मेहरबान नजर आ रहा हैं और स्तरहीन सड़क निर्माण का खामियजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ सकता हैं। वहीं कार्य को ठेकेदार द्वारा निर्माण संबंधी सारे कायदे कानून को ताक पर रखकर काम किया जा रहा हैं, जो अनुचित हैं। इसके प्रति जिम्मेदार अफसर भी अपना नरम रुख अख्तियार करते हैं जो कि, संबंधित अफसरों की कार्यप्रणाली पर आमजनों के बीच संदेह पैदा करता हैं। चूंकि क्षेत्र में सड़क निर्माण का यह मामला लापरवाही, मनमानी और स्तरहीन निर्माण को लेकर हैं, जिस पर संबंधित जिम्मेदार अफसर अभी तक उचित कार्रवाई करने के बजाय मेहरबानी ही करती नजर आ रही हैं वहीं क्षेत्र की आमजनता को प्रशासन की कड़ी कार्रवाई का इंतजार हैं। ताकि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, जिससे सड़क भी गुणवत्ता से भरपूर हो।

### एक्सपर्ट के साथ मिलकर जब सड़क का किया मुआयना

जब से सड़क निर्माण चालू हुआ हैं तब से भारी अनियमितता बरती जा रही हैं। जब आरडी 800 पर पुलिया के पास टेप लेकर चेक किया गया था जी.एस.बी. 9.50 मीटर की चौड़ाई होना चाहिए था, जहां पर 7.80 मीटर किया गया हैं। जीएसबी थिग्नेस 25 सेंटीमीटर व डब्ल्यू.एम.एम. थिग्नेस लूस में 25 सेंटीमीटर होना चाहिए था, जीएसबी व डब्ल्यूएमएम दोनों का थिग्नेस मिलकर 50 सेंटीमीटर होना चाहिए था जिसके स्थान पर महज 30 से 35 सेंटीमीटर किया गया हैं। वहीं जीएसएब के टॉप में 8.60 सेंटी मीटर होना चाहिए जो की 6.30 सेंटी मीटर किया गया हैं।

### मिट्टी उखड़वा कर मुरूम डालने बोले है : सब इंजीनियर

लोक निर्माण विभाग के साईड इंजीनियर प्रमोद नेताम ने कहा कि, एस पर एस्टीमेट के हिसाब से ही का काम करवा रहे हैं। और ठेकेदार मिट्टी उखड़वाने के लिए बोल दिए है। मिट्टी उखड़वाकर मुरूम डलवाई जायेगी। वही पुलिया के पास 60 सेंटीमीटर खोदने बोले है। रही डबल्यूएमएम की तो कोण्डागांव जिले में डब्ल्यूएमएम मिक्सिंग प्लांट नहीं है तो उन्नीस बीस रहता हैं। अब देखना यह होगा कि, ठेकेदार और अधिकारियों द्वारा सड़क निर्माण में जमकर अनियमिता बरती जा रही हैं, सड़क सही तरीके से नहीं बन रहा हैं, सड़क निर्माण में उच्च स्तर जांच होती हैं या फिर यह भी ठंडे बस्ते में जाता हैं।

### गीला मिश्रण मकाडम (डब्ल्यूएमएम) की तैयारी और बिछाना-एक्सपर्ट

2करोड़ 22 लाख के सड़क निर्माण में स्तरहीन डबल्यूएमएम बिछाया जा रहा हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि, जीएसबी सब-बेस की परत बिछाए जाने के बाद वेट मिक्स मैकेडम को डब्ल्यूएमएम मिक्सिंग प्लांट द्वारा तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें पानी के अच्छे से मिक्सिंग की व्यवस्था हो। वेट मिक्स मैकेडम मटेरियल गीली होनी चाहिए। मिलाने के तुरंत बाद समान रूप से जीएसबी परत पर फैलाया जाना चाहिए। पहली परत मोटर ग्रेडर द्वारा बिछाई जाएगी और दूसरी परत का मिश्रण डब्ल्यूएमएम पेवर फिनिशर द्वारा फैलाया जाना चाहिए जो न्यूनतम 4.5मी से 9.0मी चौड़ाई को पक्का करने में सक्षम हो, पूरा मिक्स मटेरियल समान आकार का होना चाहिए। लेकिन मेसर्स कुशवाहा कांस्ट्रेक्शंस कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर सड़क की गुणवत्ता में लापरवाही कर स्तरहीन निर्माण किया जा रहा है।

---

## सुमित्रा मैती को शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोडागांव के द्वारा पूर्व सैनिक स्वर्गीय अरुण मैती की पत्नी सुमित्रा मैती को शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर विदाई दिया गया। सुमित्रा मैती अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद सैन्य मातृ शक्ति की सदस्य थी।

पूर्व सैनिक स्वर्गीय अरुण मैती की मृत्यु के पश्चात दोनों पुत्रियों का विवाह कोलकाता में किया और पुत्रियों के विवाह के बाद वे अकेले आर.ई.एस. कॉलोनी में अपना जीवन यापन कर रही थी। जीवन के अंतिम पड़ाव में उनकी इच्छा थी कि बाकी का जीवन अपनी पुत्रियों के साथ कोलकाता में गुजारे इसलिए कोडागांव जिला को हमेशा के लिए छोड़कर जाने पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोडागांव के द्वारा उनको शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर विदाई दिया गया और उनका बाकी का जीवन अपनी पुत्रियों के साथ कुशल मंगल से गुजारने के लिए शुभकामनाएं दिया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोडागांव के सरंक्षक सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य अमृतलाल देवांगन और उनकी दोनों पुत्रियां प्रियंका और पायल उपस्थित रही।

## सर्व आदिवासी समाज और गोंडवाना समाज ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

■ बुधसिंह नेताम की जिला बदर कार्यवाही निरस्त करने की मांग पूरी नहीं होने करेंगे आंदोलन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय कोण्डागांव के प्रेस क्लब भवन में सर्व आदिवासी समाज और गोंडवाना समाज ने प्रेस कांफ्रेंस कर सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष पनकु नेताम ने कहा बस्तर संभाग के जिला कोण्डागांव में प्रथम बार हमारे आदिवासी भाई बुधसिंह नेताम पर जो जिलाबदर की कार्यवाही की गई है वह व्यक्ति विशेष नहीं अपितु पूरे समाज पर यह कार्यवाही की गई है। बस्तर 5वी अनुसूची क्षेत्र है। और यहां आदिवासियों का संरक्षण कर उनकी मदद करनी चाहिए लेकिन जिला प्रशासन आदिवासियों की आवाज दबाने के लिए यह जिलाबदर की कार्यवाही की गई जो की बिलकुल भी न्याय संगत नहीं है। शासन प्रशासन द्वारा आदिवासियों की आवाज दबाने के लिए यह दमन की राजनीति की जा रही है जो की गलत है। बुधसेन नेताम के ऊपर की गई कार्यवाही जल्द से जल्द निरस्त करें। क्योंकि उन्होंने फौज में रहकर देश सेवा की है। उसके बाद कोण्डागांव जिले में आदिवासियों की आवाज उठाने के लिए ही गोंडवाना समाज का जिलाध्यक्ष मनोनित किए गए थे।

आगे कहा की कलेक्टर और कमिश्नर से कार्यवाही निरस्त करने की मांग किए है। उनको आवेदन भी दिए है। यदि उनके ऊपर से जिलाबदर की कार्यवाही निरस्त नहीं की जाती है तो उसके बाद राज्यपाल, राष्ट्रपति को ज्ञापन देंगे साथ ही सर्व आदिवासी समाज और गोंडवाना समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस प्रेस कांफ्रेंस में सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष पंकु नेताम, गोंडवाना समन्वयक समिति जिला उपाध्यक्ष रूपचंद ध्रुव, सोनधर नेताम, ब्लॉक अध्यक्ष गोंडवाना समाज समन्वय समिति, कोंडागांव, छेरकु नेताम ब्लॉक अध्यक्ष फरसगांव गोंडवाना समन्वयक समिति, उमेश नाग, बलराम कोर्राम, सतीश नेताम ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रभाग फरसगांव, बलीराम कोर्राम, रमेश मरकाम, पुरुषोत्तम नेताम, अजय कोर्राम, राम सिंह सोढ़ी, गोंडवाना समन्वयक समिति सदस्य, वैभव मरकाम उपस्थित रहे।


## एके सिंह बने राष्ट्रीय इंटक कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

इंडियन नेशनल ट्रेड पद यूनियन कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी संजीव रेड्डी, राष्ट्रीय महामंत्री डां. संजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय नेता सत्यजीत रेड्डी, राष्ट्रीय सचिव आशीष यादव की अनुशंसा एवं अनुमोदन से एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के श्रमिक संघ एमएमडब्ल्यू इंटक यूनियन किरंदुल के सचिव एके सिंह को राष्ट्रीय इंटक की कार्यसमिति में स्थायी आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया हैं। विदित हो कि ए के सिंह वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के वरिष्ठ सचिव एवं आल इंडिया एनएमडीसी फेडरेशन के उपाध्यक्ष हैं। ए के सिंह को राष्ट्रीय इंटक के कार्य समिति में स्थायी आंमत्रित सदस्य की नई जिम्मेदारी प्रदान की गई। एके सिंह को मिली इस बड़ी उपलब्धि एवं दायित्व के लिए शुभचिंतकों तथा नगर परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गजराज कैम्प में शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन कथावाचक ने सुनाई माता पार्वती विवाह कथा




पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल नगर के गजराज कैंप में विश्व कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन 21 मई को होगा। शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन रविवार रात्रि को डोंडीलोहारा बालोद से पधारे प्रवचनकर्त्ता ज्योतिषी रूखमणी नंदन पंडित पूरन प्रसाद शर्मा द्वारा भगवान शिव जी एवं माता पार्वती विवाह का कथा सुनाया गया। जिसे सुनने धर्मप्रेमी व श्रद्धालु गण काफी बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए एवं नाचते गाते पूरा वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

## ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न खेलों सहित कलाओं में लिया भाग



पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के निर्देशानुसार शासकीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बुनियादी कौशल को बेहतर बनाने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है समर कैम्प के लिए कई बिंदुओं का निर्धारण किया है शिक्षा विभाग ने इस कैंप में हिस्सा लेने वाले सभी शिक्षकों को विभिन्न बिंदु के मद्देनजर चरणबद्ध तरीके से कार्य को करने का अनुरोध किया है इसी कड़ी में शास कन्या हाई स्कूल, कन्या पू मा, बालक पू मा एवं प्राथमिक शाला कुम्हारी द्वारा संयुक्त रूप से समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का मुख्य आकर्षण विभिन्न गतिविधियां जैसे- आर्ट वर्कशॉप (जिसमें पेपर आर्ट, क्राफ्ट आर्ट), कंप्यूटर की उपयोगिता, कर्सिव राइटिंग का अभ्यास एवं विभिन्न प्रकार के खेल कूद रहा। संपूर्ण गतिविधियों में उपरोक्त चारों शालाओं के छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम की अभूतपूर्व सफलता, उत्प्रेरण एवं मार्गदर्शन में उपरोक्त चारों संस्था के संस्था प्रमुख क्रमशः असीमा मंडी, पारसमणि चंद्राकर, किरण मिश्रा, ऋतु सिंह एवं शिक्षक आशा सोनपिपरे, डोमार यादव, अश्विनी प्रधान, लेख राम गेंड्रे शिक्षक व संकुल समन्वयक अजय सिंह की महती भूमिका रही।

## असफलता पहली सीढ़ी है सफलता की : मुकेश शाह

■ खुद को बदलने की जिद करें

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



युवा संस्था में यूथ ट्रेनिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। युवा में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (कार्मिक) (से.नि.), कोल इंडिया, विशिष्ट अतिथि दीपक शुक्ला, प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् मुकेश शाह ( ट्रेनर एवं मोटिवेशनल स्पीकर) थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों का स्वागत युवा सदस्यों द्वारा सूत की माला, शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुकेश शाह ने कहा कि पोस्टल इंडेक्स नंबर, जिसे हम साधारण बोलचाल की भाषा में पिन कहते हैं और डाक विभाग द्वारा इससे हमारे देश के किसी भी शहर की पहचान की जाती है, ठीक उसी तरह हर इंसान की भी एक पिन होती है, जिसे पर्सनल आइडेंटीफिकेशन नंबर कह सकते हैं और उसी से किसी भी इंसान की समाज में पहचान होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सचिन तेंदुलकर का पिन, क्रिकेट था, लेकिन वे फिजिक्स और केमिस्ट्री को अपना पिन बनाते तो दुनिया के भीड़ में कहीं खो चुके होते। इसके अलावा उन्होंने जार्ज बर्नाड शा, अरुणिमा सिन्हा जैसे प्रेरक व्यक्तित्व के उदाहरण से उपस्थित लोगों को मोटिवेट किया। उन्होंने बच्चों से अपने जीवन का लक्ष्य अपने रुचि और पैशन के आधार पर तय करने को कहा। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि दिन की शुरुआत में एक प्यारी सी मुस्कान आपको एक अलग ही तरह की प्रेरणा और उत्साह से भर देती है। उसी प्रकार रात में सोने के पूर्व की मुस्कान आपको सुकून भरी नींद का अहसास कराती है। सकारात्मक विचार से बढ़कर कोई भी एनर्जी ड्रिंक नहीं होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा सफलता मिले ये जरुरी नहीं है। किसी लक्ष्य को लेकर चलने पर मिली असफलता से घबराने की बजाय उसे सफलता की पहली सीढ़ी मानकर अपना प्रयास फिर एक बार पूरी शक्ति से करना चाहिए। किसी भी काम में असफलता से अपने लक्ष्य को नहीं बल्कि तरीका बदलना चाहिए। जीवन में दुसरों को बदलने के पहले खुद को बदलने की तैयारी पहले करना चाहिए। यदि ज़िद ही करना है तो खुद को बदलने की ज़िद करना चाहिए। एक युद्ध -खुद के विरुद्ध करते हुए स्वयं की शक्ति को पहचान कर अपने प्रयास, कार्यशैली, दिनचर्या, तरीका आदि बदलकर सफलता के मार्ग पर पंहुचा जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मल्लिकार्जुन राव ने कहा कि सिर्फ बड़ा बनने का सपना देखना ही काफी नहीं है बल्कि उसे पूरा करने के लिए योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करना पड़ता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दीपक शुक्ला ने कहा कि इस स्वार्थ से भरे दुनिया में निस्वार्थ भाव से चल रहे युवा संस्था को काम करते देखकर सुखद आश्चर्य होता है। उन्होंने वादा किया कि वे भविष्य में युवा से जुड़कर नियमित रूप से जुड़कर अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम के अंत में युवा संस्था के संस्थापक एम राजीव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। कार्यक्रम में भोपाल से द्रोहित शिवहरे, दल्ली-राजहरा से कौशल वर्मा, श्रम विभाग में कार्यरत विजय साहू के अलावा युवा के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में समय-सीमा की बैठक आज

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में 22 मई को सायं 5.00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित दृष्टि। सभाकक्ष में आयोजित होने वाली बैठक 21 मई को समय-सीमा की बैठक के बाद होगी।

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

# आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अत: ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड ( पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात )** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **विजय दास**, मिनती दास<br>जमानतदार : सुशांत कुमार दास<br>खाता सं. LNRPR02621-220200969 | 4 नवंबर 2023<br>₹ 497289/-<br>बकाया दिनांक<br>4 नवंबर 2023 | ब्लॉक नं. एएच - 01/बी-1 फ्लैट नं. 508 5वीं मंजिल कमल विहार सेक्टर 11बी ईडब्ल्यूएस रायपुर, **क्षेत्रफल 322.37 वर्ग फीट** | सांकैतिक कब्जा दिनांक 18 मई 2024 |

स्थान : जयपुर    दिनांक : 21-05-2024    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# जीवन में यदि मित्र बनाओ तो सुदामा जैसा : आचार्य नरेंद्र नयन

## श्री भरत-लीला मेंशन में भागवत कथा के अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालु रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



स्थानीय बीटीआई रोड स्थित श्री भरत-लीला मेंशन में लीला देवी चंद्राकर, सुष्मिता-आलोक चंद्राकर परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के रूकमणि हरण, शिशुपाल वध, द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन फूलों की होली के साथ हुआ।

आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम के श्रीमुख से आज भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण के लीलाओं का आनंद लिया। आचार्य शास्त्री ने कहा कि पांडवों द्वारा आयोजित राजसूय यज्ञ के पूर्व सभी को जिम्मेदारी प्रदान की गई। पश्चात यज्ञ के अग्रपूजा के अधिकारी का चयन किया गया। उस समय श्रृष्टि में केवल एक ही अग्रपूजा के योग्य थे, वे थे भगवान श्री कृष्ण। सभी राजा महाराजा भगवान श्रीकृष्ण को अग्रपूजा के लिए राजी हुए। केवल शिशुपाल को उन्हें अग्रपूजा के योग्य नहीं समझ रहे थे। शिशुपाल भगवान श्रीकृष्ण के बुआ सुतसुभा के पुत्र थे। भगवान ने अपनी बुआ को वचन दिया था कि वे शिशुपाल के 100 अपराध क्षमा कर देंगे। राजसूय यज्ञ के पूर्व भरी सभा में शिशुपाल ने भगवान का अपमान किया। उन्हें अनेक अपमान जनक शब्दों से अपमानित किया। लेकिन, भगवान ने उनके 100 अपराधों को क्षमा किया। अंत में 100 अपराध पूर्ण होने के बाद 101 अपराध में भगवान ने शिशुपाल का वध कर दिया। शिशुपाल भगवान श्री हरि नारायण के द्वारपाल जय विजय के अवतार थे। एक श्राप के कारण तीन जन्मों तक भगवान ने उनका उद्धार किया था। पहले जन्म में हिरण्य कश्यप तथा हिरण्याक्ष, दूसरे जन्म में रावण तथा कुंभकर्ण तथा तीसरे जन्म में शिशुपाल तथा दंतवर्सर का उद्धार किया। आचार्य नरेंद्र नयन ने सुकदेव जी महाराज द्वारा राजा परीक्षित को सुनाए गए सुदामा चरित्र का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सुदामा जैसे मित्र होना सौभाग्य की बात है। सुदामा ने श्रापित चने को खाकर गरीबी का सारा दोष अपने उपर ले लिया। उन्होंने माताओं-बहनों से कहा कि सुदामा की पत्नी देवी सुशीला पतिव्रता नारी थीं। उन्होंने कभी अपने पति सुदामा जी से शिकायत नहीं की। अभाव में भी प्रभु भक्ति में लीन रहे। मनुष्य को कष्ट आने पर भगवान याद आता है। लेकिन, सुदामा ने हर क्षण केवल हरिनाम का जाप किया। हरे राम-हरे कृष्ण नाम के सहारे पूरा जीवन व्यतीत कर दिया। उन्होंने कहा कि अच्छा श्रोता मिलने से वक्ता के हर शब्दों का महत्व बढ़ जाता है। आज भागवत कथा सुनने सैकड़ों लोग श्री भरत-लीला मेंशन में पहुंचे हैं। 4 घंटे बैठकर कथा सुनना भी एक साधना के समान है। आप सभी यहां बैठकर जो साधना कर रहे हैं, उस पर बांकेबिहारी लाल की नजर है। आप सभी को भगवान का आशीर्वाद मिल रहा है। जो परम सौभाग्य की बात है। आज कथा श्रवण के दौरान सैकड़ों लोग श्री भरत लीला मेंशन में देर शाम तक उपस्थित रहे। तुलसी वर्षा, हवन पूर्णाहुति, भंडारे का आयोजन किया गया है।

# अपने आपको पूरी तरह झोंकना होगा तब अभिनय में आएगी जान : पवार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



अभिनय में जान फूंकने के लिए अपने आप को पूरी तरह झोंकना पड़ता है। सारी बातों को भूलकर सिर्फ अपनी भूमिका में ध्यान केंद्रित करना होता है और फिर यह मेहनत और समर्पण रंगमंच पर या पर्दे पर नजर आती है। महाराष्ट्र नाट्य मंडल के सदस्यों से बात करते हुए मराठी सिनेमा और रंगमंच के सशक्त हस्ताक्षर प्रमोद पवार उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। इससे पहले प्रमोद पवार और डॉ. योगेंद्र चौबे को महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, सचिव चेतन दंडवते महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले व सचिव प्रसन्न निमोणकर ने सूत माला, शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। मराठी नाटकों के छह हजार से अधिक मंचन करने वाले व सिनेमा में लगभग 35 साल से सक्रिय वरिष्ठ कलाकार प्रमोद पवार फिलहाल स्टार प्रवाह पर प्रसारित धारावाहिक 'घरो घरी माती ची चूल' में नाना की भूमिका निभा रहे हैं। पवार ने वर्ष 1990 में पहली ही फिल्म आघात में अशोक सराफ नीलू फुले सहित कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया था। उन्होंने कहा कि करियर बनाने के समय ही उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति अभिनय में ही अपने आप को स्थापित करने और इससे ही अपनी आजीविका चलाने की थी। इसमें वे सफल भी हुए। पवार ने कहा कि पारिवारिक दबाव के कारण उन्होंने एमटीएनएल में नौकरी की। कुछ समय में ही वे यह सब छोड़कर बचपन से तय अपने लक्ष्य की ओर बढ़ गए। पवार बताते हैं कि उनका बहुचर्चित नाटक 'आणी सावरकर' के अब तक करीब 500 शो हो चुके हैं। इस नाटक के बाद ही उन्होंने लेखन और फिर निर्देशन में अपना हाथ आजमाया। अब वे संगीत नाटकों पर भी लगातार काम कर रहे हैं। पवार मुंबई साहित्य संघ के सचिव और अखिल भारती नाट्य विधा संस्कार भारती के संयोजक हैं। वे यहां संस्कार भारती के तीन दिवसीय रंग संस्कार महोत्सव के दौरान नाट्य निर्देशन और नाट्य लेखन को लेकर कार्यशाला में मार्गदर्शन देने आए थे। विशेष अतिथि डॉ. योगेंद्र चौबे ने कहा कि वे छत्तीसगढ़ के प्रथम ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने नेशनल स्कूल आफड्रामा नई दिल्ली से ग्रेजुएट किया और उसके बाद ड्रामा पर पीएचडी। पहले वे वकालत करते थे। वकालत छोड़कर ड्रामा में गए थे और फिर जब ड्रामा से लौटे, तब इंदिरा गांधी संगीत विश्वविद्यालय में उन्होंने ड्रामा विभाग की स्थापना की और इसे ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आज इस विश्वविद्यालय का स्वयं का प्रोडक्शन हाउस है। इससे संगीत विश्वविद्यालय को पिछले साल आठ लाख रुपये की आय भी हुई। डॉ. चौबे ने बताया कि उन्होंने अमृता प्रीतम की लिखी कहानी पर एक छत्तीसगढ़ी फिल्म बनाई है। उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और पुरस्कार भी। उन्होंने कहा कि प्रमोद पवार के साथ वह सिनेमा में भी काम कर रहे हैं। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र नाट्य मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री साव द्वारा सम्मानित हुए सौरभ बख्शी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह समर्पण 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरूण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रजीत साहू, सिंघानिया बिल्डकॉन समूह के सुबोध सिंघानिया, हर्षित सिंघानिया, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक व लोक कलाकार दिलीप षड़ंगी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास मंचस्थ हुए।

सम्मान समरोह में ज्यूरी द्वारा चुने गए संस्थाओं एवं व्यक्तियों निस्वार्थ समाज सेवा के लिए समर्पण अवॉर्ड से नवाजा गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में खुशियां बांटें अभियान के लिए सौरभ बख्शी को उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरूण साव द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समरोह के बाद सौरभ बख्शी ने बताया कि खुशियां बांटें अभियान एक मुहिम है जिसमें दीपावली के अवसर पर झुग्गी बस्तियों में निर्धन परिवार के बच्चों में खुशियां किट का वितरण किया जाता है। जिसमें दिया, बाती तेल, मिठाई नमकीन बच्चों के लिए नए कपड़े आदि अनेक वस्तुओं का वितरण किया जाता है। सौरभ बख्शी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा अब तक लगभग 1000 खुशियां किट का वितरण किया जा चुका है। संस्था द्वारा इसके अतिरिक्त सर्दियों में जरूरत मंद लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण, निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण, रोजगार मार्गदर्शन, कैरियर गाईडेंस आदि अनेक समाज सेवा के कार्य किए जाते हैं। उन्होंने अपनी सहयोगी सस्थाओं पिटारा खुशियों का वैशाली वीरानी, अर्कवियत फांउडेशन रात्रि लहरी, पारस फाऊंडेशन कविता कुंभज, टाविशी टेल्स योगिता साहू, युवा रायपुर एम राजीव की टीम, मोहन वाल्यानी, राकेश साहू मठपुरैना, शुभम वासु ठाकुर, प्रियंका उपाध्याय, काजल खारी, दीपिका साहू, मनीषा ध्रुव, भारती अग्रवाल आदि सभी का आभार व्यक्त किया।

# खारुन गंगा महाआरती समिति की बैठक में तैयार हुई आगामी आयोजन की रूपरेखा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति रायपुर की बैठक समिति के संस्थापक/अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के निवास पर संपन्न हुई। विगत वर्ष से प्रत्येक माह की पूर्णिमा की संध्या को निरंतर रूप से आयोजित होती आ रही माँ खारुन गंगा महाआरती जिसका वार्षिकोत्सव दिसंबर 2023 में बड़े ही रोमांचक अंदाज़ में मनाया गया था जिसमें सारा शहर उल्लास और भक्ति के माहौल में डूब गया था उसी पुण्य प्रदायिनी महाआरती की निरंतरता को जारी रखते हुए गत 04 माह से यथावत यह आरती होती आ रही है, उसी क्रम में इस पुण्य आयोजन को और अधिक दिव्यता और सुंदरता प्रदान करने के उद्देश्य से समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रखी गई थी।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य था कि कैसे अधिक से अधिक जन समुदाय को सनातन धर्म से जोड़े रखकर इस पुण्य आयोजन का अंग बनाया जाए और आरती को कैसे और अधिक भव्य स्वरूप प्रदान किया जाए जिसपर सभी ने अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। बैठक में समिति के अध्यक्ष तोमर के साथ, महाआरती के प्रमुख आचार्य पं. धीरज शास्त्री, भजन गायक लल्लू महाराज, प्रमुख संरक्षक रमेश कुमार सिंह, संरक्षक बबलू सिंह, अखिलेश सिंह, प्रभात सिंह, आयोजन समिति सदस्य एवं करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य पप्पू सिंह, प्रिया सिंह, सूर्या वर्मा, कायम सिंह, रोहित सिंह 'तिरंगा', धरम सिंह, राणा आनंद सिंह, अजय सिंह, लक्ष्मी जी समेत अनेकों सदस्यों की उपस्थिति रही। सभी पदधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे से अपने विचार साझा कर तन-मन-धन से इस पुण्य आयोजन में सहयोग करते हुए अपने-अपने दायित्व स्वीकार कर उनके निर्वहन का आश्वासन दिया। अंत में समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी से खारुन मैया के प्रति हृदय से समर्पित होने की प्रार्थना कर बैठक को औपचारिक विराम दिया।

# संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा पृथक से जारी की जाएगी नई प्रवीण्य सूची

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर द्वारा नई प्रवीण्य सूची पृथक से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव से मिली जानकारी कक्षा पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष 9वीं से उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष 12वीं तक का वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम दिनांक 15 मई 2024 को घोषित किया गया था। परीक्षा परिणाम के साथ-साथ कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की अस्थायी प्रवीण्य सूची भी विद्यामण्डलम् द्वारा जारी की गई थी। जारी प्रवीण्य सूची में लिपकीय त्रुटियां होने के कारण इस प्रवीण्य सूची को निरस्त कर दिया गया है तथा नई प्रवीण्य सूची विद्यामण्डलम् द्वारा बाद में पृथक से जारी की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ की योगा टीम ने नेपाल में जीता गोल्ड मैडल, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई



**रायपुर।** इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में गोल्ड मैडल हासिल करने वाली छत्तीसगढ़ की योग टीम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि योग टीम के गोल्ड मैडल हासिल करना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, उन्होने टीम के सदस्यों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने भी छत्तीसगढ़ की योग टीम की प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि इस महीने के 9 से 12 मई को नेपाल में आयोजित हुए इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में छत्तीसगढ़ के 10 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगीता में टीम को गोल्ड मैडल से नवाजा गया है। इस टीम के कोच ज्योति दीपक कुंभारे हैं।

योगा टीम में दिव्या जैन, प्रीत साव, पुष्पा साव, धमेश, छाया जैन, हेमलता, हर्षा, क्षमता शामिल हैं।

# सीएम घुम रहे ओडिसा, सुपेबेड़ा की जनता पानी की बुंद-बुंद के लिए तरस रहे हैं : सपा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



समाजवादी प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय ओडिसा में जा के लोगों को गांरटी का जूमला सुना रहे हैं और इधर गरियाबंद जिले के विकासखण्ड देवभोग के दूरस्थ क्षेत्र के विभिन्न गांवों माड़ागांव, देवानमुड़ा, झाखरपारा एवं सुपेबेड़ा के तेल नदी में वॉटर फील्टर प्लांट अभी तक निर्माण नहीं हो पाया है। जनता दूषित पानी पीने से किडनी, लीवर, चर्म रोग एवं अनेक प्रकार के रोगों के कारण लोगों की जाने जा रही है। स्वच्छ जल लोगों को नहीं दे पा रही है भाजपा की सरकार।

# अनियंत्रित होकर नाले में पलटा ऑटो नाबालिग बच्ची की मौत, 7 लोग घायल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सवारियों से भरा ऑटो पलटने से एक बच्ची की मौत हो गई हैं। वहीं एक ही परिवार के 6 से 7 लोग घायल हो गए है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने 5 घायलों को इलाज के निजी अस्पताल भेजा है। इनमे से 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। फ्लिहाल पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना विधानसभा थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव की है। जहां पचेड़ा से नरदाह के बीच निर्माणाधीन सड़क पर नाले में सवारियों से भरा ऑटो पलट गया और इस हादसे में 12 साल की नाबालिग बच्ची की मौत हो गई। वहीं 6 से 7 लोगों की घायल हो गए। आनन-फानन में पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा है, जहां 2 की हालत गंभीर बनी हुई है।

वहीं पुलिस ने मृतक बच्ची के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# नाचा गम्मत विधा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सराहनीय कार्य करने के लिए ताम्रध्वज साहू द्वारा रजीत चक्रधारी का सम्मान

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



तीन दिवसीय स्व दाऊ रामचंद्र देशमुख के स्मृति में नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन ग्राम निकुम जिला दुर्ग में आयोजित किया गया जिसके समापन समारोह के अवसर पर पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व गृह लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नाचा गम्मत विधा को प्रसंशा करते हुए स्वस्थ मनोरंजन हेतु नाचा गम्मत को लोगों का एक बहुत बढ़िया मनोरंजन का साधन बताया और विलुप्त हो रही नाचा गम्मत को संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सराहनीय कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ बधाई देते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी को मोमेंटो एवं प्रस्शति पत्र देकर सम्मानित किया, ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षों में रजीत चक्रधारी द्वारा प्रदेश भर के 18 जिलों के 455 नाचा पार्टी के 20000 से ज्यादा कलाकारों को संगठित करते हुए संघ का निर्माण कर हर जिले में नाचा गम्मत को मजबूती प्रदान करने के लिए नाचा संघ द्वारा जिला वार महोत्सव आयोजित कर मंचीय प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को नाचा गम्मत से जोड़ने के साथ साथ नाचा गम्मत को प्रदेश भर में चर्चित किया है साथ ही लोगों के बीच में नाचा गम्मत विधा के महत्व को अवगत कराने के साथ साथ इसके द्वारा दिए गए प्रस्तुति को स्वस्थ मनोरंजन के साथ शिक्षाप्रद, जन-जागरूकता जैसे अनेक मनोरंजन को जोड़ते हुए लोगों को जागरूक करने तथा नाचा गम्मत के माध्यम से शासन प्रशासन के महत्वकांक्षी योजनाओं को मंच में प्रस्तुति देकर लोगों में जागरूकता शिक्षा का संदेश देने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए नाचा गम्मत को छत्तीसगढ़ प्रदेश भर में एक अलग पहचान मिला जिसके कारण विलुप्त हो रही नाचा गम्मत के कलाकार को पहली बार नाचा गम्मत के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च सम्मान में से एक पद्मश्री सम्मान से नाचा कलाकार डोमार सिंह कुंवर को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया जिससे नाचा गम्मत से जुड़े लोक कलाकारों में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है जिसके तहत निरंतर नाचा गम्मत द्वारा स्वच्छ मनोरंजन करने के साथ लोगों को मंच में प्रस्तुति देकर जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी उक्त सम्मान को अपने संघ को समर्पित किया है।

# बेमौस बारिश से किसान अपनी तैयारी में जुट गएं



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

खेती किसानी अगामी खरीफ फसल की तैयारी को लेकर इस क्षेत्र के अन्नदाता किसानो ने कृषक सेवा सहकारी समिति पंक्र 1061 नर्रा पहुंच रहे है। इस समिति के अतर्गत ग्राम वार नर्रा, झिटकी कोकड़ी ' मुड़पार राटापाली बहेराभांठा झलमला बिन्द्रावन लोंदामुड़ा आता है। इस तरह परसुली समिति मे परकोम परसुली खट्टी अमनपुरी पंडरीपानी कारागुला बनियातोरा आदि के गांवो के किसान खाद बीज लेने समिति पहुंच रहे है। बताया जाता है कि बैसाख माह दो दिन शेष व विदाई ओर है।

मौसम मे उतार चढाव यानी बादल में बदली छाये रहने से धूप छांव का दौर जारी है। मौसम मे बदलाव आने से क्षेत्र में बूंदाबांदी होने की खबर है। ऐसा ही निकल गया भीषण गर्मी पड़ने वाले बैसाख का महिना चिलचिलाती तेज धूप यूंही निकल गया। क्षेत्र मे रबी फसल धान की कटाई हार्वेस्टर व हासिया से चल रही है। इस क्षेत्र के किसानो ने अगामी खरीफ फसल के लिए खाद बीज का उठाव करना शुरू हो गया है। किसान अपने साधन सुविधा के अनुसार टेक्टर बैलगाड़ी मोटर साइकिल साइकिल इत्यादि से धोलाई कर रहे है।

# बाईक सवार ग्रामीण को अज्ञात वाहन ने कुचला, हुई मौत, गुस्साये गांव के ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार एक ग्रामीण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना से गुस्साये लोगों ने चक्काजाम शुरू कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लिबरा निवासी दिवाकर गुप्ता रविवार की दोपहर अपनी मोटर सायकल से किसी काम के सिलसिले में घर से निकला हुआ था। इसी बीच अज्ञात भारी वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया है।





### ग्रामीणों ने शुरू किया चक्काजाम

सड़क दुर्घटना में गांव के एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद गुस्साये गांव के ग्रामीणों ने सड़क में ही शव को रखकर आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी एवं मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा को लेकर चक्काजाम शुरू कर दिया था।

### भारी वाहनों का लगा रहता है रेलमपेल

आक्रोशित गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में स्थापित उद्योगों में चलने वाली भारी वाहनों का यहां 24 घंटे रेलमपेल लगा रहता है। भारी वाहनों के गति पर नियंत्रण रखने उनके द्वारा ब्रेकर बनवाने की मांग की गई थी। इस मामले को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारी से फोन पर निवेदन भी किया गया था। इसके बावजूद उनकी मांग को अनसुना किया जाता रहा है।

### 5 घंटे बाद खुला चक्का जाम

हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया था। गाड़ियों की लंबी कतारे सड़क के दोनों और लग गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन आ शित ग्रामीण मानने को तैयार ही नहीं हो रहे थे। पुलिस प्रशासन और जिंदल के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों को समझाने ने की कोशिश की जा रही थी। अंततः 5 घंटे बाद ग्रामीण मानें और चक्काजाम खुला।

# सेन्द्रीपाली ढाबा में पुलिस की रेड, डीजल का अवैध भंडारण पकड़ा

## दो आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत की कार्रवाई

■ एक अन्य घर से 390 लि. अवैध डीजल जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा डीजल का अवैध भंडारण की सूचना पर कार्यवाही किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेन्द्रीपाली का मुकेश साहू और ताराचंद पटेल द्वारा क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहन चालकों से कम दामों में डीजल खरीद कर मुकेश साहू अपने ढाबा पर तथा ताराचंद पटेल अपने घर में बिना लाइसेंस भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए दोनों स्थानों पर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही मुकेश साहू के ढाबा से पुलिस ने गवाहों के समक्ष 40-40 लीटर क्षमता वाले दो जरकिन एवं 50 लीटर क्षमता वाला एक जरकिन में कुल 130 लीटर डीजल (11,700) व एक खाली जरीकेन एवं प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया। वहीं ग्राम सेन्द्रीपाली के ताराचंद पटैल के घर अंदर कमरे से 40 लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन और 50 लीटर क्षमता वाले दो जरीकेन में कुल 260 लीटर डीजल (23,400) एवं मौके से 40 एवं 200 लीटर क्षमता वाले खाली ड्रमध्जरीकेन, एक प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया है। आरोपी ताराचंद पटैल पिता मिलाप पटैल उम्र 25 वर्ष एवं आरोपी मुकेश कुमार साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सेन्द्रीपाली से पुलिस ने कुल 390 लीटर डीजल कीमती 35,100 का जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा आवश्यक एवं ज्वलनशील पदार्थ डीजल का उपेक्षापूर्ण भंडारण और बिक्री करने के कृत्य पर आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया क्रमशः अपराध क्रमांक 310, 311 धारा 285 आईपीसी 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई किया गया है।

# मेला देखने गया था परिवार इस बीच सूने मकान में हो गई चोरी

## सोने-चांदी के जेवरात, नगदी समेत घर का सामान ले उड़े चोर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अज्ञात चोरों ने सुने मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात, घरेलू सामान के अलावा नगदी रकम पर हाथ साफ किया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुधरीपारा निवासी नटवर लाल 49 साल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात तकरीबन साढ़े 9 बजे वह पूरे परिवार के साथ मेला देखने घर को बंद करते हुए जरेकेला गए हुए थे। पूरा परिवार मेला देखकर देर रात करीब 01.30 बजे अपने घर पहुंचा तो देखा कि मेन गेट के दरवाजा में लगा ताला वहीं पर टुटकर पड़ा था। साथ ही उनके दोनों कमरो का दरवाजा खुला था। इस बीच किस अनहोनी घटना की आशंका देखते हुए जब कमरे के अंदर घुसकर देखा तो पेटी में रखे चंपा माला 04 नग, चांदी का पायल 01 जोड़ी, दिवाल में लगा एलईडी टीव्ही, धान कुटने वाला मोटर पंप, रसोई में रखे 03 नग गैस सिलेंडर 01 नग भरा 02 नग खाली, कांस की थाली 02 नग, पीतल का गघरा, 01 नग पीतल का कोंजा एवं नगदी रकम 2 हजार रूपये को मिलकर अज्ञात चोर ने 65 हजार रूपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद तमनार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में निर्देश जारी

## कलेक्टर अग्रवाल ने सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा आगामी मानसून 2024 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि आदि से बचने हेतु सावधानी के तौर पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को बाढ़ आपदा आदि से बचाव की पहले से तैयारी रखने के निर्देश दिए है। साथ ही शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। भारत सरकार से जारी निर्देशानुसार जिला अधिकारियों की बैठक आहूत कर आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर सभी तथ्यों को यथा समय दुरूस्त करने कहा गया है। साथ ही समस्त वर्षामापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने कहा गया है। जिनतहसीलों में वर्षामापी यंत्र नही लगाये गये है, वहाँ वर्षामापी यंत्र तत्काल स्थापित करनेकी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को देना सुनिश्चित करने एवं उक्त कन्ट्रोल रूम 1 जून से 24 घंटा क्रियाशील रखने एवं कन्ट्रोल रूम की जानकारी आम नागरिकों को भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।पहुंचविहीन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होगा वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां आदि नियमानुसार संग्रहित करने एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुंओं, हैण्डपम्प आदि के लियेब्लीचिंग पावडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए है। ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, इन क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने की विशेष व्यवस्था करने एवं ऐसे क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनको ठहराने के लिए कैम्प आदि की सम्पूर्णयोजना तैयार करने कहा गया है। बाढ़ से बचाव संबंधी जो भी उपकरण जिलों में उपलब्ध हो उनकी दुरूस्ती आदिकराकर तुरन्त उपयोग हेतु तैयार रखने, मोटर बोट्स की जानकारी शीघ्र राहत आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया है। जिससे मांग आने पर बोट्स तथा प्रशिक्षित जवानों को तुरन्तरवाना किया जा सके। नगरीय क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति प्रायः नाले व नालियों के अवरूद्ध हो जाने के कारण होती है अतः नगरीय निकायों द्वारा शहर के तमाम नालियों की सफाई निरंतर करने के निर्देश दिए है। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपों की स्थापना करने के निर्देश दिए गए है। असुरक्षित पेड़ों की छटाई और सूचना पट्ट होर्डिंग हटाने या सुरक्षित करने के निर्देश दिए गए है। जिले के नदी के जलस्तर पर बराबर नजर रखने और जलस्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था करने तथा तत्काल सुरक्षा उपाय करने की व्यवस्था भी करने कहा गया है। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखने तथा जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास करने ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके तथा बांधों का जलस्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घण्टे पूर्व सूचना देने के निर्देश दिए है। जल संशाधन विभाग को सुस्पष्ट जिमेदारी प्रत्येक जलाश्य के संबंध में देने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ से बचाव, बचाव और राहत गतिविधियों में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनने चाहिए इसलिए, राज्य सरकारों को आपदा प्रबंधन उद्देश्यों के लिए आवश्यक उपकरणों का आंकलन करने के निर्देश दिए है। चक्रवात बाढ़ आश्रयों की क्षमता को फिर से संगठित करने की आवश्यकता है और लोगों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त आश्रयों और राहत शिविरों की पहचान करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा, चक्रवात/ बाढ़ आश्रय या राहत शिविरों में बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए अतिरिक्त शौचालयों के साथ-साथ अन्य आश्रयों और स्वच्छता व्यवस्था को भी मौजूदा आश्रयों में बनाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच की आवश्यकता होती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विशेष (बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि) लक्षणोंवाले लोगों को अलग-थलग किया जा सके और उनका उपचार किया जासके। ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। आश्रयों/राहत शिविरों केनियमित कीटाणु शोधन (सेनेटाइजेशन) और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्थासुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी नियमित रूप से राहत आयुक्त कार्यालय के दूरभाष क्रमांक (0771) 2223471, फैक्स 2223472 पर निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन देने। साथ ही एनडएमआईएस पोर्टल में भी प्रतिदिन इंद्राज करने के निर्देश दिए गए है। बाढ़ व बचाव संबंधी जानकारी/सूचना हेतु फैक्स व फोन के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार विभाग केई-मेल में भी भेजने के निर्देश दिए है। जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी की नियुक्ति करने तथा जिले में होने वाले वर्षा की जानकारी तहसीलवार राहत आयुक्त कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0771-2223471 एवं फैक्स क्रमांक 2223472 तथा वेबसाइट पर प्रतिदिन पूर्वान्ह 09.00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र-2 में आवश्यक रूप से देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

# ईडब्ल्यूएस में मकान दिलाने के नाम पर पति-पत्नी ने भाई-बहनों से की ठगी

■ पीड़िता की शिकायत के बाद थाने में दर्ज हुआ मामला

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में नगर निगम के अधिकारी से अच्छा परिचय होनें की बात कहते हुए ईडब्ल्यूएस में मकान दिलाने का झांसा देकर 40 हजार रूपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह इंदिरा नगर रियापारा में रहती है। डायमंड हिल्स कालोनी ईडब्ल्यूएस (सरकारी) मकान स्थित है उक्त कालोनी में पीड़िता रचना दुबे उम्र 39 वर्ष पति यशवंत दुबे 45 वर्ष एवं छोटी बहन अर्चना तिवारी उम्र 26 वर्ष और भाई विजय तिवारी उम्र 35 वर्ष एवं चेतना मिश्रा उम्र 32 वर्ष सभी इडब्यूएस में निवास के लिये भवन लेने के लिए बिनु खान, पति नरिश खान निवासी मौदहापारा रायगढ से संपर्क किया गया। इस दौरान बिनु खान ने कहा उक्त कालोनी में भवन उपलब्ध करा दिया जाएगा और प्रत्येक भवन का कीमत 2 लाख, 40 हजार रूपया है, एवं 15-15 हजार रूपये प्रत्येक को अलग से देना पडेगा।

### शो रूम के बाहर दिये 30 हजार रूपये

पीडिता ने बताया कि हमारे द्वारा नरिश खान को शोरूम के अंदर बुलाये जाने पर वो मना करने लगा यहीं आकर पैसा दो उसके ऐसा कहने पर मेरी बहन अर्चना ने शोरूम के बाहर जाकर 30 हजार रू. नरिश खान को नगदी दिया गया पर देते समय चुपके से छोटा सा वीडियो बना लिया गया है।

### छोटी बहन से भी ले लिये 10 हजार

मोबाइल से कुछ दिनों बात बिनु खान का फिर से काल आया और कहा गया कि 2-4 मकान और बचा है अगर आपके परिचय का कोई हो तो बताना हमने भरोसा करके हमारी एक बहन चेतना मिश्रा जो संबलपुर में रहती है उसे बताया वो भी घर लेने को तैयार हो गई और 10 हजार रू. अर्चना के बैंक खाते में भेज दिया हमने बीनू खान को फिर फोन किया और बताया कि मेरी छोटी बहन को भी घर चाहिए तो वह बोली मेरे पति नरिश खान को मैं महिन्द्रा आटो सेंटर भेज रही हूं आप उनको 10 हजार रू. दे देना थोडी देर में ही उनका पति नरिश खान आ गया वह पैसा लेने के लिए फिर बाहर बुला रहा था पर हम लोगों ने आफिस में हमारे बस बैठें हैं बोलकर उनको अंदर बुला लिया।

### तारीख पे तारीख मिलता रहा

नरिष खान पैसा लेकर चला गया और चेतना मिश्रा के नाम का फार्म का पावती दे गया जो 18 जनवरी का था। इस बीच बिनु खान ने कहा कि 26 फरवरी तक सभी को मकान उपलब्ध करा दिया जाएगा लेकिन 26 फरवरी को मकान नहीं मिला फिर बिनु खान ने 12 मार्च का टाइम दिया गया परंतु 12 मार्च को भी उनके द्वारा मकान नहीं दिया गया। जब भी हम लोग फोन करते बिनु खान के द्वारा एक नया तारीख दे दिया जाता है।

### फोन उठाने पर की जाती है गाली गलौज

पीड़िता ने बताया कि दो तीन महिने ऐसे ही निकल गये पर हमे कोई मकान मिला और न ही बिनु खान और नरिश खान हमारा फोन उठाते हैं। उसके पति द्वारा फोन उठाये जाने पर गाली गलौच किया जाता है और धमकी दे रहे हैं कि जो करना है कर लो अब न मकान मिलेगा और न हीं पैसा।

### सिटी कोतवाली में दर्ज हुआ मामला

बहरहाल पीड़िता की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ धारा 34 आईपीसी, 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निगम के साहब से परिचय होनें की कही बात

पीड़िता ने बताया कि बिनु खान ने यह भी कहा था कि मेरा नगर निगम के साहब से अच्छा संबंध है तथा मेरा यहीं काम है मैं साहब के साथ मिलकर लोगों को सरकारी भवन दिलवाती हूं जो साहब लोगों के कोटे में रहता है तब बिनु खान की बातें सुनकर लगा की हमें भी घर मिल जायेगा क्योंकि वह नगर निगम में ही बैठती थी और सब लोगों से अच्छा बातचीत करती थी ये देख कर हमें भी विश्वास हो गया और हम तीनों भाई बहन रचना दुबे, अर्चना तिवारी, विजय तिवारी के द्वारा 10-10 हजार रूपये करके 30 हजार रूपये बिनु खान के कहने पर उसके पति नरिश खान को महिन्द्रा आटो सेंटर के बाहर 26 दिसंबर 2023 को दिया गया।

# समितियों से शत प्रतिशत धान का उठाव करें सुनिश्चित : कलेक्टर अग्रवाल



■ कलेक्टर ने खाद्य, सहकारिता, नान एवं मार्कफेड विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खाद्य, सहकारिता, नान एवं मार्कफेड विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में जिले के समितियों में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का मिलरों द्वारा उठाव की जानकारी ली। जिन समितियों से शत प्रतिशत धान का उठाव नही हुआ है, उनके कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने बचे हुए समितियों से शत प्रतिशत धान का उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्राथमिकता के साथ इस कार्य को संपादित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने एफसीआई और नान में अरवा और उसना चावल जमा करने की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। खाद्य विभाग द्वारा किए जा रहे राशन कार्डो के ई-केवाईसी की जानकारी लेकर बचे हुए लोगों का ई केवाईसी कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने खाद्य विभाग से जिले के शासकीय राशन दुकानों में खाद्यान्न भंडारण और वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने भंडारण और वितरण तय समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों के शासकीय राशन दुकानों में भी प्राथमिकता के साथ चावल, नामक एवं शक्कर भंडारित कर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समितियों में उर्वरक एवं बीज के भी भंडारण और वितरण की जानकारी ली। इस दौरान बैठक में खाद्य, सहकारिता, मार्कफेड एवं नान विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खरीफफसल कार्यक्रम के लिए किसानों को मांग के अनुरूप बीज-खाद उपलब्ध करवाने के निर्देश

# कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, रेशम तथा क्रेडा विभाग की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◀ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, क्रेडा, बीज निगम, मंडी बोर्ड, सहकारी बैंक तथा रेशम विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को हितग्राहीमूलक कार्यों के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। जिससे कि पात्र किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले।

किसानों को धान के अलावा अन्य फसलों से भी आमदनी हो, इसे ध्यान रखते हुए खरीफ फसल सीजन में धान के साथ ही कोदो-कुटकी एवं रागी जैसे लघु धान्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए पहल करे। टिकरा एवं मरहान भूमि में इन लघु धान्य फसलों की पैदावार लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर उन्हें बीज और आवश्यक आदान सहायता उपलब्ध करवाएं। खरीफ फसल कार्यक्रम के लिए किसानों को मांग के अनुरूप बीज-खाद सुलभ कराया जाए। वहीं अधिकाधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करवाएं, जिसमें वनाधिकार पट्टेधारी किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर केसीसी प्रदान किया जाए। इसके अलावा विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं समवर्गीय विभाग के मैदानी अमले द्वारा जिले में अच्छे से कार्य करे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान खरीफ सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संस्थावार खाद, बीज, उर्वरक का भण्डारण एवं कृषि ऋण की भी जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफसीजन के लिए 12 हजार 783 क्विंटल बीज का भण्डारण एवं 11 हजार 841 मिट्रीक टन उर्वरक का भण्डारण कर लिया गया है। विभिन्न समितियों में भण्डारण कराकर किसानों को दोनों कम्पोस्ट खाद कृषि ऋण के रूप में प्रदाय की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि कृषि बीज, खाद, उर्वरक का गुणवत्ता जांच अनिवार्य रूप से कराये ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं उर्वरक मिल सके। उन्होंने जिले के सक्रिय कृषकों की जानकारी ली, इस पर बताया गया कि जिले में 1 लाख 13 हजार 66 सक्रिय कृषक है। इनमें से 99 हजार 555 किसानों का ई-केवाईसी पूरा कर लिया है। जिनमें से 95 हजार से किसानों का बैंक में आधार सिडिंग कर लिया गया है। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी ने बताया कि किसानों के लिए खरीफसीजन 2024-25 के लिए 233 करोड़ का ऋण वितरण लक्ष्य रखा गया है। जिसका वितरण समितियों के माध्यम से पात्र किसानों किया जा रहा है। कलेक्टर ने रेशम विभाग के अधिकारियों को रेशम से धागा निकालने के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को धागा बनाने प्रेरित करने कहा।

उन्होंने मछलीपालन के लिए शत प्रतिशत तालाबों को लीज पर देने और मत्स्य बीज उपलब्ध कराने कहा। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गोवंशी पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, वत्सोत्पादन अधिक से अधिक कराने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान कार्य स्थल पर कार्यो की जानकारी सूचना पटल पर अंकित कराये, जिसमें कार्य का नाम, क्रियान्वयन एजेंसी का नाम, लागत, प्रारंभ तिथि एवं पूर्णतः तिथि का उल्लेख हो। इस अवसर पर कृषि, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन, रेशम, सहकारिता एवं क्रेडा विभाग प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## जेसीबी की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**रायगढ़।** जेसीबी बैक करते समय उसकी चपेट में आने से एक श्रमिक की मौत हो गई। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुदामा राठिया उम्र 32 साल पिता छोटेलाल राठिया निवासी भालूनारा घरघोड़ा पूंजीपथरा में स्थित राधे गोविंद स्टील में श्रमिक के रूप में कार्यरत था। बीती देर रात तकरीबन 3 बजे कोयला चूरा गोदाम के पास कंपनी के अंदर जेसीबी को पीछे करते समय सुदामा राठिया जेसीबी की चपेट में आ गया जिससे उसके कमर व सीने में गंभीर चोट लगने की वजह से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत की सूचना के बाद सिटी कोतवाली ने मर्ग दर्ज कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के शव को परिजनों को सौंप दिया।

## संपादकीय

### भयानक गर्मी स्वास्थ्य को खतरा

**भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी** ने भयानक गर्मी की चेतावनी दी है जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने उत्तर-पूर्वी भारत में अगले सप्ताह भयानक गर्मी और लू का पूर्वानुमान लगाया है। यह घोषणा लगातार लगातार तापमान बढ़ने के बीच आई है। इससे लोगों की बेहतरी व सुरक्षा के समक्ष व्यापक चुनौतियां पैदा होती हैं। तापमान के खतरनाक स्तर तक पहुंचने को देखते हुए भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी ने नागरिकों, अधिकारियों तथा स्वास्थ्यसेवा प्रदाताओं को इसके प्रभावों से मुकाबला करने की सलाह दी है। भयानक गर्मी का अर्थ लंबे समय तक बहुत अधिक तापमान बने रहने के साथ अक्सर आर्दता का स्तर बहुत बढ़ना होता है। इससे गर्मी-संबंधी बीमारियों व मौत तक का खतरा पैदा हो सकता है। उत्तर पूर्वी भारत में राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ भाग तथा मध्य प्रदेश राज्य शामिल हैं। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण इनको अत्यधिक गर्मी का खतरा खासतौर से होता है। लंबे समय तक बहुत अधिक तापमान के संपर्क में रहने के कारण लोगों को विभिन्न तकलीफें हो सकती हैं। इनमें थकावट, लू लगना, निर्जलीकरण तथा शरीर में ऐंठन शामिल हैं। मौसम की ऐसी अत्यधिक खराबी वाली स्थितियां पहले से ही संकटग्रस्त लोगों के लिए जोखिम और बढ़ा देती हैं जिनमें वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें तथा स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे लोग शामिल हैं। गर्मी-संबंधी बीमारियां तेजी से उभर कर फैल सकती हैं जिससे निपटने के लिए तत्काल चिकित्सा सहायता जरूरी होती है। पीड़ित लोगों में सुस्ती, मिचली, दिल की धड़कन तेज होना, भ्रम व बेहोशी जैसी स्थितियां पैदा



हो सकती हैं जिनको गंभीरता से लिया जाना चाहिए। निश्चित रूप से कोई भी व्यक्ति प्रकृति से लड़ नही सकता है, पर उसे हमेशा इसके बुरे प्रभावों से अधिकाधिक सीमा तक बचाने का प्रयास किया जा सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के विपरीत प्रभावों से बचाने के लिए नागरिकों में समग्र जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इन अभियानों में नागरिकों को भयानक गर्मी और लू से पैदा होने वाले जोखिमों से निपटने और इससे बचने के निरोधक उपायों के बारे में जानकारी दी जा सकती है। फुटपाथों व मलिन बस्तियों में रहने वालों के स्वास्थ्य को अधिक खतरा होता है। संकटग्रस्त जनसंख्या को महत्वपूर्ण सहायता देने के लिए 'कूलिंग सेंटरों' की व्यवस्था होनी चाहिए जहां एयरकंडीशनिंग, पंखों व पानी की समुचित व्यवस्था हो। लोगों को समुचित मात्रा में पानी पीते रहने तथा भयानक गर्मी के समय ठंडे व छायादार स्थानों में ठहरने को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। 'प्याऊ' की पुरानी व्यवस्था समाप्त होने के बाद अब पानी केवल बोतलों में ही उपलब्ध होता है। सरकार को 'वाटर कियोस्क' की व्यवस्था करनी चाहिए जहां लोगों को आवागमन के समय मुफ्त स्वच्छ पेयजल मिल सके। इसके साथ ही शहरी नियोजन रणनीतियों में हरित स्थल बनाने, पेड़ लगाने तथा ऐसी प्रत्यावर्तन सतहें बनाने पर ध्यान देना शमिल किया जाना चाहिए जो शहरी 'हीट आईलैंड प्रभाव' को न्यूनतम कर आरामदेह तापमान सुनिश्चित कर सकें। गर्मियों में पानी की कमी और बिजली की कटौती से स्थितियां और बिगड़ सकती हैं। ऐसे में अधिकारियों को बिजली कटौती न्यूनतम रखने तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए। उत्तर-पूर्वी भारत में भयानक गर्मी को देखते हुए सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देना जरूरी है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सतर्क व सही सूचनाओं से लैस रहने तथा जोखिम घटाने के प्रयास करने की चेतावनी है।

# श्रीलंका में युद्ध के भयावह परिणाम

अवर्णनीय भयावहता तथा लगातार जारी हिंसा की भयानक यादें अभी जनमानस में जीवित हैं। इससे युद्धों की भयावह मानवीय विभीषिका पर गंभीर समझदारी की आवश्यकता उजागर होती है।



नीलांत इलांगमुवा
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



पंद्रह साल पहले आज जैसे किसी दिन अंतिम गोली चली थी जिससे श्रीलंका में 30 साल लंबे युद्ध का अंत हुआ था। अब उस समय की भयानक यादें स्मृतियों का हिस्सा बन गई हैं, लेकिन उसकी यादें अभी भी लोगों को झकझोर देती हैं। मेरा उद्देश्य यहां राजनीतिक विश्लेषण करने के बजाय अवर्णनीय मानवीय त्रासदी पर गौर करना है जिसका सामना इस देश के लोगों को करना पड़ा था। यह कष्ट केवल उन लोगों तक सीमित नहीं था जहां भयानक युद्ध छिड़ा था, न ही इसका संबंध किसी खास समुदाय से था जिसे उत्पीड़न के लिए चुना गया था। अनेक प्रकार से उस समय पूरा देश अनेक प्रकार के दुश्मनों से लड़ रहा था। एक मासूम बच्चे के रूप में मेरे मन में उन दिनों की भयानक त्रासदियां जमी हुई हैं। उस समय मेरी आयु केवल 6 साल थी।

गांव में दूसरे लोगों की तरह मैं अपनी मां का हाथ पकड़े उस समय जल्दी से एक स्थान पर पहुंचा था। हम सबने अधजली लाशों को देखा था। मौतों की भयावह छाया हमारे ऊपर हावी थी और हम उसकी पकड़ से किसी तरह बचने का प्रयास कर रहे थे। जहां हमारे समुदाय के लोग रहते थे वहां सड़क के किनारे एक लाश पड़ी थी। कुछ लोग आग से आधे जल चुके थे और उनकी चीखें वातावरण में गूंज रही थीं। ऐसा लगता था कि कुछ क्रूर लोगों ने हमारा भविष्य अंधकारमय कर दिया था। आज भी हमलावरों की पहचान रहस्य बनी हुई है, लेकिन उनकी क्रूरता असीम थी। हिंसा के उस दौर में उनको पीड़ितों के परिवारों की जरा भी चिन्ता नहीं थी। वे लोगों की बेलगाम तरीके से हत्यायें कर रहे थे। वह दुर्भाग्यपूर्ण दिन मुझे आज भी अराजकता और निराशा से ध्वस्त हुई अपनी दुनिया की याद दिलाता है। किसी मरे हुए आदमी की खोपड़ी पीड़ा की प्रतीक की तरह पड़ी थी। कभी यह आदमी भी मुस्कराता होगा, पर अब उसके दांत निर्जीव चेहरे से बाहर झांक रहे थे। किसी जलते हुए टायर के प्रकाश में लाशें ही लाशें दिख रही थीं। ये उन उत्पीड़कों की हिंसा और क्रूरता की निशानी थीं जिन्होंने हमारे समुदाय पर पूरी बर्बरता और नृशंसता से हमला किया था।

लेकिन यह श्रीलंका में जन विमुक्ति पेरामुना-जेवीपी के दूसरे विद्रोह से पैदा अराजकता का केवल एक प्रकरण था। उस समय की भयावहता अब भी मेरे दिमाग में जीवित है। यह इस बात का प्रतीक है कि कैसे एक पीढ़ी हिंसा और निराशा से भरी दुनिया में पली-बढ़ी थी। इस पीढ़ी के माता-पिता के लिए जीवित बचे रहना ही एकमात्र लक्ष्य था और हर दिन वे मौत के शिकंजे में फंसने से बचने के लिए संघर्ष करते थे।

ऐसे में राज्य के साथ खड़े होने पर क्रांतिकारियों के गुस्से का शिकार बनना था जो अचानक कहीं से प्रकट होते और अपनी समझ से 'न्याय' कर गायब हो जाते थे। इसके उलट, क्रांतिकारियों से जुड़ने का अर्थ राज्य मशीनरी से तत्काल क्रूर प्रतिक्रिया का शिकार बनना था जो विरोधियों की तलाश करने और उनसे क्रूरतापूर्वक निपटने में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। यह उस युग का कटु यथार्थ था जिसकी कोई सीमा नहीं थी और जिसमें दया का कोई स्थान नहीं था। देश के सिंहली-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में विद्रोह की ज्वालायें बेलगाम होकर भड़क रही थीं, जबकि तमिलों और मुसलमानों के प्रभुत्व वाले उत्तरी व पूर्वी क्षेत्रों में भी आतंक पसरा था। यह उन सभी लोगों के लिए भय का कारण था जो यथास्थिति को चुनौती देने की हिम्मत करते थे। इस प्रकार विभाजित स्थितियों वाले देश में नस्ली और वैचारिक सीमायें धुंधली हो गई थीं तथा लगातार हिंसा व निरपराध लोगों की पीड़ा की कोई सीमा नहीं थी। हाईस्कूल में पढ़ाई के दौरान मैंने देश में तमिल सशस्त्र समूहों व खासकर लिबरेशन टाइगर्स आफ तमिल ईलम-लिट्टे की भयावह छाया फैलती देखी। भूटान के थिम्पू में शांति वार्ताओं के बाद लिट्टे ने अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए क्रूर अभियान चलाया। उसने उन सभी तमिल समूहों का सफाया कर दिया जो उसके अधिकार को चुनौती देते थे। श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा तमिलनाडु की राज्य सरकार द्वारा पहले समर्थित समूहों को भी इस अत्याचार से मुक्ति नहीं मिली। लिट्टे स्वयं को तमिल हितों के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में स्थापित करना चाहता था।

इस खूनी संघर्ष के साथ ही लिट्टे ने आतंक की एक लहर पैदा की जिसका उद्देश्य उत्तरी प्रायद्वीप से सिंहलियों व मुसलमानों को जबरन बाहर निकालना था। उसे अपने घर व आजीविका छोड़ कर भागने वालों की जरा भी चिन्ता नहीं थी। अनेक मुस्लिम इस भयानक हिंसा से बचने के लिए हर संभव परिवहन साधन से भाग कर सरकार-नियंत्रित क्षेत्रों में पहुंचने लगे। उनको उम्मीद थी कि वहां वे अराजकता से मुक्त होकर अपने घर बना सकेंगे। इन विस्थापित लोगों में दृढ़ता व विजय की अनेक कहानियां सामने आईं क्योंकि उनमें से अनेक अपना जीवन व्यवस्थित करने में सफल हुए। उनमें से कुछ अंततः प्रमुख बिजनेसमैन व प्रभावशाली राजनेता बनने में सफल हुए। लेकिन उनकी इन विजय गाथाओं में विस्थापन और नुकसान की त्रासदियां छिपी थीं। इस सफलता के लिए उनको टकराव और उथलपुथल के कारण भयानक मानवीय कष्ट उठाने पड़े थे। लिट्टे द्वारा फैलाया आतंक बहुत सटीक ढंग से काम करता था अपनी फासिस्ट विचारधारा का विरोध करने वाले किसी व्यक्ति को छोड़ता नहीं था।

इसकी शुरुआत प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के सफाए से हुई। इसके बाद उसकी हिंसा का शिकार न केवल दूसरे नस्ली समुदाय, बल्कि तमिल बुद्धिजीवी भी थे जो दूसरे राजनीतिक समीकरणों की वकालत करते हुए आत्मनिर्णय के अधिकार की पैरवी करते थे। जाफना में रजनी थिरांगमा की हत्या हुई जो सम्मानित बुद्धिजीवी तथा तमिल अधिकारों की पैरोकार थीं। यह लिट्टे द्वारा अपने विरोधी स्वर कुचलने का एक उदाहरण था। सुश्री रजनी के पिता ए. राजासिंघम ने कुछ साल बाद कोलम्बो में मुझसे बात करते हुए अपनी बेटी की असमय हत्या का हृदयविदारक वर्णन किया था। उनके वर्णन से स्पष्ट होता है कि लिट्टे तमिल लोगों पर अपनी इच्छा थोपने के लिए हिंसा और दबाव की किस सीमा तक जा सकता था। तमिल बुद्धिजीवियों की संख्या कम करने के बाद लिट्टे ने अपना नया लक्ष्य तय किया। वह बच्चों की अपनी कतारों में भर्ती करने लगा। हजारों मासूम किशोरों को जबरन उनके परिवारों से छीन लिया गया, उनको अथक रूप से 'वैचारिक घुट्टी' पिलाई गई और इसके बाद युद्धक्षेत्र में झोंक दिया गया। इन मासूम बच्चों और किशोरों को इतने भारी हथियार लादने और ढोने के लिए मजबूर किया गया जो उनकी आयु तथा भार वहन सीमा से बहुत अधिक थे।

लिट्टे ने इनमें से कुछ बच्चों और किशोरों को आत्मघाती हमलावरों में बदल दिया। इन आत्मघाती आतंकियों के माध्यम से राजनेताओं तथा निहत्थे नागरिकों को समान रूप से निशाना बनाया गया ताकि लिट्टे का वर्चस्व स्थापित हो सके। युद्ध संवाददाता के रूप में मैंने इन 'बाल सैनिकों' की पीड़ा निकट से देखी है जिनमें से कुछ अपने हथियारों को ठीक से उठा तक नहीं पाते थे। उनमें से अनेक कुपोषित थे और उनके हड्डियों के ढांचे उनकी मजबूरी बताते थे। ये बच्चे भी अन्य बच्चों की तरह स्कूल जाने के सपने देखते थे, लेकिन वे कभी पूरे नहीं हुए। लिट्टे द्वारा ढाए अत्याचारों की कोई सीमा नहीं थी। उन्होंने अनेक निरपराध लोगों पर अत्याचार ढाने के साथ ही उन लोगों की जेबें भी भरीं जो इस अराजकता में मुनाफा कमा रहे थे।

सुदूर पश्चिमी देशों में भी रहने वाले तमिल लिट्टे के आतंक, वसूली और उत्पीड़न का शिकार हुए। उनको हिंसा या श्रीलंका में रहने वाले अपने प्रिय जनों की हत्या की धमकी पर लिट्टे को पैसा देने के लिए मजबूर किया गया। लेकिन 'ह्यूमन राइट्स वाच' जैसे संगठनों की रिपोर्टों के बावजूद तथाकथित 'स्वतंत्रता संघर्ष' के नाम पर किए गए उसके अत्याचारों पर पर्दा डाला गया तथा उसे महिमामंडित किया गया। अंततः मई, 2009 में तीन दशक लंबे इस युद्ध का अंत हुआ। इस 'विजय' का उत्सव मनाने के बजाय एक राष्ट्रीय चेतना का विकास किया जाना चाहिए जहां शांति सबका साझा लक्ष्य बने तथा आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षा प्रदान की जा सके।

# भारत में परमार्थ का बदलता स्वरूप

> परोपकारी आंदोलन में एक बड़ी छलांग के लिए मंच तैयार है, जो 'अधिक, शीघ्र और बेहतर दान' के युग की शुरुआत करेगा।

अमिताभ जयपुरिया
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



भारत हमेशा से परोपकार की अवधारणा वाला देश रहा है। इस लोकाचार ने कई परोपकारी लोगों को जन्म दिया है, जिन्होंने बहुत योगदान दिया है और आधुनिक भारत की कई महान संस्थाओं के निर्माण और समर्थन में मदद की है। टाटा इस तरह के आधुनिक भारतीय परोपकार का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज, भारत में परोपकार, दान की मात्रा और गुणवत्ता दोनों के संदर्भ में एक परिवर्तनकारी मोड़ पर है। नाइट फ्रैंक की 2023 की संपत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल्स की संख्या अगले पांच वर्षों में 58 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगी। भारत ने पिछले दशक में कई यूनिकॉर्न का उदय देखा है और अगले कुछ वर्षों में 9150+ यूनिकॉर्न का उदय देखने को मिलेगा, जो कि संपत्ति में भारी उछाल का संके त है। यह सौभाग्य की बात है क्योंकि परोपकारियों पर अधिक परोपकार की मांग बढ़ती ही जाएगी, जिसकी हमें उम्मीद है कि परोपकारी दान में भी वृद्धि होगी।

यूएचएनआई भारत में दान के परिदृश्य को फिर से परिभाषित कर रहे हैं- वे अब दान की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से शामिल हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए समय समर्पित कर रहे हैं कि उनकी संपत्ति पर्याप्त प्रणालीगत सुधारों को आगे बढ़ाए। अमित और अर्चना चंद्रा, आशीष धवन, अजीत इसाक, हर्ष मारीवाला, क्रिस गोपालकृष्णन, रोमेश और सुनील वाधवानी, देश देशपांडे और विक्रांत भार्गव नए युग के परोपकारियों के कुछ बेहतरीन उदाहरण हैं, जो संस्था निर्माण और प्रणालीगत परिवर्तन परियोजनाओं सहित परोपकारी पहलों का एक पोर्टफोलियो विकसित कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति के वल तेज होने वाली है।

उभरने वाली एक और प्रमुख प्रवृत्ति परोपकारियों की औसत आयु में क्रमिक कमी है। ये युवा और नए दानकर्ता, जो वर्तमान पारिवारिक लाभार्थियों और पहली पीढ़ी के धन सृजनकर्ताओं दोनों का प्रतिनिधित्व करते हैं, दान देने के लिए अभिनव और विघटनकारी दृष्टिकोणों के साथ पारंपरिक बाधाओं को तोड़ रहे हैं और स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आजीविका के ऐतिहासिक रूप से पसंदीदा क्षेत्रों से परे मुद्दों को संबोधित करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। युवा, प्रतिबद्ध और तकनीक-प्रेमी पेशेवरों द्वारा संचालित जमीनी स्तर के संगठनों की अगली पीढ़ी के साथ मिलकर नेक्स्टजेन परोपकारियों की उभरती हुई जमात आने वाले वर्षों में दान के परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है।

प्रौद्योगिकी उद्यमियों का अनुपात भी बढ़ रहा है और इन परोपकारियों ने अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक उदारता से दान दिया है। जबकि वे इस क्षेत्र में कुल संपत्ति का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं, उनका परोपकारी योगदान सभी दान का लगभग 35 प्रतिशत है-अजीम प्रेमजी, इन्फोसिस के संस्थापक, रोहिणी नीलेकणी, शिव नादर, कामथ बंधु, सुब्रतो बागची और संजीव बिखचंदानी टेक क्षेत्र के नए युग के परोपकारियों के बेहतरीन उदाहरण हैं। परिवार के दानदाताओं की युवा पीढ़ी में विशेषाधिकार के प्रति संवेदनशीलता भी बढ़ रही है और वे तेजी से उस विशेषाधिकार का उपयोग कर रहे हैं। उनमें से कुछ परोपकार के लिए समर्पित पेशेवर रास्ते भी बना रहे हैं। हालाँकि, भारत में यूएचएनआई दान में कई सकारात्मक रुझानों के बावजूद, चुनौतियाँ बनी हुई हैं। सबसे पहले, भारत के यूएचएनआई को अपने दान के सापेक्ष अनुपात को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। दान की वर्तमान दर धन संचय की गति से मेल नहीं खाती। बैन एंड कंपनी की 2023 इंडिया फिलैंथ्रोपी रिपोर्ट बताती है कि विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी के योगदान को छोड़कर, यूएचएनआई दान में वित्तीय वर्ष 2022 में 5 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि उनकी संपत्ति में 9 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। साथ ही, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूके और चीन में अपने साथियों की तुलना में, भारतीय यूएचएनआई अपनी संपत्ति के सापेक्ष काफी कम योगदान देते हैं, कुछ मामलों में, दान 10 गुना तक कम है। दूसरा, परोपकारी कारण अधिक विविध और विविध होते जा रहे हैं, क्योंकि कुछ कारण अधिक जरूरी हो गए हैं जैसे जलवायु परिवर्तन और मानवीय संकट जबकि पारंपरिक कारण-शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, गरीबी उन्मूलन और आजीविका-एजेंडे में सबसे ऊपर बने हुए हैं। भारत में खेल, कला और संस्कृति और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई अन्य नए और अक्सर उपेक्षित कारणों को संबोधित करने के लिए परोपकारी पूंजी का भी तेजी से उपयोग किया जा रहा है। इसलिए, कारणों के लिए उचित परोपकारी पूंजी को प्राथमिकता देना और आवंटित करना महत्वपूर्ण हो जाता है।

तीसरा, यूएचएनआई को अधिक समय और प्रयास देकर परोपकार में खुद को अधिक शामिल करने की आवश्यकता है। उन्हें अपने संसाधनों-धन, समय और प्रयास को एकत्रित करने के लिए अन्य परोपकारी लोगों के साथ अधिक सहयोग करने की भी आवश्यकता है और अधिक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने, बेहतर संस्थान बनाने और बदलाव लाने के लिए नए मॉडलों के साथ प्रयोग करने की आवश्यकता है। उन्हें यह देखने के लिए भी प्रयोग करने की आवश्यकता है कि लगभग सभी क्षेत्रों, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल और जलवायु परिवर्तन में सेवाओं और सेवा वितरण को बदलने और बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ कैसे उठाया जा सकता है। इस परिवर्तन में दानकर्ता और दान प्राप्त करने वाले के बीच एक नए समझौते से भी सहायता मिलेगी जो अधिक पारस्परिक सम्मान पर आधारित है और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सभी हितधारकों की अधिक भागीदारी को देखता है कि संसाधनों को कहां, कैसे और कब लगाया जाए और प्रभाव को कैसे मापा जाए। हम उम्मीद कर सकते हैं कि 2024 भारत में परोपकारी आंदोलन के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा, जिसमें पहले से कहीं अधिक, जल्दी और बेहतर दान दिया जाएगा। व्यक्तिगत परोपकार भारत में कई चुनौतियों को हल करने में एक अद्वितीय उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है, समय अभी है।

## आप की बात

### संपत्ति का अधिकार

**सुप्रीम कोर्ट** ने भूमि अधिग्रहण को लेकर एक अहम फैसला दिया है। अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को संपत्ति के अधिकार से वंचित करने से पहले उचित प्रक्रिया स्थापित नहीं की गई या उसका पालन नहीं किया गया तो निजी संपत्तियों का अनिवार्य अधिग्रहण असंवैधानिक होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में जमीनों को कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। जहां से भी सड़कें व हाईवे निकलते हैं वहां आसपास की जमीन के दाम कई गुना बढ़ जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब सरकार को अधिग्रहीत की जाने वाली जमीन का मुआवजा बाजार मूल्य से देना चाहिए अथवा संबंधित पक्ष को संतुष्ट कर दूसरी जगह वाणिज्यिक प्रयोग वाली जमीन देनी चाहिए। अनेक मामलों में लोग सरकार द्वारा दिए मुआवजे से अधिक की मांग करते हैं और संगठित रूप से अपनी जमीन नहीं देने के लिए आंदोलन करने लगते हैं। देश के लिए सड़क व अन्य ढांचागत संरचना निर्माण बहुत आवश्यक है। अतः सार्वजनिक उद्देश्य से भूमि अधिग्रहण पर सरकार को समय-समय पर निर्देश जारी करते रहना चाहिए। इसमें निजी क्षेत्र के बिल्डरों को भी सहभागी बनाने से नगर नियोजन में सुविधा मिलेगी तथा लोग ठगी से बच सकेंगे।

**-सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### मालीवाल से बदसलूकी

**महिला आयोग** की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार द्वारा की गई बदसलूकी की जितनी निंदा की जाए कम है। जो महिला देश में महिला-अधिकार के लिए संघर्षरत है और उत्पीड़ित महिलाओं को राहत दिला रही है उसी के साथ बदसलूकी अत्यंत अशोभनीय और चिंतनीय है। विडंबना है कि इस प्रकरण पर आम आदमी पार्टी-आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल एक शब्द नहीं बोले और उनकी पार्टी की एक महिला मंत्री पूरे मामले पर लीपापोती का प्रयास कर रही हैं। मालीवाल प्रकरण से आप और अरविंद केजरीवाल की असलियत जनता की नजरों में उजागर हो चुकी है। मालीवाल प्रकरण इस बात का उदाहरण है कि प्रधानमंत्री मोदी पर तानाशाह बनने का आरोप लगाने वाले केजरीवाल अपनी पार्टी में मत-भिन्नता तथा उभरते नेताओं को कैसे कुचलते हैं। मालीवाल को भाजपा का एजेंट बता कर अपने पीए को बचाने के प्रयास और निंदनीय हैं। कहा जाता है कि पीए ने केजरीवाल की असलियत उजागर करने की धमकी दी थी, इसलिए उसके बचाव का प्रयास हो रहा है। इस प्रकारण से स्पष्ट है कि आप कोई राजनीतिक पार्टी न होकर बेईमानों का गिरोह है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### भयभीत केजरीवाल

**अरविंद केजरीवाल** ने कहा है कि यदि जनता लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को चुनती है तो फिर मुझे जेल नहीं जाना पड़ेगा। वैसे केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 2 जून को फिर पुलिस के समक्ष हाजिर होकर जेल जाना पड़ेगा। यह अलग बात है कि 4 जून को परिणाम आने के बाद नई सरकार का गठन होने और उसे केजरीवाल प्रकरण पर निर्णय करने में कितना समय लगेगा। वैसे तो सारे संकेत इसी बात के हैं कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और वे भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान तेज कर सकते हैं। चुनाव प्रचार में केजरीवाल तथा इंडिया गठबंधन के नेता चाहे जो कहें, पर वे सभी यह हकीकत जानते हैं। ऐसे में केजरीवाल भाजपा-समर्थक मतदाताओं में भय पैदा करने के लिए 75 वर्ष की आयु में मोदी के इस्तीफे, अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटाने जैसी अफवाहें फैलाने में जुटे हैं। भयभीत केजरीवाल यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि देश की आम जनता और खासकर भाजपा-समर्थकों में मोदी, शाह और योगी का सम्मान सर्वोपरि तथा विवादों से परे है। इस प्रकार केजरीवाल अपनी हताशा और निराशा की ही अभिव्यक्ति कर रहे हैं।

**- एमएम राजावत**, शाजापुर

### सरकार की जिम्मेदारी

**सुप्रीम कोर्ट** ने उत्तराखंड सरकार को फटकार लगाई है कि जंगलों में लगी आग की रोकथाम के लिए गंभीर और कारगर कदम क्यों नहीं उठाए गए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर विचार करते हुए उत्तराखंड सरकार से पूछा था कि वन कर्मियों को चुनाव संबंधी कार्यों एवं चारधाम यात्रा प्रबंधन में क्यों लगाया गया है? सुप्रीम कोर्ट ने लचर व्यवस्था का हवाला देते हुए यह भी पूछा है कि आपने जंगलों में लगी आग की रोकथाम के लिए पर्याप्त फंड क्यों जारी नहीं किया एवम वन विभाग की रिक्तियां क्यों नहीं भरी जा सकी हैं? उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख को देखते हुए उत्तराखंड सरकार वन-प्रबंधन तथा जंगलों को आग से बचाने के ठोस और कारगर उपाय करेगी। उत्तराखंड धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से एक समृद्ध राज्य है। यहां देश-विदेश से पर्यटक और श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर आने के साथ ही हरिद्वार, ऋषिकेश एवं अन्य रमणीक पर्यटक स्थलों पर साल भर आते हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि वह चारधाम यात्रा प्रबंधन के साथ ही वनों व प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करे।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के 25 विद्यार्थियों का यंग साइंटिस्ट इंडिया साइंटिस्ट वर्ग के लिए चयन

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के यंग साइंटिस्ट इंडिया ग्रैंड फिनाले चेन्नई में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के छात्र पहला (स्पेस) अंतरिक्ष विज्ञान, दूसरा 'इलेक्ट्रॉनिक्स', तीसरा 'एप डेवलपमेंट', चौथा 'रोबोटिक्स' साइंटिस्ट वर्ग में कुल 25 छात्र-छात्राओ का जिसमें कक्षा 8 वी से कक्षा 12 वी तक के स्कूल से विद्यार्थियों का चयन हुआ हैं यह सभी विद्यार्थी वैज्ञानिक प्रतिभा की धनी है। सायंटिस्ट क्षेत्र में व नवाचार के साथ विभिन्न आइडिया वर्किंग मॉडल के साथ मंगाया गया था। जिसमे इन पच्चीस बच्चों का चयन हुए हैं।

चंद्रपाल चन्द्राकर -आर्मी मिशन नर्सरी प्लांट, पुष्पेन्द्र साहू -रोपण मशीन के लिए मधुमक्खी, लवकेश चन्द्राकर एवं इंद्रजीत कौशल-ओवर सेफ्टी ड्राइव, लोमश देवांगन-शहर के अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, राहुल चंद्राकर- जो लोगों के लिए उपकरण, शिवम सिंह ठाकुर- ईवी- वाहन में लगा पोर्टेबल चार्जर,राघवेन्द्र चन्द्राकर-फसल फाइलिंग मशीन, सत्यम सिंह ठाकुर-वाहन अग्नि सेंसर, जानकी चन्द्राकर- वर्षा से फसल की सुरक्षा, जेम्स हलधर- सुरक्षा दुर्घटना सेंसर, धर्मेंद्रजायसवाल-सोलर पैनल रिक्शा, आदित्य देवांगन- रोबोट प्रमुख, दिनेश साहू- ट्रक हाइड्रोलिक व्हील आपातकालीन, अभय साहू-वाहन द्वारा ठोस सामग्री को खाली करें, रश्मि त्रिपाठी एवं आकांक्षा देवांगन- स्टेशन डिटेक्टर, हर्ष गुप्ता एवं मौली गुप्ता ड्राइवर के लिए एंटी स्लीप अलार्म, दामिनी चन्द्राकर-इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पुष्केश्वर निर्मलकर- वाहन में असुरक्षा चिंताजनक पर बचाव, महेश चन्द्राकर-ट्री सेफ़र मशीन, सीता राम चन्द्राकर-ब्लाइंड हेल्पर ऐप, केशव कुमार साहू-यातायात टरबाइन ऊर्जा,आशुतोष द्ववेदी- बिना हाथ वाले लोगों के लिए काम करने वाला हाथ यह विभिन्न आडिया के साथ चयन हुआ हैं, स्पेस किट्ज इंडिया व यंग साइंटिस्ट इंडिया की ओर से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन कराया जाता है जिसमे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के विद्यार्थिगण इस आयोजन का हिस्सा बनते हैं यह आयोजन 2015 से प्रारंभ हुआ है इस सत्र में यह दसवीं संस्करण है। प्राचार्य पी एल जायसवाल ने जानकारी साझा किया है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्याथीयी का 'स्पेस किड्स इंडिया संस्था 'के ग्रैंड फिनाले के दसवें संस्करण में यंग साइंटिस्ट इंडिया चैलेंज 2023-24 प्रतियोगिता में चयन हुआ है, यह प्रतियोगिता चेन्नई में 19 व 20 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। विद्याथीयी ने सभी चारों वर्गों में भाग लेकर परचम लहरा दिया हैं, चारों वर्गों में चयनित हुए विद्याथीयी द्वारा चेन्नई में क्रियात्मक मॉडल के साथ प्रस्तुति प्रस्तुत करना होगा। यंग सांइटिस्ट इंडिया के प्रमुख व सी ई ओ केशन सहित देश-विदेश के बड़े-बड़े वैज्ञानिक जज के रुप उपस्थित रहेंगे। हमारे भारत के शिक्षा विभाग व देश के तमाम बड़े वैज्ञानिकों द्वारा इस प्रस्तुति के आधार पर प्रथम से लेकर टॉप 16 विद्यार्थियों को पुरुस्कार में चैक, सहित सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल व मेमोंटो भी प्रदान किया जाएगा। यह खबर सुनकर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई है। विद्यालय के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने सभी विद्यार्थियों व उनके माता-पिता व अध्यापको सहित सभी को बहुत बहुत बधाई व शुभकामनाएं दिए हैं।

# बढ़ते कदम परिवार संस्था की ओर से सकोरा और कोटना का किया वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बढ़ते कदम परिवार संस्था की ओर से 19 मई की संध्या शहर के गुप्ता चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास सकोरा और कोटना वितरण का कार्यक्रम रखा गया । बढ़ते कदम परिवार मानव सेवा के साथ-साथ बेजुबान पक्षियों एवं पशुओं की सेवा के लिए भी हमेशा प्रयासरत रहती है द्य यह संस्था पिछले दो वर्षों से दल्ली राजहरा में दाना ,सकोरा एवं कोटना का निःशुल्क वितरण करते आ रही है द्य संस्था का मूल उद्देश्य बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करना है द्य संस्था के वरिष्ठ सदस्य गोविंद वाधवानी ने बताया कि बढ़ते कदम संस्था की ओर से पक्षियों को पानी देने के लिए 200 नग सकुरा तथा पशुओं को पानी और भोजन देने के लिए 40 नग कोटना बांटा गया है। कई स्थानों पर जहां पशुओं की आवा जाही रहती है ,वहां संस्था के माध्यम से कोटना ले जाकर स्थापित किया गया है द्य हमारी संस्था का मूल उद्देश्य कोई भी पशु और पक्षी पानी के कारण अकाल मौत ना मरे तथा लोग भी संस्था से प्रेरित होकर अपने घरों में तथा घरों के आसपास पशु और पक्षियों के लिए कोटना तथा सकोरा रख सके । इस संस्था के सदस्य दल्ली राजहरा के सभी समाज सेवी है , जो विभिन्न माध्यमों से पशु-पक्षी तथा लोगों की सेवा करते आ रहे हैं द्य जिनमे हैं अध्यक्ष रोशन कुकरेजा गोविंद वाधवानी ,हरीश साहनी और देवेंद्र पंजवानी आदि लोग हैं।

# रेलवे इंस्टीट्यूट दल्लीराजहरा में 31 मई तक निःशुल्क समर कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



रेलवे इंस्टीट्यूट दल्लीराजहरा में 1 मई से 31 मई तक निःशुल्क समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शारीरिक व मानसिक विकास हेतु खेल, योग व अन्य प्रतियोगिता रेलवे इंस्टीट्यूट के मेंबर्स द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमे 320 बच्चे इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। 18 मई को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 17 बच्चे प्रतिभागी रहे। रंगोली के प्रतिभागियों का चयन टी.ज्योति पार्षद, नुनिता ध्रुव व मीनू सिंग द्वारा किया गया । जिसमे 18 वर्ष से ऊपर मुकुल सिंग प्रथम रहे , मुकुल सिंग ने राम सीता को रंगोली के माध्यम से दशार्या व 18 वर्ष से कम उन्नति पांडे प्रथम, ऐश्वर्या द्वितीय व संजना गुप्ता तृतीय रही। 25 मई को जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमे 5 वीं कक्षा से ऊपर के बच्चे अपना नाम एडवर्ड स्टीफन व खेमवती साहू के पास नाम दर्ज करवा सकते है।

# स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में हुआ 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण का आगाज

■ स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में आज 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा की उपस्थिति में हुआ 7 इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी पिंकी मनहर उपस्थित थी। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण मे क्रिकेट, कराते, खो खो, योग व फुटबॉल का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वे जब से बेमेतरा मे ज्वाइन किये उसके दूसरे दिन से ही नियमित रूप से स्टेडियम आ रहें हैं, उन्होंने बेमेतरा के नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे भी आए और स्टेडियम का सदुपयोग करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।खेल को खेल भावना से खेले, खेल मे अपार संभावनाये है।उन्होंने सभी बच्चो को मोबाइल से दूरी बनाने को कहा और उन्हें खूब खेलकर अपनी क्षमता बढ़ाने प्रोत्साहित किया । उन्होंने बच्चों में खेल के प्रति जोश लाने कविता कही कि दम है तो निकलो आगे, मगर अपने आप से, आज थोड़ा, कल ज्यादा और उससे ज्यादा कविता के माध्यम से जोश भरा 7 उन्होंने बच्चों से कहा की अभी आपके पास समय है आप अभी विद्यार्थी है, ज्यादा नही तो कम से कम 1 घंटे आप मैदान मे दे और खेल से जुड़े रहे।

इस अवसर पर एसडीएम पिंकी मनहर ने अपने उद्बोधन मे सभी बच्चो से अपील कर प्रशिक्षण का लाभ लेने की बात कही और आगामी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपना और अपने जिले का नाम रोशन करने को कहा 7 कराते कोच अजय वर्मा ने कराते खिलाडियों से कराते का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। खेल प्रभारी पिंकी मनहर ने सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की। इस अवसर पर स्टेडियम के कर्मचारी, बच्चे आदि उपस्थित रहे।

# दुर्ग लोकसभा के लिए हुए मतदान की गणना के लिए ईवीएम मशीन को लाने के लिए 50 कर्मचारियों की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07- अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून 2024 को प्रातः 08.00 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाना है। जिसके लिए ईव्हीएम (सीयू) मशीनों को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल तक लाने-ले-जाने हेतु विधानसभा क्षेत्र के टेबलवार 50 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी इस कार्य को करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कार्य हेतु नामज़द कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इस बार हर मतगणना टेबल पर एक-एक महिला कर्मचारी भी नज़र आएगी। कलेक्टर ने पिछले मंगलवार को हुई अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे कि मतगणना टेबल पर महिला कर्मचारियों को दायित्व सौपा जाये। बैठक में उन्होंने कहा थाकि महिला कर्मचारियों ने मतदान की प्रक्रिया को भी बखूबी अंजाम दिया है। वह मतगणना कार्य भी अच्छे से निभायेंगी।

विधानसभा क्षेत्र 68- साजा के स्ट्राँग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार थानखम्हरिया मोरध्वज साहू और ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक साजा राकेश वर्मा और बी. आदिनारायण थानखम्हरिया होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 69- बेमेतरा के स्ट्राँग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार बेमेतरा राजश्री पांडेय, ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक बेरला रामदास भांडेकर व लक्ष्मी नारायण शर्मा बेमेतरा होंगे। वही विधानसभा क्षेत्र 70 - नवागढ़ के स्ट्राँग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार नवागढ़ जयंत पाटले को बनाया गया है। ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक कमलेश शर्मा और उदयराम सोंड्रे नवागढ़ को बनाया गया है।

# कुकदुर हादसे पर विधायक भावना बोहरा ने किया दुःख व्यक्त

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



वनांचल क्षेत्र कुकदुर के ग्राम बाहपानी के समीप तेंदुपत्ता संग्रहण करके वापस लौट रही श्रमिकों से भरी पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुखद सड़क हादसे में अबतक लगभग 19 लोगों के निधन होने की पुष्टि की जा चुकी है वहीं लगभग 7 श्रमिकों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सामने आ रही है। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया है। वर्तमान में भावना बोहरा झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा में पार्टी के निर्देश पर प्रवास पर हैं और उन्हें जैसे ही इस दर्दनाक हादसे की खबर मिली उन्होंने अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गई हैं। इसके साथ ही उन्होंने तत्काल अपने प्रतिनिधियों के द्वारा हादसे में हताहत हुए परिवारजनों के घर जाकर उन्हें अंतिम संस्कार हेतु आर्थिक सहयता राशि भी दी है एवं हर संभव मदद देने की बात भी कही है। भावना बोहरा मंगलवार को सुबह सबसे पहले हादसे में हताहत हुए परिवारजनों से भेंट करेंगी। हादसे की जानकारी मिलते ही भावना बोहरा ने तत्काल स्थानीय पुलिस स्टेशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बचाव व राहत कार्य हेतु चर्चा की वहीं घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एवं एम्बुलेंस सुविधा को घटना स्थल पर तत्काल पहुँचाने के लिए दूरभाष से संपर्क किया। इस दौरान भावना बोहरा ने इस हादसे को लेकर गहरा दुःख व्यक्त कर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि वनांचल क्षेत्र अंतर्गत कुकदुर के ग्राम बाहपानी के पास हुए सड़क हादसे की खबर सुनकर मन व्यथित है। झारखण्ड प्रवास के दौरान घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस विभाग व अदिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लगातार संपर्क में हूँ और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी दूरभाष के माध्यम से प्राप्त कर रही हूँ। इस दौरान हादसे में वाहन में सवार लोगों के निधन होने की खबर सुनकर अत्यंत ही पीड़ा हुई। मैं ईश्वर से उन सभी की दिवंगत आत्मा की शांति व हादसे में घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करती हूँ। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारजनों के साथ है।

## बबूल पेड़ को काटकर ले जाने को लेकर हुआ था विवाद

# महिला की हत्या करने वाले पति-पत्नी आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



घास जमीन लगे बाबुल के पेड़ को काटने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि पति-पत्नी ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी जिसे पुलिस 24घंटे में गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस एसडीओपी मनोज टिर्की एवं टी आई चंद्र देव वर्मा ने बताया कि

पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा क्षेत्रांतर्गत स्थित ग्राम बाबा सिंधौरी निवासी रोहित साहू पिता डोमार साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके खेत मेड़ के बबूल पेड़ को काट कर इसकी पत्नि एवं बच्चों द्वारा इकट्ठा करने की बात पर चेतन वास बघेल एवं उसकी पत्नि चम्पी बाई बघेल द्वारा कटे हुए पेड़ को अपने कब्जे का होना बोलकर लकड़ी ले जाने से मना करने पर मृतिका द्वारा नहीं मानने पर आरोपी चेतन दास द्वारा अपने हाथ में रखे टंगिया से मृतिका दुखनी बाई साहू के गला में प्राणघातक वार कर धक्का देकर गिरा देने के पश्चात मृतिका के दोनों पैर को काट देने एवं चम्पी बाई द्वारा मृतिका के दोनों बच्चों की हत्या करने की नियत से अपने हाथ में रखे टंगिया से दौड़ाने पर भाग कर दोनों बच्चे अपनी जान बचाना एवं प्रार्थी रोहित द्वारा मौके पर पहुंचने पर चेतन दास बघेल द्वारा पुनः हत्या करने की नियत से रोहित के ऊपर टंगिया से प्राणधातक हमला करने पर रोहित साहू को चोट आने की मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराने पर पुलिस चौकी देवरबीजा में बिना नम्बरी अपराध पंजीबद्ध कर थाना बेमेतरा में अपराध क्रमांक 290/2024 धारा 302, 323, 34 भादवि पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एस.डी.ओ.पी. बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी डिग्री लाल सोना एवं थाना बेमेतरा व चौकी देवरवीजा स्टाफ को आरोपी के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना दौरान आरोपी चेतन वास बघेल पिता मान दास बघेल उम्र 38 वर्ष एवं चम्पी बाई बघेल पति चेतन दास बघेल उम्र 36 वर्ष साकिनान बाबा सिंधौरी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा (छ.ग.) को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर 19.05.2024 को अपने खेत के पास जाना तो उक्त खेत के मेड़ का बबूल पेड़ कटा पड़ा होना, और वहां पर दुखनी बाई साहू व उसके दोनों लड़कों द्वारा कटे पेड़ की डाली को काटना, आरोपी द्वारा उन लोगों को लकडी काटने से मना करना, अपने घर जाकर अपनी पत्नि चम्पी बाई को उक्त बातें बताकर दोनों पति-पत्नि घर से एक राय होकर एक-एक टंगिया को लेकर बैल गाड़ी के साथ कटे बबूल पेड़ की लकड़ी लाने दोपहर करीबन 12:30 बजे अपने खेत के पास पहुंचे। जहां पर आरोपी द्वारा लकडी ले जाने के नाम पर मृतिका दुखनी बाई को जान से मारने की नियत से अपने हाथ में रखे टंगिया से दुखनी बाई के गले में जोरदार वार किया। फिर धक्का देकर दुखनी बाई को गिरा दिया। तथा आरोपी की पत्नि चम्पी बाई ने अपने हाथ में रखे टंगिया से दुखनी बाई के दोनों लड़के को जान से मारने के लिये दौड़ायी तो दोनों वहां पर से भाग गये। फिर आरोपी द्वारा अपने हाथ में रखे टंगिया से दुखनी बाई के दोनों पैर में तीन-तीन बार जोरदार वार किया जिससे दुखनी बाई के दोनों पैर लगभग कट गया। कुछ देर बाद दुखनी बाई का पति रोहित साहू अपने बच्चों के साथ उसी खेत पर आया, जिसे भी आरोपी ने अपने हाथ में रखे टंगिया से उसको भी जान से मारने की नियत से मारा जिससे रोहित को भी गहरा चोट लगने से घायल हो गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो नग कुल्हाडी, रक्तरंजित कपड़े को बरामद कर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उक्त दोनों आरोपियों को जेल भेजने का आदेश दिया गया है।

### आगामी मानसून को देखते हुए प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में बैठक कल

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में 22 मई (बुधवार) को सायं 5.00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित दृष्टिसभाकक्ष में बैठक आयोजित है। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला सेनानी होमगार्ड, जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी (समस्त) नगरीय निकाय, अनुविभागीय अधिकारी (वन) और प्रभारी अधिकारी (आपदा प्रबंधन) शामिल होंगे।

# जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com








कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती द्वारा जिले में 20 मई से 09 जून 2024 तक जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आज सुबह नंदेलीभाठा खेल मैदान सक्ती में किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के एस पैकरा सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा 100 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। पैकरा ने अपने उद्बोधन में खेल के महत्व और जीवन में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए खेल प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के लिए कहा। वरिष्ठ अधिवक्ता चितरंजन पटेल तथा एन पी गोपाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश जायसवाल प्रभारी प्राचार्य हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरा द्वारा किया गया। ग्रीष्मकालीन शिविर में हर्षोल्लास और पूरे उत्साह के साथ बच्चे शामिल हो रहे है,इस शिविर में सक्ती जिले के बालक और बालिका खिलाड़ी जिनकी आयु 18 वर्ष से कम है, उक्त खेल प्रशिक्षण शिविर में सुबह 5 बजे से 7 बजे तक और शाम 4:30 बजे से 6:30 बजे तक उपस्थित होकर भाग ले सकते है। इस खेल प्रशिक्षण शिविर में सक्ती जिले के जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ीयों को निम्नांकित खेल विधा बैडमिंटन, बालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स तथा ओलंपिक में शामिल खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर खेल अधिकारी हरी पटेल, उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजन पटेल, फुटबाल संघ के सचिव दीपक गुप्ता, कराटे संघ से स्नेहाशीष डे, जिला ओलंपिक संघ के सचिव एन पी गोपाल, सीमा यादव, दादू राम केवट, बालीबाल संघ से रमापति देवांगन, जिला क्रीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज, जिला कबड्डी संघ से सचिव अनिल कुमार सिंह कुर्रे, बाबू लाल सिदार सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी कर्मचारी और प्रतिभागी बच्चे उपस्थित थे। उपरोक्त ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए चंद्र प्रकाश तिवारी, जय प्रकाश बघेल, देवाशीष बनर्जी, व्यायाम शिक्षकगण भोग सिंह कंवर, अनीस जयसवाल, विनोद उरांव, विजय, कलेश्वरी साहू, मोहन सिंह राठिया, किरण सिंह, निशा साहू, बबिता गोंड, किशन रात्रे आदि का सहयोग हैं। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरि पटेल ने किया। उक्त शिविर का समापन 9 जून को होगा,जिले के सक्ती नगर स्थित नंदेलीभाठा खेल मैदान में समर कैंप की आज से शुरुआत हुई है। पहले दिन 100 मीटर दौड़ और कराटे प्रदर्शन सहित अन्य खेलो के साथ ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई तथा पंजीयन कार्य किया गया। इस समर कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार खेल और अन्य एक्टिवीटिज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से बच्चे जो भी सीखेंगे उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन कर पाएंगे।

# प्लाटून कमांडर के पदों पर भर्ती हेतु महिला अभ्यर्थियों को दी जा रही 30% आरक्षण अवैध




- **हाईकोर्ट का आदेश :370 पदों पर पुरुष अभ्यर्थियों की करें भर्ती, सभी पदों पर 90 दिनों में करे प्रक्रिया पूर्ण**

पायनियर संवाददाता बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के बहुप्रतीक्षित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा पर हाईकोर्ट का अहम फैसला सामने आया है। हाईकोर्ट अब पुरुष अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद हैं। प्लाटून कमांडर के पदों पर महिला अभ्यर्थियों को दी जा रही 30% आरक्षण को हाईकोर्ट में अवैध माना है। इसके साथ ही पुरुष अभ्यर्थियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। हाईकोर्ट ने आदेशित किया हैं कि प्लाटून कमांडर के 370 महिला अभ्यर्थियों को हटाकर 370 पुरुष अभ्यर्थियों को भर्ती की जाएँ। इसके अलावा कोर्ट ने निर्देशित किया हैं कि 45 दिन के अंदर इस प्रक्रिया को पूरा किया जाएँ। यह आदेश जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने सुनाया है। गौरतलब हैं कि सलेक्शन कमेटी द्वारा नियम विरुद्ध प्लाटून कमांडर पद पर महिलाओं के चयन करने पर यह पूरी भर्ती विवादों में आ गई थी। पूर्व में वर्ष 2018 में राज्य में 655 सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, उपनिरीक्षक प्रश्नाधीन दस्तावेज, उप निरीक्षक अंगुल चिन्ह, उपनिरीक्षक कंप्यूटर के पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया था। जिसकी प्रक्रिया रुकी हुई थी। वर्ष 2021 में संशोधित 975 पदों हेतु फिर से प्रक्रिया शुरू की गई और आवेदन मंगाये गए। सलेक्शन पैटर्न भी बदला गया। प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, शारीरिक दक्षता व साक्षात्कार के बाद भी अब तक परिणाम जारी नहीं किया जा सके हैं। अब 90 दिनों में अदालत ने सभी पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्लाटून कमांडर के 370 पदों पर की जा रही महिला अभ्यर्थियों की भर्ती निरस्त कर पात्र पुरुष अभ्यर्थियों के चयन के निर्देश दिए है।

# राष्ट्रीय आतंकवाद विरोध दिवस पर किया गया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता चांपा
www.dailypioneer.com






मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला जांजगीर के सदस्यों द्वारा आतंकवाद के विरोध दिवस के उपलक्ष्य पर10 वीं और 12 वीं के बच्चों के लिए ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता करवाई गई थी जिसमे पंद्रह बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया उन सभी बच्चो ने निबंध के माध्यम से अपने अपने विचार व्यक्त करे जो की सराहनीय रहा और सभी प्रतिभागी को बधाई और उनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतिभागी को प्राइज दिया गया जिसमे फर्स्ट श्रेया अग्रवाल, सेकेंड सिद्धि अग्रवाल, थर्ड लक्ष्मी अग्रवाल ने स्थान प्राप्त किया बाकी बच्चो को सांत्वना पुरस्कार दिया गया सभी बच्चों को बहुत बहुत बधाई प्रेषित किया गया उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनीता मोदी अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, सचिव बबिता गर्ग, कोषाध्यक्ष कल्याणी भोपालपुरिया, उपाध्यक्ष पूनम अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, गायत्री मित्तल के साथ-साथ शाखा के सदस्य गण मौजूद थे।

# कलेक्टर आकाश छिकारा ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

## लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करे : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com







कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ध्वनि विस्तारक यंत्रों का बिना अनुमति के अनधिकृत रूप से संचालन करने वालों के विरूद्ध कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत् सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। उन्होंने जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को रोकने के निर्देश देते हुए कहा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने अतिक्रमण पर विशेष नजर रखते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि गर्मियों में जल आपूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें एवं जिले में पानी की समस्या को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो इसके लिए संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने दिव्यांग छात्र-छात्राओं का दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले के सभी स्कूलों में शिक्षकों से समन्वय कर दिव्यांग छात्रों का चिन्हांकन कर प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने आगामी खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त खाद-बीज भंडारण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मृत व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड से हटाने हेतु सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायतों आदि में वृक्षारोपण हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव भेजने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, संयुक्त कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर ममता यादव, सर्व एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पचधारी में फिर से बढ़ने लगी चोरी की वारदात, स्कूटी की डिक्की से सोने,चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम पार

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के सबसे चर्चित पचधारी डेम में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा देखा जा रहा है। पिछले दिनों जहां इस स्थल से एक मोटर सायकल के अलावा मोबाईल चोरी की घटना के बाद ताजा घटनाक्रम में स्कूटी की डिक्की से अज्ञात चोर ने सोने चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम पर हाथ साफ किया है। घटना की रिपोर्ट के बाद सिटी कोतवाली पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह राजीव गांधी नगर बेनीकुंज जूटमिल थाना क्षेत्र में रहती है। 16 मई की दोपहर साढ़े 12 बजे वह अपने घर की स्कूटी क्रमांक सीजी 13 यूएफ से अपने परिजनों के साथ पचधारी डेम पहुंची थी। जहां डेम के ऊपर हनुमान मंदिर के पास स्कूटी को खडी कर सोने का एक जोडी झुमका, चांदी का एक जोडी बिछिया, चांदी का 02 नग सिक्का एवं नगदी रकम 13 हजार रूपये को अपने एक्टीवा के डिक्की में रखकर डिक्की लाक करके डेम में नहाने चले गए थे। करीब आधा घंटा बाद घर जाने के लिये जब वे लोग वापस आये और डीक्की खोलकर देखा तो उनके पैरो तले जमीन सरक गई। चूंकि स्कूटी के डिक्की में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम गायब था। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद उक्त सामान कहीं नही मिला। अज्ञात चोर के द्वारा सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम मिलाकर कुल 20 हजार रूपये से अधिक की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया था।

बहरहाल पीड़िता कल सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर पूरे मामले को जांच में ले लिया है।

# जिले में अवैध फ्लाई ऐश पर कलेक्टर टोपनो सख्त-कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश


पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के एस पैकरा से प्राप्त जानकारी अनुसार नया बाराद्वार पटवारी हल्का नंबर 11 स्थित खसरा नंबर 113 शासकीय तालाब में कराए जा रहे अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर तहसीलदार बाराद्वार विद्याभूषण और तहसीलदार सक्ती मनमोहन सिंह द्वारा कार्यवाही की गई। उनके द्वारा मौके पर दो हाइवा वाहन क्रमांक CG 13AW 3204 और CG 04 PJ 0216 को जब्त कर थाना बाराद्वार में सुपुर्द किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा सभी तहसीलों में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है, ज्ञात हो की शक्ति जिले में अवैध फ्लाई ऐश डंपिंग का कारोबार जोरों से चल रहा है, पावर प्लांट से मोटी रकम लेकर फ्लाई ऐश के कारोबारी जगह-जगह डंप कर देते हैं तथा विगत वर्षों शक्ति जिले की तत्कालीन कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना ने भी अवैध फ्लाई ऐश की डंपिंग पर सख्त कार्रवाई की बात कही थी,तथा उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों के माध्यम से अभियान भी चलाया था किंतु पावर प्लांट संचालक भी अपनी फ्लाई ऐश को प्लांट से हटाने के लिए इसके धंधे में लगे लोगों को मोटी रकम देकर यह काम करवाते हैं, एवं इसके एवज में एक मोटी रकम वसूल की जाती है, तथा फ्लाई ऐश डंप करवाने के लिए शासकीय रूप से प्रावधान यह है कि पहले इसकी अनुमति प्राप्त की जाए एवं फ्लाई ऐश डंप करवाने के बाद जो भी पर्यावरण विभाग का प्रावधान है उसका पालन करना होता है, किंतु शक्ति जिले में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

# उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देशों की हो रही अवहेलना

पायनियर संवाददाता शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश पर अवर सचिव उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, रायपुर से आदेश क्रमांक 680/ 229/ 2024/38-1 नया रायपुर अटल नगर, 27.02.2024 जारी कर सेवानिवृत हुए महाविद्यालयों के प्राचार्यों के पेंशन प्रकरण, के-डिपॉजिट की राशि तथा ग्रेच्युटी की राशि के शीघ्र ही भुगतान करने का निर्देश दिया गया था, निर्देश जारी हुए 3 माह से अधिक समय होने को है, किन्तु आयुक्त उच्च शिक्षा संचनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर द्वारा इस ओर कार्यवाही न कर भुगतान को लंम्बित रखा गया है जो अत्यंत ही दुर्भाग्यजनक स्थिति है। प्रकरण के संबंध में यह भी जानकारी प्राप्त हुई है, कि, शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ.ए.आर बंजारें ने उच्च शिक्षा मंत्री को विगत महीनों में कई पत्र लिखकर अपने लंबित स्वत्वों के भुगतान संबंधी प्रकरण से अवगत कराया था। इस पर कार्यवाही करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री के निर्देश पर पत्र क्रमांक 450/ स्था/ पें.प्र./2024 खरौद दिनांक 14.03.2024 महा विद्यालय के प्राचार्य ने सहायक संचालक वित्त उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक सी, द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नया रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) को डॉ.ए. आर.बंजारे का संपूर्ण प्रकरण 10 सहपत्रों के साथ प्रेषित कर दिया था। इसी तरह अवर सचिव उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय से पत्र क्रमांक 922 /08/आउशि/प्रा.प्र/2023 को पत्र क्रमांक- 04-23/38 2023/38 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 9 अप्रैल 2024 प्रतिहस्ताक्षर कर 2 प्रतियों में अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया गया था, लेकिन, इसके बावजूद भी संबंधित को भुगतान से अभी तक वंचित रखा जाना उच्च शिक्षा संचालनालय की लचर व्यवस्था और अधिकारियों के तानाशाहीपूर्ण रवैये को उजागर करता है। डॉ.ए.आर बंजारे के इस प्रकरण को कुल मिलाकर लगभग 3 वर्ष 8 माह हो चुके हैं। इतनी अवधि तक भुगतान से वंचित रखा जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की हत्या करने जैसा है। ऐसे उच्च अधिकारियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संज्ञान में लेकर कठोर कार्यवाही किए जाने की नितांत ही आवश्यकता है।

## 16 लाख रुपए का राशन घोटाला करने वाले भाजपा नेताओं की गिरफ्तारी ना होने पर प्रदेश कांग्रेस ने उठाए सवाल

# हितग्राहियों का अंगूठा लगाकर डकार गए 226 क्विंटल चावल

- **आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भीड़ लोहारा थाना में घुस गई, प्रदेश कांग्रेस ने की घोटालेबाज की गिरफ्तारी की मांग, पूछा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मौन क्यों?, कलेक्टर से अपनी जिम्मेदारी निभाने कहा**

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा में राशन दुकान चलाने वाले भाजपा नेताओं ने 16 लाख रुपए का राशन घोटाला किया है। सहसपुर लोहारा नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष उषा श्रीवास राशन दुकान चलाने वाले समिति की अध्यक्ष तथा मनहरण श्रीवास राशन दुकान के सेल्समैन है। भाजपा नेताओं ने 300 से अधिक राशन हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर उन्हें अप्रैल और मई का राशन सामग्री नहीं दिया। कांग्रेस ने राशन घोटाले को भाजपा की फितरत बताया है तथा घोटालेबाजों की गिरफ्तारी ना होने पर सवाल उठाए हैं।छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि राशन घोटाला प्रकाश में आने के बाद खाद्य विभाग ने थाना सहसपुर लोहारा में इस मामले में एफआई.आर लिखवाई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे अक्रोशित राशन हितग्राहियों की भीड़ 19 मई को थाना में घुस गई तथा थाना घेर लिया। इसे देखकर थाना में मजबूरी में राशन दुकान के सेल्समैन मनहरण श्रीवास और समूह के सचिव के खिलाफ एफआई.आर दर्ज की गई। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेता हमेशा राशन घोटाला करते हैं। राज्य की वर्तमान सरकार में राज्य भर में राशन सामग्री के घोटाले में भाजपा पूरी तरह लगी हुई है। कवर्धा के विधायक विजय शर्मा के मंत्री बनने के पश्चात कबीरधाम जिले में घोटालों की बाढ़ आ गयी है। गड़बड़ियों घोटालों पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मौन रहते हैं। घोटाले के इस मामले में भी विजय शर्मा मौन बने हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने सहसपुर लोहारा में राशन घोटाले में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस के धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा है कि राशन सामग्री में प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना का भी राशन शामिल है इस मामले में कबीरधाम जिले के मुखिया कलेक्टर जनमेजय महोबे की चुप्पी बहुत कुछ बयान करती है। आखिर कलेक्टर ने राशन घोटाले में गिरफ्तारी सुनिश्चित क्यों नहीं की? कलेक्टर को आखिर किसका डर है? घोटालेबाज भाजपा के नेता हैं इसलिए कलेक्टर उनकी गिरफ्तारी नहीं करा रहे हैं। इससे ये लगता है कि कलेक्टर अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं।

# नगर पालिका ने कर वसूली के लिए बकायादारों को थमाया नोटिस

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका कवर्धा अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए पालिका के अधिकारी और कर्मचारी पसीना बहा रहे हैं। राजस्व वसूली को लेकर पालिका ने कड़ा रूख अपनाने के बाद कर्मचारी वसूली का टारगेट प्राप्त करने के लिए बकायादारों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। नोटिस अवधि पूरी होने के बाद बकायादारों के खिलाफ लोक अदालत में प्रकरण प्रेषित किये जाने व जलकर राशि नही पटाने वाले हितग्राहियों का नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही किये जाने की तैयारी की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने राजस्व कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में राजस्व वसूली किये जाने को लेकर कड़े निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर वसूली हेतु कड़ाई करें, जिनका बकाया ज्यादा है उनका नल कनेक्शन भी काटने की कार्यवाही करें। उन्होनें बताया कि वसूली नही होने के कारण अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन प्रदान करने में परेशानी हो रही है समय पर कर्मचारियों को वेतन नही दे पा रहे है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में विधानसभा चुनाव एवं 2024-25 सत्र प्रारंभ में लोकसभा चुनाव होने के कारण सभी अधिकारी-कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लग गया था जिसके कारण संपत्तिकर, समेकित, जलकर एवं दुकान किराया वसूली कार्य प्रभावित हुआ है।

# पूर्व रंजिश को लेकर मारपीट कर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 04 आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




मनमोहन लहरे पिता बाबूलाल लहरे निवासी देवरानी 11 मई को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनके पिता जी बाबूलाल लहरे उम्र 55वर्ष को सुबह करीबन 10/30 बजे गांव के विवेक मिरी, धरमु मिरी, मोहित मिरि एवं मोहित का मामा बारात की बात को लेकर घर में आकर झगड़ा विवाद मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर धमका कर चले गए जिसके बाद पिताजी घर का दरवाज बंद कर फांसी लगा लिया है की रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 17/2024 धारा 174 जा.फौ. कायम कर घटना की सूचना उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार सिंह को अवगत कराने पर मर्ग में विधि अनुसार शीघ्र जांच कर कार्यवाही करने निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बलोदाबाजार निधि नाग के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी लखेश केवट के नेतृत्व में मर्ग जांच दौरान परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में बयान लिया गया एवं पुष्टि हेतु स्वतंत्र गवाहों का कथन लिया गया है, पोस्टमार्टम कर्ता डॉक्टर से शॉर्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया है, सम्पूर्ण मर्ग जांच में मृतक बाबुलाल लहरे की मृत्यु ग्राम देवरानी के विवेक मिरी, मोहित मिरी, धरमु मिरी तथा ग्राम सिनोधा के लिप्सन बंजारे के द्वारा दिनांक घटना समय से पुर्व से लगातार पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर जबरन मृतक के घर में घुस कर डरा धमका कर बहु बेटी की सरेआम इज्जत खराब कर बदनाम करने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर मृतक को अपमानित कर प्रताडित करने से फांसी लगाकर फौत हो जाना पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 135/2024 धारा 294, 323, 506, 452, 306, 34 आईपीसी भादवि पंजीबद्ध कर आरोपियों को हिरासत में लेकर पृथक-पृथक पुछताछ करने पर दिनांक घटना समय को अपराध कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी विवेक मिरी पिता धरमु मिरी का पुछताछ कर मेमोरंडम कथन लेकर आरोपी की निशानदेही में घटना में प्रयुक्त बबुल का डंडा को मृतक बाबुलाल लहरे के घर से जप्त किया गया है, आरोपीगण के विरूद्ध अपराध सबुत पाये जाने से विवेक मिरी पिता धरमु मिरी उम्न 22 साल साकिन ग्राम देवरानी, मोहित मिरी पिता सुखराम मिरी उम्र 22 साल साकिन देवरानी धरमुदास उर्फ धुनी मिरी पिता भगत मिरी उम्म्र 43 साल साकिन देवरानी थाना सुहेला, लिप्सन बंजारे पिता अवध राम बंजारे उम्र 37 साल सिनोधा थाना हथबंद जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छग को 19/05/2024 के 21/10, 21/20, 21/30, 21/40 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय भाटापारा में पेश करने हेतु रवाना किया गया है। प्रकरण में शीघ्र मर्ग जांच पश्चात अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर प्रकरण में सफलता प्राप्त करने में सुहेला थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केवट, प्रआर 464पुरेंद्र साहू, प्रआर 954संजय सोनी, आर. 835 बालेश्वर भगत, आर.677 धन्नू सिरसो, 944 भूपेंद्र वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने वालों के विरूद्ध की गई ठोस कार्यवाही

## आरोपियों को गिर. कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिले में अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसडीओपी निधी नाग एवं थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 338/2024 धारा 295, 34 भादवि के आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया।

19.05.2024 को प्रार्थी किशोर नवरंगे पिता तीजराम नवरंगे ने एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दार्ज कराया कि ग्राम बिटकुली में जानकी छत्तीसगढ़ी पिक्चर बना रहे हैं, जिसके डायरेक्टर कौशल उपाध्याय, दिलेश साहू एवं उनके साथी द्वारा सूटिंग के दौरान सतनाम गुरुद्वारा में लगे झण्डे को निकालकर फेक दिया तथा गुरुद्वारा में छेडछाड तोड़फोड़ कर, धार्मिक भावना आहत करने वाले लोगों के उपर कानूनी कार्यवाही करने बाबत् लेख है। लिखित आवेदन एवं प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा 295, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस दौरान विवेचना डायरेक्टर कौशल उपाध्याय दिलेश साहू एवं उनके साथी द्वारा सूटिंग के दौरान सतनाम गुरुद्वारा में लगे झण्डे को निकालकर ग्राम बिटकुली के तालाब के पास फेंक दिया गया था, जिसे ग्राम बिटकुली तालाब के पास से आरोपी कौशल उपाध्याय के पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपिगण को 20/05/2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधीराम बंजारे प्रआर 143 एवं पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

# शहर के चैनपुर इलाके में संचालित राज मोटर्स में लगी आग, काफी सामान जलकर राख





पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के चैनपुर इलाके में संचालित राज मोटर्स में सोमवार की सुबह लगभग 11:30 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद दमकल वाहनों ने आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर इलाके में संचालित राज मोटर्स के मालिक राजकुमार गुप्ता अपने वर्क के साथ में थे इस दौरान उन्होंने वर्कशॉप के अंदर स्थित अपने ऑफिस ऑटो पार्ट्स गोदाम से धुआं निकलता देखा।

मैं दौड़कर गोदाम के पास गए और जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोल अंदर से आज की लपटे उठ रही थी देखते ही देखते आसपास के लोग काफी संख्या में वहां जमा हो गए और तत्काल इस घटना की जानकारी नगर पालिका और पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद दमकल वाहनों और आसपास के लोगों के सहयोग से आग पर को पाया गया लेकिन तब तक गोदाम और ऑफिस में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया था। इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगाया गया समर कैंप



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भॅवरपुर में जिलाधीश महासमुंद के आदेशानुसार प्राचार्य टिकेश्वर पटेल के निर्देशन में ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों को विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए 7 मई से 16 मई 2024 तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में बच्चों को सह-शैक्षणिक गतिविधियों में बच्चों को पारंगत बनाने हेतु विभिन्न दिवसों पर भिन्न-भिन्न कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से चित्रकला (मंडला आर्ट, वर्ली आर्ट), रंगोली, पेपर क्राफ्ट, साहित्यिक सृजन, सलाद डेकोरेशन, योगा एवं खेल, गीत संगीत एवं नृत्य आदि कलात्मक क्रियाकलापों के बारिकियों से बच्चों को अवगत कराया गया। इस दौरान प्रत्येक दिन बच्चे बड़े उत्साह के साथ विद्यालय आते, पहले शिक्षकों से सीखते तत् पश्चात् खुद उसे करके अनुभव लेते रहे। तथा उन्हें यह अनुपम पहल बहुत अच्छा लगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य टिकेश्वर पटेल, व्याख्याता विनोद कुमार, शिक्षक भुवनेश्वर ताण्डी, तुलिमा बसंत एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# बालसी में पूर्व सैनिक व पूर्व छात्रा का अग्र शिरोमणि संस्था ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



बालसी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में सेवानिवृत्त सैनिक एवं फुलझर डिफेंस एकेडमी के संस्थापक धर्मेन्द्र चौधरी व ग्राम बालसी की कु. पूजा साहू का सम्मान अग्र शिरोमणि संस्था तथा सरस्वती शिशु मंदिर बालसी विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, प्रणवाक्षर ओम् तथा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्य का शुभारंभ किया गया। श्रीअग्रशिरोमणि संस्था के मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विद्यालय के अध्यक्ष ललित साहू द्वारा धर्मेंद्र चौधरी व पूजा साहू का श्रीफल, गमछा एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से हुई है। जो संस्कार, नैतिक शिक्षा वव राष्ट्रभक्ति सरस्वती शिशु मंदिर में छात्रों को दी जाती है वह अन्य किसी और संस्था से नही मिलती है। युवाओ के भविष्य व राष्ट्रसेवा को ध्यान में रखते हुवे उनके एकेडमी में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण में दिया जाता है। मनोज अग्रवाल द्वारा अपने उद्बोधन में एक सैनिक की भूमिका पर विस्तार से बताया सैनिक को देवता तुल्य बताया तथा विद्यालय के पूर्व छात्रों को प्रशिक्षण देने की बात कही इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में श्री अग्रशिरोमणि संस्था व सरस्वती शिशु मंदिर बालसी विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस द्वारा दुलदुला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाला बालक को किया गया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशों के परिपालन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशिष अरोरा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गोपाल सिंह धुर्वे के निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 19/05/2024 को थाना सिमगा से सउनि एस के कुरैशी, प्रआर. संतोष कुमार वर्मा, आरक्षक किशोर मरकाम, युगल ध्रुव की पुलिस टीम द्वारा दुलदुला रोड वार्ड नंबर 10 नयापारा सिमगा में अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु परिवहन करने वाले 01 शराब कोचिया एवं विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी एवं विधी से संघर्षरत बालक से 11520 कीमत मूल्य का 48 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब एवं 48 पौवा देशी मदिरा मसाला जुमला 17.280 बल्क लीटर शराब एवं मो.सा. एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 22 एस 8860 कीमती 30,000 को जप्त किया गया। आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 172/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजने की तैयारी की जा रही है।

# प्रोजेरिया जैसी बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की फाउंडेशन ने की मदद



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जरूरतमंद, अनाथ, निशक्त लोगों की सहायता के उद्देश्य से बनायी गयी पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन (लंबर) के द्वारा आंवलाचक्का के मनीराम चौहान को जीवनोपयोगी सामग्री, वस्त्र आदि प्रदान की गई। मनीराम की उम्र करीब 30 वर्ष है मगर प्रोजेरिया जैसे गंभीर आनुवंशिक बीमारी से पीड़ित होने से शारीरिक विकास नहीं हो पाया है। मनीराम किसी तरह घिसट घिसट कर स्कूल पहुँच कर प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर ली मगर उम्र बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक कमजोरी भी बढ़ने लगी। अब मनीराम का चलना फिरना दुभर हो गया है। बिस्तर पर ही पड़ा रहता है। मनीराम का देख भाल उसकी उम्र दराज माँ सुकमोती चौहान ही करती है। पूर्णिमा ज्ञानेश्वरी फाउंडेशन को जब इसकी जानकारी हुई तो उसे सहायता राशि एवं सामग्री प्रदान की गयी। यह ज्ञातव्य हो कि लोगों से नये पुराने कपड़े, खाद्य सामग्री दान स्वरूप प्राप्त कर विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर अब तक सैकड़ों लोगों की मदद फाउंडेशन द्वारा की जा चुकी है। इस अवसर पर ग्रा. पं. आंवलाचक्का सरपंच मोहरसाय यादव, पंचगण घसीयाराम यादव, गणेशराम, पितरमोती सिदार, पुष्पा सिदार, चैतराम पटेल, सोनूराम चंद्रवंशी, देवलाल यादव, यू. अली, अजय जायसवाल, रामकुमार मैत्री, अमित कुमार चौरसिया फाउंडेशन की ओर से उपस्थित थे। फाउंडेशन के सदस्यों ने सहायता हेतु लोगो से आगे आने एवं फाउंडेशन से जुड़ने की अपील की।

# युवाओं में इन्फर्टिलिटी भारत की बढ़ती चिंता

**रायपुर।** भारत के युवाओं में इन्फर्टिलिटी एक बढ़ती चिंता का विषय बनती जा रही है। हाल ही आँकड़ों में सामने आया है कि 35 साल से कम उम्र के लगभग 15 प्रतिशत भारतीय दंपत्तियों को इन्फर्टिलिटी की समस्या है। बढ़ता शहरीकरण, जीवनशैली में परिवर्तन, और शादियों में देरी जैसे कई कारणों का युवा व्यस्कों की बढ़ती इन्फर्टिलिटी में योगदान है। भारत में प्रजनन स्वास्थ्य के विकसित होते परिदृश्य को समझने के लिए नीतिनिर्माताओं, हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स, और लोगों द्वारा इनके बीच की डायनामिक्स को समझना बहुत जरूरी है। युवाओं में इन्फर्टिलिटी अक्सर अनेक कारणों से हो सकती है, जिनमें जीवनशैली, मेडिकल स्थिति, और अनुवांशिक प्रवृत्तियाँ शामिल हैं। हार्मोन के असंतुलन, प्रजनन के विकार, पर्यावरण के प्रभाव और तनाव जैसे अनेक तत्वों तक इसके कारण जटिल और बहुआयामी हो सकते हैं। इसलिए इस समस्या को शुरू में पहचानना बहुत आवश्यक हो जाता है ताकि उचित उपचार की मदद से कोई भी अन्य जटिलता उत्पन्न होने से रोकी या कम की जा सके। समय पर निदान से समस्याओं को रोकने में मदद मिल सकती है और फर्टिलिटी बनाए रखने के ज्यादा विकल्प प्राप्त हो सकते हैं। जैसे अगर युवा वयस्कों को पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) या एंडोमेट्रियोसिस जैसी समस्याओं का जल्दी पता चल जाए, तो वे इन लक्षणों को नियंत्रित करने और फर्टिलिटी बचाने के लिए शीघ्र इलाज शुरू कर सकते हैं। इसी तरह, यदि पुरुषों को जल्दी पता चल जाए कि उनके शुक्राणुओं की संख्या या शुक्राणुओं की गति कम है, तो वो अपनी जीवनशैली में बदलाव करके या असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजीज़ (एआरटी) जैसे इलाजों की मदद से अपने शुक्राणुओं में सुधार ला सकते हैं। समय पर निदान से रोगियों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच संचार बढ़ता है, जिससे फर्टिलिटी के सफर में विस्तृत देखभाल और सपोर्ट प्राप्त होती है। खुलकर बात करके और फर्टिलिटी एक्सपर्ट की विशेषज्ञता द्वारा युवा वयस्क इन्फर्टिलिटी से आत्मविश्वास और दृढ़ता के साथ निपट सकते हैं। इस समस्या की समय पर पहचान और निदान के लिए, लोगों और हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स दोनों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। युवा वयस्कों के बीच सक्रिय फर्टिलिटी मैनेजमेंट की संस्कृति का विकास करने के लिए फर्टिलिटी के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित करना, नियमित जाँच को बढ़ावा देना और फर्टिलिटी-टेस्टिंग की उपलब्धता बढ़ाना आवश्यक हैं।

# अंबेडकर नगर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सम्मिलित हुए प्रखर



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर पालिका के वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर में युवाओं द्वारा रात्रिक़ालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल सम्मिलित हुए, संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच टिम आरके इलेवन एवं कनकेबा के मध्य खेला गया जिसमे आरके इलेवन ने प्रथम इनाम प्राप्त किया एवं उप विजेता कनकेवा की टिम रही, प्रखर अग्रवाल संबोधन में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा खेल और खिलाड़ियों को हमारी समिति द्वारा हमेशा से प्रोत्साहन रहा है और आप सभी ने मुझे सम्मान के साथ आमंत्रित किया इसके लिए मैं आयोजन समिति एवं वार्डवासियों को धन्यवाद देता हूँ और आप सभी युवा भइयो से आग्रह करता हूँ कि आप भी समिति से जुड़िये और सामाजिक सेवा में अपना योगदान दीजिए उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य तुषार सेन, आशीष सेन, अभिनय शाह सम्मिलित हुए।

# एक चुड़ैल सुहागन बनने आई है सच्चे प्यार से उसकी लड़ाई है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सभी को अपने प्रियजनों की रक्षा करने की चेतावनी देने के बाद, कलर्स ने अपने आगामी फैंटसी-थ्रिलर-रोमांस 'सुहागन चुड़ैल' का एक और प्रोमो रिलीज़ किया गया है, जो सच्चे प्यार और दूसरी दुनिया की ताकत के बीच आसन्न युद्ध का संकेत देता है। इस मंत्रमुग्ध करने वाली कहानी में, सोलह श्रृंगार एक दोधारी ताबीज़ बन जाता है। जब इसे एक दुष्ट चुड़ैल, निशिगंधा पहनती है तो यह एक खतरनाक हथियार के रूप में कार्य करता है, लेकिन दीया के पहनने पर यह एक सुरक्षात्मक पवित्र आकर्षण के रूप में काम करता है। हर महिला का प्रिय 'सोलह श्रृंगार' दोनों के बीच एक महायुद्ध को जन्म देगा। निशिगंधा के रूप में निया शर्मा, दीया की भूमिका में देबचंद्रिमा सिंघा रॉय, और मोक्ष के रूप में ज़ैन इबाद खान अभिनीत, यह आगामी शो एक चुडैल की प्यास के खिलाफ प्यार की ताकत को दिखाएगा। 'सुहागन चुड़ैल' की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निया शर्मा ने कहा, मैं 'नागिन' के शानदार सफर के बाद फैंटसी थ्रिलर 'सुहागन चुड़ैल' के लिए कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं। निशिगंधा की बहुस्तरीय भूमिका में कदम रखना रोमांचक चुनौती है, जो अल्टीमेट ताकत की खोज पर निकली है। निशिगंधा की आकर्षक ताकतों और दीया के बिना शर्त प्यार के बीच के महायुद्ध को देखना रोमांचक होगा।

# पीएमश्री स्कूल चनाट में समर कैंप का आयोजन

**भंवरपुर।** शासन के आदेशानुसार 10 मई से 10 जून तक पीएमश्री स्कूल चनाट मे समर कैंप का अनवरत आयोजन हो रहा है। जिसमें बच्चों को बैंड सेट द्वारा परेड, व्यायाम धुन, प्रेयर ट्यून आदि की जानकारी देने के साथ साथ बहुत ही सरलतम पद्धति द्वारा आसानी से सिखाया जा रहा है। साथ ही साथ संगीत विशेषज्ञ एवं गायक पीरित राम कश्यप द्वारा बच्चों कों हारमोनियम के सुर, सरगम की जानकारी के साथ गायन कला को निखारा जा रहा है। इसी प्रकार तबला वादक उद्धव नायक द्वारा तबला के प्रारंभिक ज्ञान दादरा ताल, कहरवा, रूपक का ठेका एवं मात्राएँ, बताई जा रही है। शासन की इस योजना से



बच्चे संगीत के साथ साथ क्ले आर्ट, पेपर आर्ट, नृत्य, योगा, खेल,स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग आदि विषयों के प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विधाओं पर बच्चों कों सिखाया जा रहा है, जिसे बच्चे खेल खेल मे बड़े ही आनंद के साथ सीख रहे हैं। प्राथमिक शाला चनाट मे समर कैंप का दसवां दिन पूर्ण हो गया, सभी बच्चे बड़े ही आनंद के साथ स्कूल आ रहे हैं। बच्चों मे विभिन्न विधाओं को सीखने की उत्सुकता है।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बलौदाबाजार

( छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम ) ( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी )

### बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मानसून पूर्व विद्युत लाइनों एवं उपकरणों के आवश्यक सुधार एवं रखरखाव कार्य हेतु नीचे लिखे विवरणानुसार सुबह 8:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 12 | 21.05.2024 मंगलवार | 11 के. व्ही. मितकेरा फीडर | सकरी प., बोरतरा, सैहा, बेल्हा, परसाडीह, मितकेरा एवं आसपास के क्षेत्र |
| | | 11 के. व्ही. ढेलकी-रोहांसी | ग्राम-धौंराभाठा, मबौद, रामपुर, सीतापुर, कोसमंदा, लरिया एवं आसपास |
| | | 11 के. व्ही. अर्जुनी फीडर | अर्जुनी फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के. व्ही. कोकड़ी | ग्राम-भाठागांव, मिशन परसाभदेर, कोकडी, रिसदा बाईपास। |
| 13 | 22.05.2024 बुधवार | 11 के.व्ही. मोहगांव-तेलासी | ग्राम-देवगांव, मोहगांव एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | 11 के.व्ही. दतान फीडर (कानाकोट) | ग्राम-कानाकोट, सलौनी, कैलाशगढ़ मुड़ियाडीह धमनी, दतान (ख) एवं संबंधित क्षेत्र |
| | | 11 के.व्ही. रोहांसी फीडर | बलौदी, चोरहाडीह, छेरकाडीह, छडिया एवं आसपास के क्षेत्र। |
| | | 11 के.व्ही. डोंगरीडीह फीडर-सुरमा टेपिंग | ग्राम-परसापाली, डोंगरीडीह, भालूकोना, सिंघारी, तुरमा, चितावर । |
| | | 11 के.व्ही. अटल ज्योति फीडर टोनाटार | अटल ज्योति फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। |
| | | 11 के.व्ही. रिसदा-1 एवं 2 | ग्राम - रिसदा । |
| | | 11 केव्ही ढाबाडीह फीडर | ग्राम पौसरी, चांपा, ढाबाडीह, भरूवाडीह, टेलकी, कम्हरिया, चिचोली, खेलवारडीह, पुरान ढंढनी, के समस्त उपभोक्ता |
| 14 | 23.05.2024 गुरुवार | 11 के.व्ही. जी.ए.डी. | ग्राम-मगरचबा, चरौटी, परसाभदेर। |

टीप –
1. आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
2. स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
3. "विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है।"

व्ही.के.राठिया
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमिटेड बलौदाबाजार



## न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर प्रसाद मिरी पिता स्व. बजारू राम ग्राम सलखन के द्वारा ग्राम सलखन में अपने दादी जानकी पति बरनू के मृत्यु दिनांक 10/04/1996 को हो जाने पर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 28/05/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
शिवरीनारायण

**सही निकला पायनियर का अंदेशा...**

# शहर का डेटा कलेक्ट कर रांची की निजी कंपनी ने छोड़ा टैक्स वसूली का काम

## निगम आयुक्त ने मामले पर नहीं दिखाई गंभीरता, कर्मियों को महीनेभर का वेतन भी नहीं दिया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए करीबन छः महीने पहले निगम ने टैक्स वसूली का काम निजी हाथों में सौंपने का निर्णय लिया था। राची की श्री स्टेशनरी को इस काम का जिम्मा दिया गया था जिसका शुरूआती दौर से ही जमकर विरोध हो रहा था। टैक्स वसूली का दायरा बढ़ाने के लिए निजी कंपनी ने सर्वे का काम भी शुरू कर दिया था। करीबन तीन महीने तक घर - घर घूमकर कंपनी के कर्मचारियों ने लोगो के डाटा जुटाए। निगम के आला अफसर ने कहा था की अप्रैल महीने से निजी हाथों के जरिए ही टैक्स वसूली की जायेगी , लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। अप्रैल के बाद अब मई महीना भी समाप्त होने की कगार पर है , लेकिन अब तक निजी कंपनी ने टैक्स वसूली का काम शुरू नही किया है , बल्कि अब भी निगम का राजस्व अमला ही लोगो से टैक्स वसूली का काम कर रहा है।

गौरतलब है कि झारखंड की निजी कंपनी से टैक्स वसूली का काम कराने के लिए महापौर एवं एमआईसी मेंबर ने प्रस्ताव पास किया था। जिसके बाद ही इस कंपनी को सालाना साढ़े 5 त्न के कमीशन पर काम देने को लेकर प्रक्रिया की गई थी। कंपनी ने शहर के सभी लोगों के मोबाइल नंबर सहित पूरा डेटा एकत्र कर लिया है और अब काम को बंद कर दिया है। गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देश पर नगर निगम ने निगम की माली हालत को दुरूस्त करने की आड़ में राजस्व वसूली का ठेका निजी हाथों में सौंप दिया गया था।

### कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन, कंपनी के काम के साथ आयुक्त का नंबर भी बंद

मिली जानकारी के अनुसार रांची की श्री स्टेशनरी कंपनी ने शहर में टैक्स वसूली का काम करने के लिए शहर व आसपास के ग्रामीण इलाकों के करीबन 70 कर्मचारियों को काम पर रखा था। इन कर्मचारियों को 8-12 हजार के मध्य वेतन दिया जाना था। दिसंबर से 5 मार्च तक कर्मियों से काम कराया गया,परंतु इनमे कुछ कर्मियों को 15 फरवरी तक का वेतन दिया गया और एक महीने का वेतन अब भी नही मिला है। सूत्रों की माने तो निगम से टैक्स वसूली का करार नही होने की वजह से आगे काम नहीं बढ़ाया जा सका है। इधर पायनियर ने जब इस मामले की चर्चा के लिए निगम कमिश्नर अभिषेक गुप्ता को फोन लगाया तो दिन भर उनका नंबर बंद ही पाया गया और वो निगम कार्यालय में भी मौजूद नहीं थे।

### पायनियर ने सबसे पहले उठाया था मुद्दा, सही निकला अंदेशा


शहर में राजस्व वसूली का जिम्मा रांची की कंपनी को, पहले जामताड़ा में कर चुकी है वसूली, डेटा सिक्योरिटी को लेकर आयुक्त बेपरवाह
कुख्यात जामताड़ा में भी वसूली कर चुकी है कंपनी
जनता के डेटा के सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी? पुलिस भी अनजान
इंटरनेट पर मौजूद कंपनी का नंबर स्पेम में कंपनी की मूल वेबसाइट भी नहीं

पायनियर ने अपने पहले के अंकों में प्रमुखता से इस खबर का प्रकाशन किया था कि नगर निगम ने टैक्स वसूली का जिम्मा रांची की श्री पब्लिकेशन नामक निजी कंपनी को सौंप दिया है। सर्वे व् वसूली के दौरान पूरे राजनांदगांव के तकरीबन सभी घरों की सम्पूर्ण जानकारी आधार नंबर व मोबाइल नंबर सहित कंपनी के पास मौजूद रहेगी जिसकी सुरक्षा को लेकर निगम कमिश्नर, निगम उपायुक्त व कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर लापरवाह हैं। इस मामले में पायनियर ने बताया था कि देश में ऑनलाइन फॉड के लिए कुख्यात क्षेत्र जामताड़ा में भी श्री पब्लिकेशन ने पिछले पांच वर्ष पूर्व राजस्व वसूली का जिम्मा उठाया था अब चूंकि जामताड़ा रांची से करीब है इसलिए वहां का काम कंपनी ने जल्दी निपटा लिया था। इसके अलावा इस कंपनी ने रांची में भी सर्वे और वसूली का काम किया था जिसे लेकर काम के बाद तात्कालीन महापौर आशा लकड़ा ने कंपनी की जांच के आदेश भी दिए थे जिसमे उन्होंने कहा था कि अधिक नंबर लाने के लिए कम्पनी ने गलत दस्तावेज उपलब्ध कराये हैं।

### कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शुरू से किया था विरोध



निगम द्वारा टैक्स वसूली को निजी हाथों में सौंपे जाने के निर्णय को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने शुरू से पुरजोर विरोध किया था उन्होंने इस निर्णय को वापस नहीं लेने पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने का भी ऐलान भी किया था लेकिन जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर आयुक्त ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। कुलबीर ने पहले ही कहा था कि सर्वे की आड़ में घरों की रेकी की जा रही है इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

### शहर का पूरा डेटा कम्पनी के पास, अब जिम्मेदार कौन ?

निजी कम्पनी को टैक्स वसूली का जिम्मा दिए जाने का विरोध शुरू से ही होता रहा है लेकिन इस मामले पर निगम आयुक्त व महापौर ने किसी भी प्रकार की कोई गंभीरता नहीं दिखाई। अब जब कंपनी का काम बंद हो चुका है तो शहर के लगभग सभी लोगों का डेटा कम्पनी के पास मौजूद है जिसके दुरूपयोग से इंकार नहीं किया जा सकता। निगम प्रशासन या आयुक्त या महापौर अब कौन इस बात की जिम्मेदारी लेगा यह समझ से परे है।

# अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई एक हाईवा एवं 2 जेसीबी किया जब्त

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



खनिज विभाग की टीम ने जालबांधा और पाण्डुका क्षेत्र में दबिश देकर सोमवार को विभागीय कार्रवाई में 2 प्रकरण दर्ज किए हैं। इन मामलों में खनिज उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी सहित परिवहन में लगे एक हाइवा को जब्त किया गया है। मामले खनिज एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहनों को सम्बंधित क्षेत्र के थानों के सुपुर्द कर दिया गया है। खनिज अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि जालबांधा क्षेत्र में अवैध उत्खनन में लगे वाहन सीजी 08 ऐजे 9270, जेसीबी सीजी 08 ऐवाय 9543 और पाण्डुका क्षेत्र से जेसीबी सीजी 04 पीडी 2541 की जब्ती बनाई है। गौरतलब है कि जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रकरणों में प्रभावी रोकथाम हेतु खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रावधान किए गए है। जिसमें खान और खनिज (विकास और विनियम) अधिनियम 1957 की धारा 4 (1) एवं धारा 4 (1 क) अनुसार इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अन्यथा कोई व्यक्ति किसी खनिज का उत्खनन परिवहन तथा भंडारण नहीं करेगा।

# फूड लाईसेंस के लिए वसूली अधिकारी की कलेक्टर से शिकायत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

फूड लाईसेंस के नाम पर व्यापारियों से अवैध वसूली की शिकायत पर बड़ी कार्रवाई के आसार हैं। खबर है कि, कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित अधिकारी को तलब किया है। वे स्वयं इस मामले में सीधी कार्रवाई की तैयारी में है। पिछले कुछ दिनों में व्यापारियों ने प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई कि फूड लाईसेंस के लिए सरकारी फीस के अतिरिक्त 5 हजार रुपए की मांग संबंधित अधिकारी द्वारा की जा रही है। यही नहींखानपान से जुड़े संस्थानों से मेहमान नवाजी भी कराई जा रही है। अब यह मामला कलेक्टर संजय अग्रवाल तक पहुंच गया है। व्यापारियों ने पहले एसडीएम अतुल विश्वकर्मा से मिलकर शिकायत की है। फूड लाईसेंस जारी करने वाले एक अफसर के नाम पर कलेक्टर से शिकायत की गई है। ज्ञात हो कि जिले में सैकड़ों होटल-रेस्टोरेंट और कैफे की फूड लाईसेंस का हर साल रिन्यूवल किए जाने का प्रावधान है। इसके लिए राज्य सरकार ने फूड विभाग को लाईसेंस देने के लिए अधिकृत किया है। लाईसेंस के बाद ही खानपान के सामान का व्यापार होता है। इन दिनों जिले में फूड लाईसेंस जारी करने वाले एक अफसर के खिलाफ शिकायतें मिल रही हैं।

# जिलेभर में छिड़ा अभियान, सायबर फ्रॉड से बचने के तरीके बताए

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिलेभर के थाना, पुलिस चौकी क्षेत्र में चलित थाना के माध्यम से आम लोगों को जागरुक करने और उनकी समस्याओं से वाकिफ होने पुलिस ने अभियान छेड़ा। इसके तहत थाना लालबाग, बसंतपुर, सोमनी, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, गैंदाटोला, छुरिया, बोरतलाव, पुलिस चौकी चिखली, सुरगी, चिचोला, मोहारा, सुकुलदैहान में चलित थाना लगाया गया। यहां जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रमुख, महिलायें एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। चलित थाना में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, बालक-बालिकाओं को छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बनाये गये ''अभिव्यक्ति'' ऐप, महिला अधिकार, घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध, पॉक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दी गई। नशा मुक्ति अभियान के तहत जानकारी देकर नारकोटिक्स/ड्रग्स/अवैध नशा से परिवार और सामाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराकर अपने आसपास एवं स्वयं को भी नशीले पदार्थों से दूर रखने तथा अपने घर परिवार व सामाज में भी नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराने हेतु अपील की गई। साथ ही गांव में घुमने वाले, फे री लगाने वाले लोगां का नाम पता कोटवार पंजी में दर्ज करने तथा थाना में सूचना देने हेतु कहा गया। सायबर सुरक्षा के तहत् लोगों को बढ़ते साइबर ठगी के बारे में बताया गया जिसमें फर्जी कॉल, अंजान लिंक टच ना करना, ओ.टी.पी., सी.व्ही.व्ही. किसी को शेयर ना करनाजैसी जानकारी शामिल थी। जिले के समस्त थानों में लगातार चलित थाना आगे भी चलाया जायेगा जिससे लोगों को सुविधा होगी और पुलिस पर विश्वास बढ़ेगा।

### दिव्यांगजनों के लिए दो वर्षीय विशेष शिक्षा कोर्स

**राजनांदगांव।** समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव में भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कोर्स अंतर्गत दो वर्षीय विशेष शिक्षा के लिए 14 जून 2024 तक नामांकन आमंत्रित किया गया है। दो वर्षीय विशेष शिक्षा कोर्स के माध्यम से दिव्यांगजनों में प्रेरक पैटर्न विकसित किया जाएगा। वहीं इनमें यथार्थवादी आत्म-संकल्पना विकसित की जाएगी। इसके अलावा स्कूल के विषयों में उनकी प्रभावशीलता को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा और पाठ्यचर्चा संबंधी तथ्यों को आगे बढ़ाने के लिए रणनीति निर्धारित की जाएगी।

# एसडीएम ने पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों की ली बैठक

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री टंकेश्वर प्रसाद साहू ने सोमवार को खैरागढ़ तहसील क्षेत्र के पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम श्री साहू ने सभी पटवारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहकर नामांतरण, बटवारा, सीमांकन अभिलेख दुरुस्ती तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उक्त समीक्षा बैठक में तहसीलदार खैरागढ़ प्रीतम चौहान व नायब तहसीलदार मोहन झारिया उपस्थित रहे।

# घर में बना रहा था कोल्डड्रिंक, पुलिस ने मारा छापा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



खैरागढ़ जिले में अवैध रूप से कोल्ड्रिंग, मैंगो, लीची का निर्माण करने वाले व्यक्ति के गोरखधंधे का पुलिस ने भंडाफोड किया है। पुलिस ने 700,100 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में मैंगो जूस, 1300, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में स्ट्रांग, 200, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में लीची, 200 ग्राम वाली खाली बोतल 08 बोरी, 100 ग्राम वाली खाली बोतल 05 बोरी तथा एक सोडा क्लब मशीन मय कैफ तथा मारूति कंपनी का मटेरियल 06 डिब्बा एवं रेपर जुमला कीमती लगभग दो लाख 40 हजार रुपए को जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार छुईखदान पुलिस टीम एवं सायबर सेल द्वारा 18 मई को दिनेश साहू (34) निवासी छुईखदान द्वारा अपने घर में अवैध रूप से सोड़ा क्लब मशीन का उपयोग कर अवैध रूप से मैंगो, कोल्ड्रिग, लीची का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलने पर दिनेश साहू से पूछताछ करने पर कोई लाईसेंस व कागजात नहीं होना बताने से दिनेश के कब्जे से 700 नग 100 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में मैंगो जूस, 1300, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में स्ट्रांग, 200, 200 ग्राम वाली प्लास्टिक बोतल में लीची, 200 ग्राम वाली खाली बोतल 08 बोरी, 100 ग्राम वाली खाली बोतल 05 बोरी तथा एक सोडा क्लब मशीन मय कैफ तथा मारूति कंपनी का मटेरियल 06 डिब्बा एवं रेपर जुमला कीमती लगभग 2 लाख 40 हजार रुपए को जब्त किया गया। खाद्य विभाग से संबंधित होने से खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर खैरागढ़ आमेश्वरी कतलाम को सुपुर्द किया गया। जिसकी कार्रवाई विधिवत की गई।

## मृतक जागेश्वर के परिजनों से मिले, हादसे पर दुःख व्यक्त किया

# गंदे पानी की शिकायतों पर पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष की वार्डों में दस्तक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने रविवार को शहर के वार्ड नं. 06 शांति नगर और वार्ड नं. 04शिव नगर में गंदे पानी और कम आपूर्ति की शिकायतों पर वार्डवासियों से मुलाकात की। इन वार्डों में पिछले कुछ दिनों में पीलिया के मामले सामने आएं हैं। इन मामलों को देखते हुए वार्ड में पानी की आपूर्ति में सुधार और गंदे पानी के स्त्रोत को तत्काल ठीक किए जाने हेतु पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष ने निगम के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने तत्काल इससमस्या को दूर करने कार्रवाई किए जाने की बात कही।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि वार्डों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें सामने आई थी। हमने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्या को समझा और पूरी जानकारी ली। निगम के अधिकारियों से कहा गया है कि वे जल्द ही इस समस्या का निराकरण करें। उन्होंने कहा कि, इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी बातें रखीं। कुछ और विषय भी सामने आएं हैं जिस पर काम किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने इस मामले में निगम में कांग्रेस की सत्ता को भी कोसा। उन्होंने कहा कि, कांग्रेसी महापौर हेमा देशमुख के साढ़े चार साल के कार्यकाल में अमृत मिशन योजना पर बट्टा लग गया। सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। मौजूदा महापौर के कार्यकाल में अमृत मिशन के काम में ढेरों खामियां सामने आई हैं। आलम यह है कि, अब भी कई जगहों पर टैंकर भेजने की नौबत है। उन्होंने कहा कि, अब तक की सबसे असफल महापौर हेमा देशमुख ने शहरवासियों को अपने कार्यकाल में सिर्फ परेशानियां ही परोसी हैं। उनके खोखले दावे आए दिन सामने आ जाते हैं। इस दौरान श्यामा सुखदेवे,सुनील साहू,ललित कश्यप,खुमान वर्मा,प्रभु साहू,नरेश बारापात्रे,देवा निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

### मृतक के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की

बीते दिनों शांतिनगर निवासी जागेश्वर साहू की निर्माण कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। रविवार को पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व अन्य ने मृतक के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। स्व. जागेश्वर की पत्नी का पहले ही देहांत हो चुका है। उनके 11 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटा है जिनकी जिम्मेदारी अब उनकी बुजुर्ग दादी पर है। परिजनों से मुलाकात के दौरान हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए पूर्व सांसद व नेता प्रतिपक्ष ने परिवार को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया।

### नवोदय के शिक्षक के घर सेंधमारी नगदी समेत लाखों के जेवरात पार

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ स्थित नवोदय विद्यालय में शिक्षक के क्वार्टर पर चोरों ने सेंधमारी की है। ताला तोडक़र चोरों ने नगदी समेत लाखों के जेवर पार कर दिये। डोंगरगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है। 18 और 19 मई की दरम्यानी रात को नवोदय विद्यालय के शिक्षक ओमप्रकाश चौरसिया (58 वर्ष) परिवार के साथ परिसर से बाहर थे। वे अपने स्वास्थ्य की जांच के लिए रायपुर और अपनी बेटी को छोडऩे के लिए भिलाई स्थित एक निजी छात्रावास गए हुए थे। वापस लौटने पर 19 मई की तडक़े अज्ञात चोरों ने शिक्षक के घर में चोरी की। शिक्षक के घर से सोने-चांदी के जेवरात गायब थे, वहीं आलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए भी नदारद था। घटना को लेकर शिक्षक ने पुलिस से शिकायत की है, जिसमें 6 सोने की अंगूठी, तीन जोड़ी सोने के कान के झुमके, दो मंगलसूत्र, एक तोला वजनी सोने का नेकलेस, सोने का बिंदी, 4 जोड़ी बिछिया, चांदी के सिक्के, चांदी का बिस्किट समेत 2.50 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण की चोरी होना पाया गया। वहीं आलमारी में रखे डेढ़ लाख रुपए नगद भी चोर अपने साथ उड़ा ले गए।

# मापीयंत्र, बाढ़ से निपटने की तैयारियों को लेकर निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आगामी मानसून में बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को आपदा प्रबंधन हेतु एक्शन प्लान तैयार करने और सभी तथ्यों को समय सीमा में दुरूस्त करने कहा है। सभी वषार्मापक केन्द्रों पर स्थापित वषार्मापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि, जिन तहसीलों में वषार्मापी यंत्र नहीं लग पाए है, वहां तत्काल वषार्मापी यंत्र स्थापित करने निर्देशित किया है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को प्रेषित करने कहा है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष 1 जून 2024 से 24 घंटा कार्य कार्य किया जाएगा। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुओं, हैण्डपम्प इत्यादि के लिए ब्लीचिंग पावडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। प्रतिवर्ष बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों की पहचान करने एवं इन क्षेत्रों में सतत निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था करने तथा आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उनके ठहरने के लिए कैम्प इत्यादि की सम्पूर्ण योजना तैयार करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शहर के सभी नालियों की निरंतर सफाई कराने कहा है। नदी के जलस्तर पर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार दे तथा तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें।

# आखिरकार कुंभकरणी नींद से जागा जिला प्रशासन, अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## पॉयनियर की खबर का फिर हुआ असर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के लापरवाही के चलते धमतरी के रूद्री, गंगरेल, पीजी कॉलेज, देमार, तरसींवा, करेठा, विवेकानंद नगर, हटकेशर के अलावा भूमाफिया अपनी पैनी नजर अब मगरलोड, कुरूद, नगरी, भखारा में भी लगा लिये हैं और वहां भी धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास का कार्य बेखौफ होकर कर रहे हैं जबकि शासन का स्पष्ट आदेश है कि जिस क्षेत्र में भी अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास होगा, उस क्षेत्र के पटवारी की नैतिक जिम्मेदारी रहेगी कि वे इसकी सूचना जिला के अधिकारी को देंगे। लेकिन यह आदेश सिर्फ आदेश तक सीमित रह गया है और यही कारण है कि धमतरी, नगरी, कुरूद, मगरलोड में भूमाफिया लगातार इस खेल को खेलकर जिला प्रशासन को खुली चुनौति दे रहे हैं। यही नहीं नहर, नाला के साथ साथ शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण कर शासन को भी सीधे सीधे चूना लगाने का कार्य भी निरंतर जारी है। अवैध प्लाटिंग को लेकर पॉयनियर अखबार ने 20 मई के अंक में शीर्षक जिला प्रशासन, भूमाफियाओं के आगे नतमस्तक समाचार प्रकाशित किया गया था। आखिरकार पॉयनियर की खबर का फिर असर हुआ और देमार में चल रहे अवैध प्लाटिंग के कार्य पर तहसीलदार ने ब्रेक लगाते हुए वहां बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की। जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले में भूमाफियाओं के राज को जड़ से समाप्त करने कुछ कड़े कदम उठाये जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय रहे कि समय समय पर अवैध प्लाटिंग, अवैध विकास करने वालों के खिलाफ शासन द्वारा नोटिस जारी किया जाता है। लेकिन अधिकांश नोटिस का संबंधित लोगों द्वारा कोई जवाब ही नहीं दिया जाता। नोटिस देने के बाद संबंधित विभाग भी पूरी तरह खामोशी अख्तियार कर लेता है और यही कारण है कि तथाकथित लोग अपने कार्यो को अंजाम देकर शासन को खुली चुनौति देते हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 9 लोगों को नोटिस जारी किया गया जिसमें सुखमबाई पिता झरियार रूद्री ग्राम करेठा, लखन योगेंद्र पिता धनीराम रूद्री ग्राम करेठा, रामगोपाल पिता झाडूराम रूद्री ग्राम करेठा, नकुल पिता झरियार रूद्री ग्राम रूद्री, सेवाराम पिता पुनीत वगै.रूद्री ग्राम रूद्री, रमेश पिता प्रेमचंद लुंकड़ धमतरी ग्राम रूद्री, कांता पिता रमेश लुंकड़ धमतरी ग्राम रूद्री, रामगोपाल बृजलाल पिता विदेशीराम गोकुलपुर ग्राम भटगांव, हरिशचंद साहू पिता रामकुमार साहू रूद्री ग्राम संबलपुर के नाम शामिल हैं जिनमें से केवल 4 लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध विकास हटाया गया। इसी तरह वर्ष 2023 में रितुराज पवार पिता माधवराव पवार धमतरी ग्राम कोलियारी, राहुल पवार पिता माधवराव पवार ग्राम रूद्री, हीरा केशवानी धमतरी ग्राम रत्नाबांधा, श्रीमति मोहिनी देवांगन पति कन्हैयालाल देवांगन बठेना ग्राम अर्जुनी, तोषणलाल पिता अमृतलाल हटकेशर ग्राम अर्जुनी, चिंटू पिता तीरथ देवांगन हटकेशर ग्राम अर्जुनी, अनिल वाधवानी पिता राधेश्याम वाधवानी, महेंद्र देवांगन पिता परमानंद देवांगन मुकेश काररा पिता हरीराम काररा धमतरी ग्राम करेठा दीपक राज खोमेश्वर पिता झारूराम यादव सरस्वतीबाई पिता झारूराम यादव ग्राम मोखा बालोद ग्राम श्यामतराई, दीपक सिंह ठाकुर पिता देवेंद्र सिंह ठाकुर एवं गौरव जैन अमलतास पुरम धमतरी ग्राम गोकुलपुर, गणेशराम दिनेश यशवंत पिता सुकालु बनियापारा ग्राम श्यामतराई, तामेश्वर पिता अलखराम साहू, राकेश झंवर आर्शित साहू मनोज साहू धमतरी ग्राम भटगांव, रामकुमार साहू पिता दुखुराम साहू कौशलराम सिन्हा रूद्री ग्राम रूद्री, मनीषा पति उमेश साहू एवं अन्य निवासी धमतरी ग्राम रूद्री, शांतिबाई पिता बाबूराम साहू रूद्री ग्राम रूद्री, मोहनलाल पिता हरीराम ग्राम रूद्री, चंद्रशेखर पिता सावंत रूद्री ग्राम रूद्री, दुलीचंद पिता आनंदी साहू रूद्री ग्राम रूद्री, कृष्ण कुमार ऋषि वेदराम पिता विशालराम साहू ग्राम रूद्री, फनिस साहू बोध कुमारी यामनी, दुलारी, रोशनी पिता पुरानिक साहू ग्राम रूद्री, अनिल कुमार वाधवानी पिता राधेश्याम वाधवानी महेंद्र देवांगन, मुकेश धमतरी ग्राम करेठा, राहुल पवार पिता माधवराम पवार मराठापारा ग्राम करेठा, मयंक पंजवानी पिता विजय पंजवानी सुभाष नगर धमतरी ग्राम करेठा, बुंदाबाई पिता दरूप सिंह बलौदाबाजार श्यमातराई आदि को नोटिस जारी किया गया था जिसमें से मात्र तीन लोगों पर कार्यवाही करते हुए अवैध विकास हटाया गया। वर्ष 2024 में भारती जैसवानी पति मनोहर लाल निवासी महंत दास ग्राम देमार, पुरन पिता हीरासिंग निवासी देमार ग्राम देमार, कार्तिकराम पिता हीरासिंग निवासी देमार ग्राम देमार, नरेश शामनानी एवं अन्य तीन पिता त्रिलोकचंद शामनानी बनियापारा वार्ड ग्राम श्यामतराई को नोटिस जारी किया गया जिसमें से आज दिनांक तक किसी पर भी कार्यवाही नहीं की गई। यही नहीं नोटिस दिये गये अनेक लोगों ने अवैध प्लाटिंग कर प्लॉट को विक्रय भी कर दिया है। यहां तक कि अनेक स्थानों में मकान भी बन रहे हैं। लेकिन जिले में भारी भरकम शासकीय अमला होने के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नहीं होने से अनेक सवालिया निशान उठ रहे हैं। पॉयनियर में समाचार प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और देमार में चल रहे अवैध प्लाटिंग पर तहसीलदार मधुकर सिरमौर पहुंचे और मुरूम से बने सड़क को उखाड़कर जप्ती की कार्यवाही की।

तहसीलदार सिरमौर ने बताया कि उक्त .25 हेक्टेयर भूमि आमापारा निवासी रतनलाल संचेती की है जिसका खसरा नंबर 690/2 में अवैध विकास पर आज बुलडोजर चलाकर मुरूम हटाकर जप्ती की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर के निर्देश पर आगे भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# सामान्य बिजली बिल आने से उपभोक्ताओं में खुशी

## अधिक बिजली बिल की समस्या हुई दूर





■ गांव-गांव जाकर विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कर रहें हैं शिकायतों का निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार विद्युत विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों में शिविर का आयोजन कर लोगों की बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही अधिकारी-कर्मचारी शिकायतकर्ता उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर उनकी शिकायतों का निवारण कर रहे है। इसी कड़ी में आज कुनकुरी, दुलदुला ब्लॉक के कई ग्रामों में अधिकारी पहुंचे और प्राप्त आवेदनों, शिकायतों के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही कई शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। इसमें ग्राम पंचायत सपघरा, ग्राम बंगुरूकेला, ग्राम नोनपानी और ग्राम रेमते समेत अन्य ग्राम पंचायत शामिल है। जहां से अधिक बिजली बिल आने की शिकायत व आवेदन प्राप्त हुए थे। अब इन शिकायतों और आवेदनों का विभाग द्वारा निराकरण किया जा चुका है। जिसके बाद अब इन उपभोक्ताओं को सामान्य बिजली बिल आ रहा है। जिससे अब सभी उपभोक्ता खुश है और लगातार सभी प्रकार की शिकायतों, आवेदन पर विभाग द्वारा उचित कार्यवाही कर उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया जा रहा है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार कुनकुरी के ग्राम खरवाटोली उपभोक्ता लोकनाथ साय जिन्होंने कुछ दिवस पूर्व अधिक बिजली बिल आने को लेकर आवेदन दिया था। जिसके पश्चात प्राप्त आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मीटर सुधार का कार्य किया गाय। जिससे अब उन्हें सामान्य बिजली बिल आ रहा है अब उन्हें हर महीने 90-100 भुगतान करना पड़ रहा है। जो कि उनके लिए बहुत राहत की बात है। ऐसे ही अनेकों शिकायतों व आवेदनों का निवारण कर उपभोक्ताओं को राहत पहुँचाया जा रहा है। इसका सीधा फायदा सभी उपभोक्ताओं को मिला है।

# आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य योजना अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग में कन्या एवं जगदलपुर में बालक के प्रवेश के लिए 25 मई तक आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 202-23 में आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य योजना अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग में कन्या एवं जगदलपुर में बालक के प्रवेश हेतु आवेदन 25 मई 2024 तक आमंत्रित किया गया है। इन केन्द्रों में प्रवेश प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाएगी। सहायक आयुक्त ने प्रवेश के लिए निर्धारित पात्रता की जानकारी देते हुए बताया है कि अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विद्यार्थी जिन्होंने 12वीं बोर्ड की परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के साथ आगे की पढ़ाई के इच्छुक हो। ऐसे विद्यार्थी को विभाग के साथ अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा कि पढ़ाई पश्चात् अनुसूचित क्षेत्रा में शिक्षक के रूप में सेवाएं देने के लिए सहमत है। उपरोक्त कंडिका (1) एवं (2) की पूर्ति करने वाले विद्यार्थियों को जगदलपुर एवं दुर्ग में संचालित शिक्षण संस्था में अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों को शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेना है उन्हें 15 दिन के अंदर ही अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना है। स्नातक स्तर पर एक वर्ष की परीक्षा अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को पुनः शासकीय व्यय पर केवल एक साल के लिए प्रवेश की पात्रता होगी। ऐसी कक्षाओं में पुनः अनुत्तीर्ण होने पर उन्हें 01 वर्ष तक स्वयं की व्यय पर अध्ययन करना होगा।

# मोबाइल टॉवर की मांग को लेकर सैंकड़ों ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट, जिला से 8 किमी दूर सिटोंगा गांव उपेक्षित



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ज़िला मुख्यालय से महज 8 किमी की दूरी में स्थित सिटोंगा ग्राम पंचायतवासी मोबाइल टॉवर नेटवर्क नहीं होने से परेशान हैं। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण नेटवर्क की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए टॉवर की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### पढ़ाई भी प्रभावित

ग्रामीणों ने कहा, मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की वजह से बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। पढ़ाई के लिए ऑनलाइन भी सर्चिंग किया जाता है।

इसके अलावा बातचीत नहीं हो पाने की वजह से कई कार्य प्राभावित हो रहे हैं।

## जिला स्तरीय ग्रमीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजन हेतु बैठक 21 मई 2024 को

**जशपुरनगर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों का आयोजना जिला मुख्यालय में 21 दिवस का होने जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के सफल संचालन हेतु कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में विद्यालयों के प्राचार्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी, कोच, पी.टी.आई., व्यायाम शिक्षक, खेलसंघ के अध्यक्ष, खेलप्रेमी और अधीक्षक की 21 मई 2024 को सांय काल 4.00 बजे से कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

# अग्रवाल सभा शक्ति के नए अध्यक्ष चुने गए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com







अग्रवाल सभा शक्ति के नए सत्र के अध्यक्ष निर्वाचन के लिए एक बैठक 19 मई की देर शाम हटरी धर्मशाला शक्ति में संपन्न हुई, बैठक का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना तथा अग्रसेन वंदना के साथ हुआ तत्पश्चात बैठक का संचालन करते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के सचिव कन्हैया गोयल ने विस्तार पूर्वक बैठक के विषय पर प्रकाश डाला साथ ही आगंतुक अतिथियों का स्वागत भी किया, तत्पश्चात बैठक का स्वागत उद्बोधन देते हुए अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने कहा कि आप सभी ने मुझे अध्यक्ष के रूप में साल 2016 में चुना था, तथा मैंने यथासंभव पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने पद के निर्वहन करने का प्रयास किया तथा आज मेरा कार्यकाल पूर्ण हो रहा है एवं मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं, अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष मनीष कथूरिया ने भी अपना कोषाध्यक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि अग्रवाल सभा शक्ति ने समाज बंधुओ के सहयोग से सभी बड़े-बड़े कार्यक्रम भी सफ्लतापूर्वक संपन्न कराए हैं, एवं अग्रवाल सभा द्वारा स्वर्ग रथ वाहन सेवा भी सभी के सहयोग से संचालित की जा रही है, एवं मारवाड़ी मुक्तिधाम में भी अग्रवाल सभा के लोगों ने सहयोग कर इसके जीर्णोद्धार में श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के साथ मिलकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, वहीं अग्रवाल सभा शक्ति की बैठक के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्य गणेश राम अग्रवाल, रमेशचंद्र अग्रवाल (पशु आहार), पूर्व अध्यक्ष गोविंदराम कथूरिया,हरिओम अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अग्रवाल सभा शक्ति एक मजबूत संगठन है,किंतु हमें आने वाले वर्षों में समाज के संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है, तथा समाज के प्रत्येक परिवार के व्यक्ति इस संगठन से जुड़े एवं सक्रियता के साथ सभी बैठकों में एवं कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दर्ज करवाये,वहीं नए सत्र के अध्यक्ष के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने की परंपरा का निर्वहन करने का सुझाव समाज बंधुओ ने दिया, जिस पर अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने नए सत्र के अध्यक्ष निर्वाचन के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल का प्रस्ताव रखा, जिस पर बैठक में 15 मिनट का समय अन्य नाम के लिए भी सदन के बीच रखा गया, जिसमें अन्य कोई नाम नहीं आने पर श्यामसुंदर अग्रवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शक्ति को नए सत्र के लिए अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया, श्यामसुंदर अग्रवाल के अध्यक्ष चुने जाने पर जहां सदन में उपस्थित समाज बंधुओ ने उनका स्वागत किया,तो वहीं वरिष्ठ सदस्य गणेश राम अग्रवाल ने तिलक लगाकर एवं माला पहनकर उनका स्वागत किया, तत्पश्चात नए अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने भी अपने सभी वरिष्ठ जनों का चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया एवं युवाओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आप सभी ने जिस विश्वास के साथ मुझे अध्यक्ष चुना है, मैं शक्ति के अग्रवाल समाज को मजबूत बनाने तथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दृण संकल्पित होकर कार्य करूंगा एवं हमारा अग्रवाल समाज एक बड़ा समाज है एवं अग्रसेन जी के बताएं मार्गों पर चलकर हम सभी सेवा कार्यों को निरंतर गति देते रहेंगे,वहीं बैठक के दौरान आगंतुकों के सम्मान में स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई तथा सभी का आभार प्रदर्शन भी किया गया, बैठक में अग्रवाल सभा शक्ति के नए बनाए गए 328 सदस्यों की भी जानकारी दी गई तथा सदस्यता अभियान में सहयोग देने वाले सभी सहयोगी सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया गया एवं विशेष रूप से सदस्यता अभियान में कार्य करने वाले अजय अग्रवाल अज्जू,संजय रामचंद्र, गजेंद्र गज्जू डालमिया, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, रमेश चंद्र अग्रवाल पशु आहार, विकास अग्रवाल विक्कू दुल्हन, मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर,प्रकाश चंद्र अग्रवाल ट्राली, मनीष कथूरिया, सहित अन्य सदस्य शामिल थे एवं सदस्यता अभियान के कार्य को तकनीकी रूप से सफ्लतापूर्वक संपन्न कराने के लिए मुकेश अग्रवाल साइ कंप्यूटर का भी आभार व्यक्त किया गया।

## झोलाछाप डॉक्टर कन्हैया लाल निवासी खजरी थाना बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

# महिला का गर्भपात कराकर मृत्यु कारित करने वाले मुख्य आरोपी को झारखण्ड से किया गया गिफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



महिला का गर्भपात कराकर मृत्यु कारित करने वाले मुख्य आरोपी को झारखण्ड से किया गया गिफ्तार। पूर्व में गलत तरीके से इलाज कर गर्भपात करने वाले झोलाछाप डॉक्टर कन्हैया लाल निवासी खजरी थाना बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका है न्यायिक रिमांड पर, मृतिका की मृत्यु सिम्स अस्पताल बिलासपुर में दिनांक 06.04.2024 को हो जाने से थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर द्वारा मर्ग जांच पंचनामा कर मर्ग सदर की डायरी थाना पामगढ़ को प्राप्त होने पर जांच कार्यवाही में लिया गया। जांच दौरान मृतिका के परिजन, प्रत्यक्ष दर्शी गवाह का कथन, घटना स्थल का निरीक्षण साक्ष्य संकलन पर पाया गया कि मृतिका गर्भवती होने पर मृतिका के ब्वॉयफ्रेंड दिलीप कश्यप एवं उसके अन्य साथी द्वारा दिनांक 06/04/2024 को मृतिका के सहमति के बिना गर्भपात कराने के लिए ससहा के झोलाछाप डाक्टर कन्हैया लाल साहू के क्लीनिक में ले जाकर मृतिका के जान को जोखिम में डालकर गलत तरीके से गर्भपात कराये जिससे मृतिका को अत्यधिक ब्लडिंग होने लगा जिसे उपचार हेतु सिम्स अस्पताल लेकर गये जहा डॉक्टर द्वारा चेक करने पर मौत हो जाना बताये। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की पतासाजी विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में की जा रही थी आरोपी द्वारा घटना घटित कर फरार हो गये थे पूर्व में दिनांक 05/05/24 को गर्भपात करने वाले झोलाछाप डॉक्टर कन्हैया लाल साकिन खजरी थाना बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है । मामले का मुख्य आरोपी दिलीप कश्यप घटना कारित कर फरार थे। जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी। आरोपी दिलीप कश्यप झारखण्ड के धनबाद में चोरी छिपे रह रहा है की सूचना पर टीम गठित कर रवाना होकर झारखण्ड धनबाद गया सायबर सेल से तकनीकी सहायता लेकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे हिरासत में लेकर थाना पामगढ़ लाया पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्विकार किया जो समक्ष गवाहों के मेमोरण्डम कथन लिया गया है आरोपी दिलीप कश्यप का कृत्य अपराध सदर धारा का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत दिनांक 19/05/2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज गया है । मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही है, विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरी. मनोहर लाल सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़, सउनि रामदुलार साहू , आर. रोहित साहू, आर.भुनेश्वर साहू एवं थाना पामगढ़ स्टाफ एवं साईबर सेल विवेक सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# उल्लास समर कैंप 24, 25 मई से प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com3

छत्तीसगढिया क्लाउड अ सोसीओ कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जशपुर के द्वारा गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मकता को बढावा देने के उद्देश्य से चित्रकला, रंगमंच, शास्त्रीय गायन, कथक नृत्य, कंटेंपरेरी नृत्य, विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों, किशोर और युवाओं को रंगमंच के विभिन्न आयाम जैसे अभिनय, ध्वनि एवं संभाषण, थिएटर गेम्स के प्रशिक्षण के साथ एक नाटक तैयार किया जाएगा जिसका प्रदर्शन कैंप के समापन समारोह पर होगा। चित्रकला विषय पर कलाकार पूजा उपाध्याय पांडेय प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। कथक नृत्य का प्रशिक्षण दीक्षा अग्रवाल के द्वारा दिया जाएगा दीक्षा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित है अभी कथक केंद्र दिल्ली से डिप्लोमा कर रही हैं। शास्त्रीय गायन विषय पर नागेंद्र प्रसाद प्रशिक्षण देंगे नागेन्द्र भी खैरागढ़ विश्वविद्यालय से प्रशिक्षित हैं।

उल्लास समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर कैंप में भाग लिए छात्रों की प्रस्तुतियां होंगी जिसमें नाटक, नृत्य गायन का प्रदर्शन होगा तथा चित्रकला की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सभी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह कैंप 15 दिनों का होगा जो 25 मई से 10 जून तक चलेगा। मई और जून महीने के बीच में। महिलाओं के लिए अलग से कंटेंपरेरी नृत्य का प्रशिक्षण पूजा उपाध्याय द्वारा दिया जाएगा।

# तीन घायल यात्रियों में से एक यात्री को उपचार उपरांत घर भेजा गया दो यात्रियों का नारायण हॉस्पिटल में चल रहा इलाज

## शालीमार एक्सप्रेस में सीएसपीडीसीएल के ड्रिलिंग मशीन के ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच की खिड़कियों के कांच टूटने की घटना

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में उरकुरा स्टेशन से गाड़ी संख्या 18030 शालीमार एलटीटी एक्सप्रेस गुजर रही थी। घटना स्थल पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के कांट्रेक्टर द्वारा रेलवे को संज्ञान में लाये बिना ड्रिलिंग मशीन से रेलवे लाइन के नीचे ड्रिलिंग किया जा रहा था उसी समय ड्रीलर का हेड लगने से ट्रेन के एसी कोच बी-4,बी-5,बी-6 के खिड़कियों के कांच टूटने की घटना घटित हुई। जिसमें ट्रेन में चलने वाले ओबीएचएस (सफाई कर्मी) स्टाफ नारायण चंद बाग उम्र 30 साल को एवं एक अन्य यात्री देवारी लाल धीवर उम्र 30 साल हाथ में चोट आई । एक रेल यात्री उम्र 12 साल जो अपने परिवार के साथ खड़गपुर से एलटीटी की यात्रा कर रहे थे उन्हें आंख के पास चोट आई इन्हें उपचार के उपरांत परिवार सहित विशाखापट्टनम-एलटीटी एक्सप्रेस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए रेलवे द्वारा टिकट की व्यवस्था कर भेजा गया। रायपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के 5 मिनट के अंदर डॉक्टर एवं एंबुलेंस की टीम पहुंच गई एवं यात्रियों को प्राथमिक उपचार दिया गया और घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत बेहतर है। घटना की जानकारी लगते ही रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक आर के साहू, रायपुर स्टेशन पर पहुंचे। 10.20 बजे शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस के रायपुर पहुचते ही स्टेशन पर कार्यरत सभी कर्मचारी वाणिज्य निरीक्षक, प्रचार निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल के जवान तत्परता के साथ यात्रियों की देखभाल में लग गए। घायल यात्रियों को नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया एवं अन्य सभी यात्रियों की सरंक्षा की पुष्टि के उपरांत 11:40 बजे रायपुर स्टेशन से ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। चोटिल यात्रियों से मिलने नारायणा हॉस्पिटल में मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा चोटिल यात्रियों से बात की गई उनके परिजनों से बात कर संतुष्टि जाहिर की। रेलवे द्वारा चोटिल यात्रियों के लिए बेहतरीन चिकित्सा एवं खानपान की व्यवस्था व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चोटिल यात्रियों को उचित एवं त्वरित इलाज सुनिश्चित करने तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अनुग्रह राशि दिए जाने को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। तत्पश्चात सरंक्षा एवं अन्य मंडलीय अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया साथ ही मुख्यालय से अधिकारियों की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों को घटनास्थल पर बुलाकर जानकारी ली गई उनके द्वारा यह माना गया की घटना स्थल पर निर्धारित मानकों को अनदेखा कर ठेकेदार द्वारा कार्य संपन्न किया जा रहा था। घटना की विस्तृत जानकारी पूरी जांच होने के बाद दी जाएगी। घटना के विषय में रेल का खंबा गिरने की खबर भ्रामक है घटना का कारण भूमिगत ड्रिलिंग सॉफ्ट का जमीन से ऊपर आकर रेल कोच से टकराना पाया गया है जिससे यात्रीगण चोटिल हुए हैं। चोटिल यात्रियों में देवारी लाल धीवर ही पाए गए उनके पिता खमन लाल दीवार को सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद द्वारा अनुग्रह राशि पचास हजार (50000) रुपए सौंपी गई। मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने इस घटना की जांच कराने का आदेश सम्बंधित अधिकारीयों को दिये, भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो यात्रियों की सुरक्षा एवं सरंक्षा सर्वोपरि प्राथमिकता है। इस हेतु सभी की निदेशित किया। साथ ही मुख्यालय ने सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के अधिकारीयों द्वारा एसएजी लेवल की जांच के आदेश दिए हैं।

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर शहर एवं उसके आस पास से आए लगभग 600 लोगों ने इस आयोजन में अपना स्वास्थ परीक्षण करवाया। इस शिविर में प्रमुख रूप से बीपी शुगर करवाने वाले मरीज ज्यादा थे। मरीज को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से आए डॉक्टरों की टीम में अस्थि रोग विशेषज्ञ में डॉ. रमीज पठान, मेडिसिन विशेषज्ञ में डॉ. प्रियंका खत्री, महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ में डॉ. शालिनी देवांगन, चर्म एवं कॉस्मेटिक विशेषज्ञ में डॉ. कशीफा रफत, बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दराक्षण जबीन सभी डॉक्टरों के द्वारा दिए गए अपने बहुमूल्य समय के लिए पूरे श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डॉक्टरों को एवं समस्त श्री बालाजी टीम को और श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. देवेंद्र नायक को पूरे ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने धन्यवाद दिया और उनकी इस सराहनीय पहल की सराहना की।

# कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपाली सड़क दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्ण हृदय विदारक, मृतको को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि : डॉ महंत

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहां की कबीरधाम जिले के ग्राम बाहपाली में वन श्रमिकों के पिकअप वैन की सड़क दुर्घटना का समाचार बेहद हृदय विदारक है। मैं ईश्वर से इस आसमायिक दुर्घटना मे मृतक 15 श्रमिकों की आत्मा की शांति प्रार्थना करता हुँ एवं दुर्घटना मे घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं, शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं मृतकों परिवारों के साथ हैं।

# नक्सल मामले में भाजपा सरकार दिग्भ्रमित : शुक्ला

■ नक्सल नीति बना नहीं पाये और पुनर्वास नीति लाने की बात कर रहे

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नक्सल मामले में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दिग्भ्रमित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का बयान आया है कि उनकी सरकार नक्सलियों के लिये नई पुनर्वास नीति लाने जा रही है। सरकार को यह समझ ही नहीं आ रहा है कि उसे करना क्या है? अभी तक सरकार ने 5 महिने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी विश्वास, विकास, सुरक्षा की, नीति को भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक वर्तमान सरकार ने नक्सलवाद को लेकर अपनी कोई नीति घोषित नहीं किया है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित किया जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे तब पुनर्वास नीति बनेगी यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। ये अनिर्णय वाली स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा नक्सल मामले में मुख्यमंत्री का बयान कुछ आता है। गृहमंत्री कहते है नक्सलियों के घर में घुसकर मारेंगे। फिर गृहमंत्री का बयान आता है कि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात करेंगे। गृहमंत्री समर्पित नक्सलियों से समर्पण किये हुये नक्सलियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से बात करते है।

# ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. रईसी और विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन के सम्मान में 21 मई को एक दिवस का राजकीय शोक घोषित

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति डॉ. सैय्यद इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के सम्मान में 21 मई को एक दिवस का राजकीय शोक घोषित किया गया है। राजकीय शोक की अवधि में राज्य स्थित समस्त शासकीय भवनों एवं जहां पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाते हैं, वहां पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे तथा शासकीय स्तर पर कोई मनोरंजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे।

# पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा शोक व्यक्त किया



**रायपुर।** पंडरिया सड़क हादसे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पंडरिया में तेंदुपत्ता तोड़कर वापस आ रहे 18 मजदूरों की सड़क हादसे में दुःखद मौत की खबर विचलित करने वाली है। सभी मृतकों को कांग्रेस पार्टी विनम्र श्रद्धांजली अर्पित करती है। इस हादसे में 10 मजदूर घायल भी हुए है, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। सरकार से मांग है कि घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाय। मृतकों के परिजनों को बिना देर किये सरकार द्वारा मुआवजा दिया जाय।

# गांधी परिवार का चरण वंदन करने वालों का कांग्रेस द्वारा किया जा रहा सर्वे : केदार कश्यप

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेत्री कुमारी शैलजा के नोटिस सहित अन्य मुद्दों को लेकर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अरुण सिसोदिया ने भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नोटिस दिया था, उसका क्या हुआ? कांग्रेसी नेता अपने बुरे कर्मो की वजह चुनाव हार रहे हैं। इस हताशा से कांग्रेस पार्टी उबर नहीं पा रही हैं। केदार ने कहा कि जनता के साथ कांग्रेस ने गलत किया है तो जनता सजा जरूर देगी। कांग्रेस पार्टी में चल रहे सर्वे को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब खत्म होने की स्थिति में है। इनके पास नेताओं की भारी कमी है। उससे ज्यादा कमी गांधी परिवार के चरण चाटुकारों की है। इसलिए गांधी परिवार का चरण वंदना करने वाले नेताओं का सर्वे कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है। कश्यप ने लोकसभा चुनावों के परिणाम को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल प्रचंड मतों से जीत दर्ज करेंगे। रायपुर लोकसभ सीट देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने का रिकॉर्ड बनाने वालों की सूची में शामिल होगी।

# बालको ने कंट्रोल टावर से सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को दिया बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ◂ बालकोनगर
www.dailypioneer.com





वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने फ्लाई ऐश प्रबंधन नेटवर्क में बदलाव लाने के उद्देश्य से डिजिटल समाधान ऐश कंट्रोल टॉवर की शुरूआत की है। रियल टाईम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित निगरानी वाली यह उच्च-स्तरीय तकनीक सस्टेनेबल ऐश मैनेजमेंट को मजबूती प्रदान कर प्रचालन के आसपास सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का एक उप-उत्पाद है जिसका उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कंपनी के सर्कुलर इकोनॉमी एजेंडे का एक हिस्सा है। कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप विभिन्न उद्योगों के साथ साझेदारी करके फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल यूटिलाइजेशन को सुनिश्चित किया जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी और ऊर्जा एवं जल संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141त्न राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ऐश कंट्रोल टॉवर (एसीटी) राख प्रबंधन दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और राख के परिवहन को सुव्यवस्थित करने के लिए रियल टाईम की निगरानी प्रदान करता है। यह तकनीक सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने वाले वाहनों को अबाधित आवाजाही के लिए एक मजबूत नेटवर्क की सुविधा प्रदान करती है। कैमरों के साथ पूरक जियोफेंसिंग प्रणाली एंड-टू-एंड संचार को सक्षम बनाती है जो रियल टाईम एआई-आधारित वीडियो टेलीमैटिक्स को शक्ति प्रदान करती है। वीडियो टेलीमैटिक्स ड्राइवर के व्यवहार में दृश्यता प्रदान करने के लिए सेंसर का उपयोग करता है और इसे ड्राइवर सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में उपयोग किया जाता है। 24×7 निगरानी प्रणाली एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से सुसज्जित है, जो वाहन के चारों ओर ब्लाइंड स्पॉट का पता लगाकर और अलर्ट जारी कर सुरक्षा में सुधार करती है। यह तकनीक वाहनों की गति और स्थिति पर मैन्युअल जांच की आवश्यकता को कम करता है। इसके अलावा एसीटी द्वारा प्रस्तुत व्यापक विश्लेषणात्मक अवलोकन संभावित जोखिम क्षेत्रों का विश्लेषण करने में मदद करता है, जिससे गश्त करने वाल दल की तैयारी क्षमताओं को बढ़ावा देते हुए निर्णय लेने में मदद प्रदान करती है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी ने प्रचालन उत्कृष्टता और सस्टेनेबल एल्यूमिनियम उत्पादन के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से तकनीक और डिजिटल समाधान अपनाए हैं। विभिन्न प्रचालन क्षेत्रों में हमारे डिजिटल पहल ने सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाते हुए कार्यों में एफिसिएंसी लाने में महत्वपूर्ण रहे हैं। डिजिटलाइजेशन की मदद से सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देकर कंपनी शून्य क्षति के अपने संकल्प के प्रति कटिबद्ध है। सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में कंपनी ने अपने प्रचालन क्षेत्र में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया है। जैसे- फिनिश्ड गुड्स कंट्रोल टॉवर जिसमें 24ङ्ग7 लाइव मॉनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल है जो रियल टाइम जीपीएस ट्रैकिंग और स्पीड मॉनिटरिंग प्रदान कर पूरे 24 घंटे बिना रूकावट संचालन सुनिश्चित किया। परिसर के अंदर वाहन संचालन में एआई-संचालित एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम (डीएमएस) का एकीकरण ने सड़क सुरक्षा को मजबूत किया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403